सुप्रभात
रांची, गुरुवार
26.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 104



दुर्गाबाड़ी में सिंदूर खेला के साथ मां की विदाई

## न्यूज डायरी

### 22 जनवरी को मोदी करेंगे राम मंदिर का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने पीएम से भेंट कर उन्हें मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। पीएम ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए लिखा– जय सियाराम!

### 31 को राज्यपाल पद की शपथ लेंगे रघुवर दास

**रांची।** पूर्व सीएम और भाजपा नेता रघुवर दास 31 को ओडिशा के 26वें राज्यपाल पद की शपथ लेंगे। भुवनेश्वर स्थित राजभवन में मुख्य न्यायाधीश श्री दास को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इससे पहले श्री दास दिल्ली जा कर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलेंगे।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# नम आंखों से दी मां को विदाई

## उमड़ा हुजूम, माता से अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शारदीय नवरात्र में पूरे नौ दिनों तक माता दुर्गा की भक्ति में लीन रहे श्रद्धालुओं ने माता को नम आंखों से विदाई दी। मां की विदाई को लेकर पूरे शहर में बड़ी तैयारी की गयी थी। बड़े-बड़े ट्रकों में मां दुर्गा और अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं को विराजमान कर उन्हें गाजे बाजे के साथ नदी, डैम और तालाबों तक पहुंचाया गया। जहां मां की अंतिम प्रार्थना कर उन्हें विसर्जित कर दिया गया। माता की विदाई में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी भक्त माता के अगले बरस आने की कामना करते हुए माता को विदाई देते दिखे।



### अहंकार रूपी रावण को खत्म करना जरूरी : सीएम

**विजयादशमी** के मौके पर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान के और अरगोड़ा मुंडा पूजा मैदान रावण दहन किया। सीएम ने राज्यवासियों को दशहरा की शुभकामना दीं और बुराई का प्रतीक रावण का दहन कर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। उन्होंने कहा, बहरहाल बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक इस रावण का दहन तो हो गया है मगर आवश्यकता इस बात की है कि हमारे अंदर छिपे अहंकार रूपी रावण को खत्म करे, जिससे सभ्य समाज की कल्पना साकार हो सके। मोरहाबादी मैदान में पंजाबी हिंदू विरादरी की ओर से 70 फीट के रावण का पुतला बनाया गया था, जिसे सीएम ने रिमोट के जरिये दहन किया। इससे पहले जमकर आतिशबाजी हुई। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में पहले लंका दहन तथा कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले फूंके गये।

### राजधानी में निकली विसर्जन शोभायात्रा

रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति ने सामूहिक विसर्जन शोभायात्रा निकाली। समिति के मुख्य संयोजक सह अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय, उप संयोजक चंचल चटर्जी समेत अन्य के नेतृत्व में दोपहर 3 बजे मां दुर्गा की मूर्ति की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी। तमाम प्रतिमाओं का विसर्जन देर शाम तक जारी रहा। दुर्गाबाड़ी समेत कई पंडालों की प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को हो गया था। बुधवार को बिहार क्लब कचहरी रोड से विसर्जन शोभा यात्रा निकली।

शहर की तमाम मूर्तियों को साथ लेकर महावीर चौक यूथ क्लब से विष्णु देव लीलू, ज्योति संगम, गाड़ी खाना से शक्ति स्रोत संघ कामाख्या सिंह के नेतृत्व में सभी मूर्तियों को लेकर फिरायालाल चौक पर बरियातू रोड से आने वाले मूर्ति एवं महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति थड़पखना रवींद्र वर्मा के नेतृत्व में हजारीबाग रोड से आने वाले मूर्तियों का मिलन हुआ। फिर बड़ा तालाब एवं चडरी तालाब तथा अन्य तालाबों में विसर्जन हुआ।

### दुर्गा बाड़ी मंदिर में सिंदूर खेला, महिलाओं में उत्साह

रांची के दुर्गा बाड़ी मंदिर में सिंदूर खेला में महिलाओं ने भाग लिया और एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां दुर्गा से सदा सुहानिग रहने का आशीर्वाद लिया। विजयादशमी के दिन बांग्ला रीति रिवाज के साथ सिंदूर खेला का आयोजन किया गया।

राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने एक दूसरे के गालों पर सिंदूर लगाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। बांग्ला रीति रिवाज के साथ ही दुर्गा बाड़ी मंदिर में हर वर्ष सिंदूर खेला के साथ मां को विदाई दी जाती है। मां का विदा करना काफी भावुक कर देता है।

## महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की सभी तैयारियां पूरी

# राज्य में खेलों को और मजबूती मिलेगी : सीएम

### रांची में कल से शुरू होगा हॉकी महाकुंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### 27 से हर दिन तीन मैच, प्रवेश नि:शुल्क



हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के शेड्यूल के मुताबिक प्रतियोगिता में 27 अक्टूबर से लेकर दो नवंबर तक विभिन्न देशों की टीम के बीच मैच होगा। रांची में सभी मैच एक ही पूल में खेले जायेंगे। दर्शकों का प्रवेश निशुल्क रहेगा। पहला मैच शाम चार बजे, दूसरा मैच शाम 6.15 बजे और तीसरा मैच शाम 8.30 बजे खेला जायेगा। इस तरह से हर दिन तीन मैच होंगे। पांच नवंबर को फाइनल मैच खेला जायेगा। इससे पहले चार नवंबर को विभिन्न पूल के बीच मैच होंगे। इच्छुक दर्शक मोराबादी मैदान एवं फुटबॉल स्टेडियम के एलइडी स्क्रीन पर मैच का लाइव प्रसारण देख सकेंगे।

**रांची।** झारखंड की मेजबानी में पहली बार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक आयोजन हो रहा है। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समारोह के आयोजन की खुद निगरानी कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने कहा कि झारखंड को मेजबानी मिलना गौरव की बात है। ऐसे में प्रतियोगिता को सफल बनाने में पूरे राज्य के लोगों की अहम भूमिका है। आयोजन से झारखंड में खेल को और मजबूत होने का मौका मिलेगा। झारखंड के इतिहास में इस तरह का आयोजन पहली बार होने जा रहा है। इसे लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। झारखंड की धरती पर नामी-गिरामी खिलाड़ी पहुंचे हुए हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि जहां दूसरे खेलों को देखने के लिए हजारों लोग टिकट खरीदते हैं, वहीं इस चैंपियनशिप में प्रवेश बिल्कुल फ्री है। चैंपियनशिप में भाग लेने भारत, चीन, थाईलैंड जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भी रांची पहुंच चुकी है। सभी टीमों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। टूर्नामेंट के औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित होंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### सीएम की मां इलाज को दिल्ली रवाना

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन की तबीयत खराब होने के बाद बुधवार को सीएम की पत्नी उन्हें लेकर दिल्ली रवाना हो गयीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उन्हें एयरपोर्ट छोड़ने गये थे। कुछ दिन पूर्व भी दिल्ली और हैदराबाद में उनका इलाज कराया गया था। सीएम भी जल्द दिल्ली जायेंगे।

### मैक्सवेल ने 40 गेंद में ठोका शतक

**नयी दिल्ली।** नीदरलैंड्स के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में ग्लेन मैक्सवेल ने महज 40 गेंदों पर शतक पूरा किया। यह वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे तेज शतक है। मैक्सवेल ने एडम मार्करम का रिकॉर्ड (49 गेंदों पर सेंचुरी) तोड़ डाला है। मैक्सवेल की तूफान की बदौलत आस्ट्रेलिया ने 399 रन बनाये। फिर नीदरलैंड्स को सिर्फ 90 रन पर समेट 309 रनों से रिकार्ड जीत दर्ज की।

# कैबिनेट ने दी खाद सब्सिडी को मंजूरी

## दिवाली से पहले सरकार का किसानों को तोहफा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिवाली से पहले केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों को तोहफा देने का एलान किया है। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों के लिए फायदेमंद फैसले को मंजूरी दे दी गयी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए खाद सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सरकार की तरह से न्यूट्रिएंट बेस्ड फर्टिलाइजर सब्सिडी को मंजूरी दी गयी है। इस बार के रबी सीजन के लिए यह मंजूरी दी गयी है।

### सरकार पर बढ़ेगा 22,000 करोड़ का खर्च

इससे सरकार के ऊपर 22000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आयेगा। मंत्रिमंडल ने फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों पर रबी मौसम, 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक) के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है। आगामी रबी सीजन 2023-24 में एनबीएस पर 22,303 करोड़ रुपये के खर्च की उम्मीद है।

(शेष पेज 11 पर)



# रांची की महिला की बोकारो में मौत

**रांची/बोकारो।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़-बोकारो मुख्यमार्ग में पोड़ादाग के समीप सड़क दुघर्टना में एक महिला की मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह लगभग 9 बजे की बताई जा रही है। मृतका पूनम सोनी (27) रांची के कोकर में अपने पति रविन्द्र कुमार स्वर्णकार व बच्चों के साथ रहती थी। दुर्गा पूजा में पूरा परिवार घर गया था, रांची वापस लौटने के क्रम में यह हादसा हुआ।

## तापमान में दर्ज की जायेगी 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट, बढ़ेगी ठंड

**रांची।** राज्य में आनेवाले कुछ दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना है। इस दौरान चार डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। इस संबंध में मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जानकारी दी गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 26 अक्टूबर के बाद न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जायेगी। वहीं, अधिकांश जिलों में सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाया रहेगा। जबकि दिन के समय आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। कुछ जिलों में बादल छाये रहने की संभावना है। हालांकि इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। बादल मुख्य रूप से राज्य के मध्य और पश्चिमी हिस्से में छाये रह सकते हैं। जिसमें रांची, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, सिमडेगा समेत अन्य जिलों में इसका असर रहेगा।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan,Kutchery Chowk,Ranchi-834001,Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/JTWSS/2023/567 Date: 25th October, 2023
Tender ID: - 2023_JUADB_75739_1 PR No.: - 306695

**Corrigendum- 2**

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 2 is released for tender having details as mentioned above for the project of " **Construction and five years of Operation and Maintenance of Water Supply System in Jhumri Telaiya (Intake works, Rising main, 35.50 MLD Water treatment plant, Clear water main, Elevated service reservoirs, Distribution network and House service connections)**".

The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 02 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 309864 Urban Development and Housing(23-24)#D



**Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag**

**Notice**

Draft Copy of Tax on Deficit in Parking spaces of Non-Residential Properties Regulation 2023 is hereby made available for public inspection/ consultation for 30 days from the date of publication u/s 593 of Jharkhand Municipal Act 2011. Draft copy of regulation shall be available on notice section of Hazaribag Municipal Corporation website Hazaribag Municipal Corporation(hzbnagarnigam.in) and same shall be kept in Hazaribagh Municipal Corporation office for public inspection and any person shall be permitted at office hours to pursue such draft free of charge.

Any comments, suggestion, queries or objection can be raised over the draft through provided email:- **municipality_08@rediffmail.com**, speed post/courier/ by hand addressed to the Municipal Commissioner, Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag.

Administrator
Hazaribag Municipal Corporation

PR 309829 Urban Development and Housing(23-24).D



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
(जिला निर्वाचन शाखा)
—: आम सूचना :—

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत् दिनांक 27.10.2023 को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है। उक्त तिथि को प्रारूप मतदाता सूची के साथ सभी बी0एल0ओ0 अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहेंगे।

उक्त कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार एवं बी0एल0ओ0 के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से विभाग द्वारा दिनांक 27.10.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे के मध्य विभिन्न Social Media Platform पर विशेष हैश टैग अभियान #ProudOfMyBLO संचालित कराने का निदेश है।

उक्त अवधि के दौरान सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, आम जनों के द्वारा अपने–अपने मतदान केन्द्र पर जाकर वहाँ उपस्थित बी0एल0ओ0 के साथ Selfie/Photo लेकर अपने सभी Social Media Handles पर #ProudOfMyBLO के साथ Post करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के

**Social Media Handles**
**Facebook-www.facebook.com/ceo.jharkhand,**
**Instagram-https://instagram.com/jharkhandceo,**
**Youtube-https://youtube.com/@ChiefElectoralOfficerJharkhand,**
**Twitter-https://x.com/ceojharkhand**

को उसमें Mention / Tag किया जाना है।

यह अभियान हजारीबाग जिला के निवासियों को मतदान सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में अवगत कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आयाम सिद्ध होगा।

हजारीबाग जिला के सभी निवासियों, सभी पदाधिकारियों, सभी कर्मियों, समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों से अपील है कि दिनांक 27.10.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे के मध्य अपने–अपने मतदान केन्द्र पर जाकर वहाँ उपस्थित बी0एल0ओ0 के साथ Selfie/Photo लेकर अपने सभी Social Media Handles पर #ProudOfMyBLO के साथ Post करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के उपरोक्त Social Media Handles/Social Media Platform पर Mention/Tag करना सुनिश्चित किया जाय।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 309866 Election(23-24)D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा**
**(जिला निर्वाचन)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 4091 दिनांक 05.10.2023 एवं भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2023-ERS (Vol.-III) दिनांक 25.09.2023 द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव, 2024 को ध्यान में रखते हुए Special Summary Revision of Photo Electoral Rolls को सफल बनाने एवं शुद्ध एवं पूर्ण मतदाता सूची को तैयार करने के उद्देश्य से संशोधित तिथिवार कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है।

1. दावा एवं आपति की तिथि दिनांक 27.10.2023 से दिनांक 09.12.2023 तक है। जिसमें वैसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु प्रपत्र 6 में भर सकते हैं।
2. सभी मतदान केन्द्रों पर दिनांक 28.10.2023, 29.10.2023, 04.11.2023 एवं 05.11.2023 को विशेष कैम्प आयोजित किया जायेगा जिसमें उपस्थित होकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं।
2. वैसे मतदाता जिनका मृत / स्थानान्तरण / दो स्थान में नाम दर्ज वाले मतदाताओं प्रपत्र 7 में भर कर विलोपन किया जा सकता है।
3. वैसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में त्रुटि (नाम, संबंधी का नाम, जन्म तिथि, पता, लिंग, फोटो, मो0नं0, आधार नं0 एवं अन्य) का निराकरण हेतु प्रपत्र 8 में भरकर सुधार किया जा सकता है।
4. वैसे मतदाता जिनके पास अभी तक Black & White पहचान पत्र है को रंगीन कराना आवश्यक है। जिसके लिए प्रपत्र 8 में Replacement EPIC में भर कर रंगीन मतदाता पहचान पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त सभी प्रपत्रों को संबंधित बी0एल0ओ0 / Voter Help Line App /VSP के माध्यम से भी ऑनलाईन आवेदन कर करते हैं।

5. सभी नागरिक निर्वाचन के गतिविधियों को निम्न लिंक में पर देख सकते हैं।

**Social Media Handles**
Facebook - www.facebook.com/ceo.jharkhand
Instagram- https://insstagra.com/jharkhandceo
Youtube - http://youtube.com/@ChiefElectoralOfficerJharkhand
Twitter - http://x.com/ceojharkhand
Facebook- www.facebook.com/deo.lohardaga

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 309854 Lohardaga(23-24).D



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(विकास शाखा)**

**विज्ञापन संख्या :– 02/2023**

District Mineral Foundation Trust अन्तर्गत उपायुक्त कार्यालय, कोडरमा (DMFT Cell) में Computer Operator पद पर नियुक्ति हेतु पूर्णतः अस्थायी / संविदा पर इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | पद का नाम | संख्या | उम्र | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | 18-35 (अधिकतम उम्र सीमा की गणना हेतु संदर्भ तिथि 01.08.2023) | अनिवार्य योग्यता:– (क) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान (Board) से न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण। (ख) सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम एक वर्ष का कम्प्यूटर कोर्स। (ग) कम्प्यूटर का ज्ञान, Hindi & English Typing, Ms office, PFMS, MIS entry आदि की जानकारी। (घ) इन्टरनेट कार्य संबंधित जानकारी। अतिरिक्त योग्यता:– (क) संबंधित कार्य क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव। |

**आवेदन की प्रक्रिया :–**
1. आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर सभी प्रमाण–पत्रों की स्वाभिप्रमाणित प्रति के साथ निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 03.11.2023 तक जिला विकास शाखा, कोडरमा **समाहरणालय परिसर पिन– 825410**" के पते पर स्वीकार किया जायेगा।
2. अन्य किसी माध्यम से अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नियम व शर्तें :–**
1. आवेदन हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
2. श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत अधिसूचना के आधार पर कुशल श्रेणी हेतु निर्धारित दर के अनुसार मानदेय भुगतान किया जायेगा।
3. अभ्यर्थी का चयन कम्प्यूटर टेस्ट के आधार पर संधारित मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा।
4. सेवा असंतोषजनक पाये जाने पर किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकती है।
5. अभ्यर्थी की नियुक्ति के उपरान्त उनके स्थायी नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
6. उक्त विज्ञापन को स्थगित / रदद् करने एवं शर्तों में परिवर्तन / संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नोट :– उक्त संबंधी विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं नियुक्ति से संबंधित सूचना समय–समय पर जिला के Website: koderma.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह0 / –
उपायुक्त,–सह– अध्यक्ष,
DMFT, कोडरमा

PR 309804 (Koderma)23-24*D


# सीएम की पहल पर मिली हॉकी की मेजबानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 27 अक्टूबर से राजधानी रांची दूधिया रोशनी में पूरी तरह सरोबोर हो जायेगी। यह रोशनी चार नवंबर तक रहेगा और पूरा झारखंड हॉकी की रोमांच से भर उठेगा। मोरहाबादी स्थित बेहतरीन एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड को हॉकी इंडिया के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल से मिली। मुख्यमंत्री की पहल का नतीजा है कि झारखंड को दो अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने का मौका मिला है। भोलानाथ सिंह के मुताबिक, मुख्यमंत्री भुवनेश्वर में आयोजित विश्व कप मैच देखने गये थें। उसी दौरान मुख्यमंत्री ने इच्छा जताई कि जब ओडिशा हॉकी को लेकर इतना बड़ा आयोजन कर सकता है तो हमारे पास भी बहुत अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर है तो क्यों न हमारे राज्य में ऐसी प्रतियोगिता हो।

मुख्यमंत्री की सहमति के बाद हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन में सहमति जतायी। मेजबानी का मौका मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने औपचारिक रूप से घोषणा की कि एशियन हॉकी चैंपियनशिप रांची में होगा। पूरा झारखंड मंत्रालय इस आयोजन की तैयारी में जुट गया है। सभी के संयुक्त प्रयास से रांची के मोरहाबादी स्थित हॉकी स्टेडियम भव्य आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है।



### भारत जीत सकता है कप

भोलानाथ सिंह के मुताबिक, इस बार भारतीय टीम के पास भी काफी अच्छा मौका है। झारखंड की चार बेटियां भारतीय टीम में खेल रही हैं। स्थानीय होने के कारण उन्हें भीड़ का पूरा समर्थन मिलेगा। एशिया कप में भले ही भारतीय टीम चीन से हार गई थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। भोलानाथ ने कहा एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप की तैयारी पूरी हो चुकी है और 27 अक्टूबर से 4 नवंबर के बीच राजधानी रांची में बेहतरीन हॉकी देखने को मिलेगी।

# जांची जायेगी एनएचएआइ की ओर से बनाये गये हाइवे की गुणवत्ता

## हाइवे की स्थिति खराब होने पर नपेंगे दोषी इंजीनियर और ठेकेदार

एनएचएआइ अध्यक्ष ने लिखा पत्र, टोल प्लाजा की सुविधाओं का होगा निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेशनल हाइवे अथॉरिटी (एनएचएआइ) की ओर से बनाये गये हाइवे की गुणवत्ता की जांच की जायेगी। इसे लेकर एनएचएआइ के चेयरमेन संतोष यादव ने सड़कों की राइडिंग क्वालिटी सहित अन्य सुविधाओं की निरीक्षण कर जांच का निर्देश झारखंड सहित सभी राज्यों के रिजनल पदाधिकारियों को दिया है। चेयरमेन ने यह स्पष्ट किया है कि सड़कों व हाइवे का निरीक्षण तकनीकी पदाधिकारी ही करें। इसमें किसी भी संवेदक या सहायक अभियंता व कंसलटेंट की सहभागिता न हो। निरीक्षण निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से कराना होगा। रिजनल ऑफिसर इसे देखेंगे ओर 15 नवंबर तक पूरी रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। निरीक्षण कार्य रिजनल पदाधिकारी के निर्देश पर या तो कोई प्रोजेक्ट डायरेक्टर,मैनेजर जो तकनीकी पदाधिकारी हो वे करेंगे। इसमें यह देखा जायेगा कि हाइवे की सड़कों की स्थिति क्या है? टॉल प्लाजा में सुविधाएं हैं की नही ? कर्मियों का कैसा व्यवहार है? एनएचएआइ चेयरमैन ने कई बिंदुओं पर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। साथ ही अक्टूबर माह में सुधार कार्य की रिपोर्ट भी देने को कहा है। पूर्ण योजनाओं सहित चालू योजनाओं की भी जानकारी देने को कहा है। सड़कों-हाईवे की स्थिति खराब होने पर दोषी इंजीनियर, ठेकेदार पर कार्रवाई भी हो सकती है।

**झारखंड में 1320 किलोमीटर रोड पर काम:** झारखंड में एनएच की लंबाई 3290 किलोमीटर है। इसमें एनएचएआई की ओर से 1320 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। राज्य में नौ परियोजनाओं पर काम पूरा हो गया है। इसमें करीब 415 किलोमीटर रोड बन गया है। वहीं दो रोड प्रोजेक्ट लगभग पूरा हो गया है। इसके अलावा 10 रोड प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है, जिसके अंतर्गत 369 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है।

### इन बिंदुओं पर होगी जांच



सरफेस कंडीशन का विजुअल इंस्पेक्शन जिसमें पोट हॉल्स, क्रैक्स, सरफेस रफनेस और कंटिग फ्री। रोड सेफ्टी फीचर्स का निरीक्षण करना। इसमें सड़कों पर रौशनी, साइनेज और मार्किंग इत्यादि देखा जायेगा। टॉल प्लाजा में साफ-सफाई की स्थिति का निरीक्षण, टॉयलेट, पब्लिक एरिया में सफाई इत्यादि की जानकारी रखना। वाटर लॉगिंग, ड्रेनेज सिस्टम, एलाइनमेंट के पास जलजमाव की स्थिति का निरीक्षण, इंसीडेंट मैनेजमेंट वाहनों का निरीक्षण और कंडीशन की जानकारी रखना, एंबुलेंस इत्यादि की जानकारी। टॉल प्लाज कर्मियों के व्यवहार इत्यादि का निरीक्षण। आरओडब्लू व ब्रिज की स्थिति का निरीक्षण और साफ-सफाई का ध्यान रखना है। इसके अलावा किसी भी तरह कोई डिफेक्ट का निरीक्षण भी करना है।

# योगेंद्र ने 38 कंपनियों से जुटाये 58 करोड़

## इडी की पूछताछ में आरोपी ने उगले कई राज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** इडी की पूछताछ में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने शराब के खेल में शामिल सिंडिकेट की परी पोल खोल कर रख दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शराब का कारोबार हासिल करने के लिए योगेन्द्र तिवारी और उनके सिंडिकेट ने 19 कंपनियों के खातों में 58 करोड़ रुपये जमा किये थे। जिन 19 कंपनियों के खातों में पैसा जमा किया गया था, उनके खाते ज्यादातर तीन बैंकों, पंजाब नेशनल बैंक, जामताड़ा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, महिजाम और पंजाब नेशनल बैंक, दुमका में थे।

इडी को मिले तथ्यों के मुताबिक ज्यादातर रकम जून 2021 में कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने वाली कंपनियों के खातों में ट्रांसफर की गई। योगेन्द्र को सबसे ज्यादा 10.50 करोड़ रुपये कोलकाता के डालमिया ग्रुप ने 15 जून और 24 जून 2021 को भेजे। 23 अगस्त को इडी ने डालमिया ग्रुप के मनीष कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। जिन लोगों से पैसे जमा कराए गए थे, उनमें 22 कंपनियां और 16 व्यक्ति शामिल हैं। कई कंपनियां राज्य के कुछ विधायकों और बड़े राजनेताओं से सीधे तौर पर जुड़ी हुई हैं। ये पैसे उन कंपनियों को लाइसेंस हासिल करने के लिए ट्रांसफर किए गए थे, जिन्हें शराब का थोक कारोबार हासिल हुआ था।

**योगेंद्र और प्रेम प्रकाश बड़े खिलाड़ी**

झारखंड में शराब के थोक कारोबार के लिए 11 जून 2021 को विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन जारी होने के बाद ही योगेंद्र तिवारी और प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में सिंडिकेट ने सभी जिलों के लिए अलग-अलग नामों से भी आवेदन डाले। आवेदन राशि 25 लाख रुपये थी, ऐसे में सिर्फ 9 अन्य लोगों ने आवेदन डाले, जिन कंपनियों को थोक कारोबार का ठेका मिला, उसमें से अधिकांश के सभी के बैंक खाते जामताड़ा और दुमका में थे। धनबाद और रांची के पते पर रजिस्टर्ड कंपनियों के खाते भी इन्हीं बैंकों में थे, इससे ही मनी लाउंड्रिंग का संदेह बढ़ा। इडी ने जांच में पाया है कि ठेका हासिल करने के लिए पूरा पैसा अलग-अलग वैध और अवैध स्त्रोत से कंपनियों के खाते में डाले गए।

# डीसी ने रिटायरमेंट के 8 साल बाद भेजी रिपोर्ट, बच गया अधिकारी

**रांची।** रिटायरमेंट के 8 साल बाद आरोप पत्र भेजे जाने के कारण झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी खिलाफ लगे आरोपों से उन्हें मुक्त कर दिया गया। झाप्रसे के सेवानिवृत्त अधिकारी विजय कुमार सिंह के खिलाफ पलामू के लेस्लीगंज में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर रहते हुए मनरेगा योजना में पिपरा खुर्द पंचायत ग्राम किरतो में राजेंद्र दुबे के घर से हंस धारा सिवान तक ग्रेड वन पथ निर्माण योजना में 2,49,073 रुपये की फर्जी निकासी का आरोप था। इससे संबंधित रिपोर्ट पलामू डीसी द्वारा 17 मई 2019 को भेजी गयी। जबकि आरोपों के लिए राज्य सरकार ने 25 नवंबर 2019 को ही विजय कुमार सिंह से स्पष्टीकरण की मांग की थी। इसके अनुपालन में उन्होंने स्पष्टीकरण का जबाव दिया और बताया कि वह 28 फरवरी 2011 को ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। ऐसे में पेंशन नियमावली 1950 की धारा 43 के अनुसार उनके विरुद्ध आरोप पत्र का गठन नहीं किया जा सकता है। राज्य सरकार ने स्पष्टीकरण और उन पर लगे आरोपों की समीक्षा की और पाया कि आरोप पत्र उनकी सेवा से रिटायर होने के 8 वर्ष बाद प्राप्त हुआ है। इसलिए उनके खिलाफ आरोप पत्र गठित नहीं किया जा सकता। ऐसे में इसे काल बाधित मानते हुए मामले पर संचिकाअस्त करने का निर्णय लिया है।

# हजारीबाग में वकीलों के बीच जमकर हुई मारपीट के बाद बार काउंसिल ने मांगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग बार एसोसिएशन के चुनाव के बाद वकीलों में जमकर मारपीट हुई है। दरअसल हजारीबाग जिले में काउंसिल के निर्देश के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए वकीलों ने मतदान किया। मतदान के बाद वोटों की गिनती के दौरान जैसे ही बार काउंसिल के सदस्य और अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिवक्ता राजकुमार उर्फ राजू को 12 मतो से विजयी घोषित किया गया, वैसे ही कई अधिवक्ता उत्तेजित हो गये और आपस में मारपीट शुरू कर दी।

### मारपीट में शामिल वकीलों पर कार्रवाई की मांग

मनोज कुमार ने स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष से इस मामले में संज्ञान लेकर पूरी घटना की जांच करने और मारपीट में शामिल वकीलों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि चुनाव के दौरान जिला बार एसोसिएशन के वकीलों का आचरण बिगड़ता जा रहा है। इससे वकालत के पेशे को नुकसान हो रहा है।

**राजेंद्र कृष्णा ने मारपीट की घटना में शामिल वकीलों के नाम मांगे**

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने बताया कि हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर में मतगणना के दौरान वकीलों के बीच मारपीट की घटना की जानकारी उन्हें मिली है। जिसके बाद उन्होंने इलेक्शन ऑब्जर्वर से पूरी घटना की विस्तृत रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज के वीडियो मांगे है। काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने मारपीट की घटना में शामिल वकीलों के नाम भी मांगे हैं। ऑब्जर्वर की रिपोर्ट आने के बाद मारपीट करने वाले वकीलों के खिलाफ काउंसिल कड़ी कार्रवाई कर सकता है।

# राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की नयी गाइडलाइन जारी

अब ट्रस्ट के रजिस्ट्रेशन में नहीं उपयोग कर सकेंगे सरकारी या अर्ध सरकारी को इंगित करनेवाले शब्द

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए विभाग की ओर से नयी गाइडलाइन जारी की गयी है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जारी निर्देश के मुताबिक किसी भी ट्रस्ट में उन नामों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा, जिससे यह प्रतीत हो कि वह संस्था सरकारी या अर्ध सरकारी है। इसके साथ ही जिस ट्रस्ट में ब्यूरो, कमीशन, मिनिस्ट्री, सेंटर, अखिल भारत और नेशनल जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा, उन्हें ट्रस्ट के रजिस्ट्रेशन से पहले केंद्र सरकार से क्लियरेंस लेना होगा। वहीं विभाग ने एम्ब्लेमस एन्ड नेम्स प्रिवेंशन ऑफ इम्प्रॉपर यूज (प्रतीक एवं नाम का अनुचित इस्तेमाल की रोकथाम) के लिए बने एक्ट का पालन करने का निर्देश भी निबंधकों को दिया है, ताकि राष्ट्रीय प्रतीक और देश के महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल कर ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन न हो।

### लोगों में किसी तरह की भ्रम की स्थिति न रहे

विभाग की ओर से बताया गया है कि प्रायः ऐसा देखा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय ध्वज, मिनिस्ट्री, नेशनल और आल इंडिया जैसे नाम का इस्तेमाल कर कई संस्था बनाई गई और उसका रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया। ट्रस्ट या किसी अन्य संस्थान के निबंधन में लोग ऐसे नाम का इस्तेमाल करते हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि वह संस्था केंद्र या राज्य सरकार की संस्था है। इससे लोगों के बीच भ्रम की स्थिति रहती है। यही कारण है कि लोगों से भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए ही यह गाइडलाइन जारी किया गया है। राज्य सरकार की इस गाइडलाइन की कॉपी राज्य के सभी जिला निबंधकों और अवर जिला निबंधकों (डीसी) को दे दी गई है।

# सोशल मीडिया पर कल चलेगा 1 घंटे का विशेष अभियान प्राउड ऑफ माय बीएलओ

**सीइओ के रवि कुमार की नागरिकों से अपील :** मतदान केंद्रों पर जाकर अपने बीएलओ के साथ सेल्फी/ फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर बीएलओ का करें उत्साहवर्धन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार की पहल और निर्देश पर फेसबुक, ट्विटर आदि पर 1 घंटे का विशेष हैश टैग अभियान 27 अक्टूबर की सुबह 11 से 12 बजे के बीच चलाया जाना निर्धारित है। मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है की थीम पर उक्त एक घंटे का अनूठा कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया जा रहा है। सीईओ श्री कुमार ने कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए आगामी 27 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान प्राउड ऑफ माय बीएलओ चलाया जाना है।

# चैंबर ने एयरपोर्ट प्रबंधन को पत्र लिखा

## कहा, त्यौहार सीजन के दौरान विमान सेवाओं का किराया न बढ़े

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** त्यौहार सीजन के दौरान यात्री किराया में वृद्धि हो जाती है। पिछले कुछ दिनों से विमान किराया में हुई वृद्धि को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रबंधन से मांग की है कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए विमान के किराये को उचित मूल्य में रखा जाये ताकि यात्रियों को अत्यधिक किराया न चुकाना पड़े। पिछले कुछ दिनों में एयर इंडिया समेत अन्य एयरलाइंस कंपनियों ने किराये में वृद्धि की है। जिसका असर अब तक बरकरार है। ऐसे में लोगों को परेशानी हो सकती है। बता दें कि चैंबर की ओर से पत्राचार कर एयरपोर्ट प्रबंधन से इन मांगों पर कार्रवाई करने को कहा गया है। वहीं, रांची से दिल्ली के लिए अहले सुबह एक सीधी फ्लाईट सेवा शुरू करने की मांग भी की गयी है। जिसमें कहा गया कि ऐसा करने से राज्य के कारोबारियों और सरकारी कर्मचारियों को एक दिन में ही दिल्ली से आने जाने का लाभ मिल सके। फ्लाईट दिल्ली से देर रात लौट कर रांची भी आ जाये।

### इंटरनेशनल विमान सेवा शुरू की जाये

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से इंटरनेशनल विमान सेवा शुरू करने की बात रखी गयी। जहां बताया गया कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से इंटरनेशनल विमान सेवा के परिचालन का दुबई, सिंगापुर और बैंकॉक तक किया जाये।

**एयर इंडिया बढ़ायेगी सर्विसेस**

एयर इंडिया के अधिकारियों के साथ भी चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की। जिसमें एयर इंडिया के अधिकारियों ने अपनी भावी योजनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस बहुत जल्द अपनी सर्विसेस को बढ़ाने जा रही है। जल्द ही एयर एशिया की री ब्रांडिंग करके पूरी तरह एयर इंडिया एक्सप्रेस हो जायेगा। स्टेकहोल्डर्स की सुविधा को देखते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कई नए सेक्टर्स के लिए विमान सेवा की मांग की। जिनमें मुख्यतः रांची से हैदराबाद, रांची से जयपुर, रांची से सिलीगुड़ी और गुवाहाटी, रांची से वाराणसी और अमृतसर, रांची से सूरत, रांची से रायपुर और रांची से इंदौर शामिल है।

स्पीड न्यूज

## सुनील आनंद ने बेटे संग किया एसडीपी दान



जमशेदपुर। आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने 9 वीं बार डेंगू पीड़ित के लिए एवं उनके सुपुत्र जयेश ने तीसरे बार कैंसर पीड़ित के लिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स डोनेट किया। सुनील आनंद का 26 वां रक्तदान एवं एसडीपीदान, सुपुत्र जयेश कुमार का 14वां रक्तदान एवं एसडीपी दान था। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के प्रयास से सिंगल डोनर प्लेटलेट्स जरूरत की खबर व्हाट्सएप के माध्यम से आनंद मार्ग संस्था से जुड़े रक्त वीरों के बीच एसडीपी देने की अपील की गई थी। एसडीपी देने के पहले एसडीपी दाता को अपना पूरा चेकअप करवाना पड़ता है एवं कम से कम डेढ़ लाख से ज्यादा प्लेटलेट्स काउंट होना चाहिए तभी कोई भी व्यक्ति प्लेटलेट्स दे पाएगा। पिता-पुत्र सब पास होकर दो डेंगू पीड़ित मरीज की जान बचाने के लिए आगे आए । जमशेदपुर ब्लड बैंक के जनरल मैनेजर संजय चौधरी , ब्लड बैंक की डॉक्टर रीता, अनूप जी एवं शनि भक्त मंडली के देबू घोष ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## रैश ड्राइविंग और पियक्कड़ बाइक चालकों पर पुलिस रही सख्त

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम की जमशेदपुर यातायात पुलिस द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान यातायात का उल्लंघन करने वाले दर्जनों चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जमशेदपुर पुलिस के विशेष अभियान के दौरान रस ड्राइविंग करने वाले कुल 40 चालकों को पकड़ा गया और उनसे जुर्माने के रूप में 51000 रुपये की वसूली की गई। इसी तरह मोडिफाइड साइलेंसर वाले साथ मोटरसाइकिल चालकों को पकड़ा गया जिसमें से 18 मोटरसाइकिल चालकों के विरुद्ध माननीय न्यायालय को अभियोजन प्रस्ताव भेजा गया है जबकि उनसे कुल 97500 जमाने की वसूली की गई है । प्रेशर हॉर्न वाले एक बाइक को पकड़ा गया और बाइक चालक से 2000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। शराब पीकर ड्राइव करने वाले पांच मोटरसाइकिल चालकों को पकड़ा गया जिसमें से चार मोटरसाइकिल चालकों के विरुद्ध न्यायालय को अभियोजन प्रस्ताव भेजा गया है और ऐसे चालकों से कुल 12000 रुपये जुर्माने की वसूली की गई है । साथ ही साथ यातायात थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल 37 मोटरसाइकिलों को जप्त किया गया है। यह जानकारी ट्रैफिक डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने पत्रकारों को दी है।

## विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमिटी ने हर्षोल्लास के साथ दी मां को विदाई



**जमशेदपुर।** बारीडीह स्थित विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमिटि ने दशमी के दिन धूमधाम से गाजे बाजे से साथ मां की विदाई की। विजया गार्डेन सोसाईटी के महिलाओं ने सिंदूर खेला द्वारा पूरे माहौल को चार चांद लगा दिया। मां के प्रतिमा का विर्सजन हूरलुंग नदी घाट पर किया गया, जिसमें सोसाईटी के सुब्रतो सरकार, विजय प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, परशुराम सिंह, राजेश सिंह, नवीन वर्मा, रौशन रैना, विमला सिंह, प्रियंका वर्मा, रिंकू सिंह, रितू सिन्हा सहित सैकड़ों महिलायें, बच्चें व पुरूषों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस तरह हर्षोउल्लास के साथ विजयादशमी का समापन हुआ।

# असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है दशहरा : काले

बागुनहातु रावण दहन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बागुनहातु फुटबॉल मैदान में श्री श्री सार्वजनिक रावण दहन समिति द्वारा भव्य रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुगण सह परिवार इस महा उत्सव में भाग लेने शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रत्येक वर्षों की भांति मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल होकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर काले ने कहा विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है तथा हमें ईमानदारी, सहिष्णुता, सेवा और करुणा आदि शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मेरी कामना है कि यह त्यौहार आप सभी के जीवन में सुख, शांति और सौभाग्य लेकर आए तथा सबके जीवन में साहस, संयम और एक नई ऊर्जा का संचार करें। मेरा आग्रह है कि इस त्यौहार को हम आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाएं ताकि हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा समृद्ध हो सके। इससे पूर्व मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के दौरान शिव मंदिर बमार्माइंस, दूर्गा पूजा कमेटी, श्री कृष्ण मंदिर रिफ्यूजी कालोनी, दुर्गा पूजा कमेटी, इवनिंग क्लब टिनप्लेट दूर्गा पूजा कमेटी, टेल्को कालोनी आउटर रोड उत्कल समाज, दूर्गा पूजा कमेटी, टेल्को कालोनी सी व डी रोड़ ग्रांउड के पूर्वांचल पूजा कमिटी, टेल्को, ट्रक पार्क के श्री श्री सार्वजनिक दूर्गा पूजा कमेटी, काली पूजा कमेटी हिल टॉप स्कूल एरिया, टेल्को सहित अन्य कमेटियों द्वारा आयोजित विसर्जन जुलूस में भ्रमण कर सभी कमेटियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।



बागुनहातु में रावण को तीर मारते समाजसेवी अमर प्रीत काले।

## गोविंदपुर में धू-धू कर जला 51 फीट ऊंचा रावण





खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर के छोटा गोविंदपुर स्थित वीर कुंवर सिंह मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थी। इस अवसर पर करीब दो घंटे तक भव्य आतिशबाजी हुई। इसके बाद धू-धू कर रावण जला। रावण दहन कार्यक्रम में मीरा मुंडा, सम्मानित अतिथि अमरप्रीत सिंह काले, जेवियर स्कूल के चेयरमैन सुनील सिंह, टिमकेन यूनियन के महामंत्री विजय यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनीता साह, डॉ रौशन झा, ललन साह समेत अन्य उपस्थित थे। रावण का पुतला पश्चिम बंगाल से आए कारीगरों ने तैयार किया था और आतिशबाजी ओडिशा से आए कारीगरों ने किया। 51 फीट के रावण दहन में आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। रावण दहन में टेल्को, राहरगोड़ा, बारीगोड़ा, गदरा, बड़ा गोविंदपुर आदि विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10 हजार लोग जुटे थे। कार्यक्रम में संयोजक राधेश्याम सिंह अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, सह अध्यक्ष कमलेश सिंह, कामेश्वर पांडे एवं सतीश एंड टीम शामिल रहे। स्वागत संबोधन चंद्रशेखर सिंह एवं संचालन रमन झा ने किया।



रावण दहन में मीरा का अभिनंदन करते आयोजक। साथ में काले।

# बोधनवाला घाट पर विसर्जन करवा कर लौट रहा मिनी ट्रक लुढ़का, दो की मौत, तीन गंभीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में बेहद शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे विसर्जन जुलूस में उस वक्त दाग लग गया जब देर शाम बोधनवाला घाट,बिष्टुपुर में नीचे से ऊपर चढ़ रहे मिनी ट्रक का ब्रेक फेल हो गया और वह नीचे लुढ़कने के क्रम में आधे दर्जन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इसमे से दो लोगों की मौत हो गई।

मरने वालों की पहचान बागबेड़ा निवासी वीरेंद्र शर्मा और ढाकी बजाने वाला अभिमन्यु गोराई के रुप में हुई है जो मिदनापुर निवासी था जबकि बाजा बजाने वाले तीन युवक हुगरा मुखी, गोपाल गोराई और विजय गोराई का टाटा मेन हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। बिष्टुपुर पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है और घटना के असली कारणों की जांच कर रही है। दुर्घटना के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता और सांसद विद्युतवरण महतो टाटा मुख्य अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया व अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि घायलों के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। पूर्वी सिंहभूम के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने बताया है कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान बेली बोधन वाला घाट में एक वाहन के अनियंत्रित (स्किड) होने के कारण 5 लोगों के घायल होने की सूचना है। अस्पताल पहुंचने के उपरांत 1 घायल को चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। उपायुक्त के निर्देशानुसार घायलों को बेहतर चिकित्सीय उपचार हेतु टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायल कीताडीह पूजा समिति के हैं।

इसके बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं एसएसपी किशोर कौशल ने टीएमएच पहुंचकर घायल लोगों का कुशलक्षेम जाना तथा बेहतर से बेहतर चिकित्सीय उपचार उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सकों को निर्देश दिया।



इसी मिनी ट्रक से हुई दुर्घटना।

### टीएमएच में घायलों का निःशुल्क इलाज होगा : बन्ना गुप्ता



टीएमएच में घायलों का हालचाल लेते मंत्री बन्ना गुप्ता।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने टीएमएच पहुंच कर मृतकों के परिजनों परिजनों और घायलों से घटना की जानकारी ली, इस दौरान उनके साथ मौके पर सिविल सर्जन जमशेदपुर डॉ जुझार मांझी और टीएमएच के जनरल मैनेजर डॉ सुधीर राय समेत अस्पताल प्रबंधन के वरीय अधिकारी मौजूद रहें। बन्ना गुप्ता ने घायल से मिलने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक दुखद और पीड़ा दायक घटना हैं, जानकारी मिलते ही टीएमएच आया हूं जहां पता चला कि 6 लोग घायल हुए थे, जिसमें 2 की मौत हो गई है बाकि के बेहतर इलाज के लिए सिविल सर्जन और टीएमएच प्रबंधन को निर्देश दिया हूं कि घायलों का बेहतर इलाज हो और इलाज पूर्णतः निःशुल्क हो।

### परिजनों को 50-50 हजार मुआवजा देंगे सांसद



जमशेदपुर। सांसद विद्युत वरण महतो ने दुर्गा पूजा के विसर्जन के अवसर पर आज बिष्टुपुर के बेली बोधन वाला घाट पर अनियंत्रित ट्रक के द्वारा घटित दुर्घटना में घायलों से जाकर टीएमएच में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने जिला के सिविल सर्जन डॉक्टर जूझार मांझी एवं टीएमएच के महाप्रबंधक डॉक्टर सुधीर राय को घायलों के समुचित इलाज हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि इनके इलाज में किसी प्रकार की कोताही नहीं होना चाहिए। घायलों से मिलने के पश्चात टीएमएच के इमरजेंसी सेवा के बाहर सांसद ने दोनो मृतक के परिजनों को अपनी ओर से 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त सांसद महतो ने कहा कि वह जिला प्रशासन से बात कर घायलों और मृतकों को समुचित मुआवजा दिलाने हेतु बात करेंगे। इस घटना पर अफसोस जाहिर करते हुए सांसद महतो ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। भविष्य में इसकी पुनरावृति नहीं हो इसके लिए वे जिला प्रशासन के पदाधिकारियों से बात करेंगे। इसलिए अतिरिक्त समाजसेवी विकास सिंह ने भी मृतक के परिजनों को अपनी ओर से 25-25 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की एवं उन्होंने यह राशि स्थानीय पूजा समिति के सदस्यों को सुपुर्द किया।

### मृतक के परिजनों को 10-10 लाख और घायलों को 5-5 लाख मिले मुआवजा : दुलाल

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा कमेटी ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बिष्टुपुर के बोधनवाला घाट पर हुई दुर्घटना के मृतकों वीरेंद्र शर्मा और अभिमन्यु गोराई के साथ ही घायलों के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की है। घटना के वक्त सेंट्रल कमेटी की टीम ग्रामीण एरिया में पूजा की व्यवस्था देखने गई थी। सूचना मिलते ही वापसी में टीम के लोग टीएमएच पहुंचे और मृतक और घायलों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान निमाई मंडल, हरि मुखी, मनोज मंडल सहित अन्य मौजूद थे। दुलाल भुइयां ने सरकार से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख और घायलों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। इसके अलावा जिस वाहन से दुर्घटना हुई, उसके इंश्योरेंस का लाभ दिलाने को लेकर भी प्रयास करने की बात कही। भुइयां ने कहा कि सेंट्रल पूजा कमेटी कॉरपोरेट घरानों से भी सीएसआर के तहत मुआवजा दिलाने की मांग करेंगे। उन्होंने सभी पूजा कमेटियों से भी सहयोग राशि देने की गुजारिश की। कहा कि अगर सभी कमेटियां अगर 1000-1000 रुपए का भी सहयोग करेंगी, तो एक मुश्त राशि से पीड़ित परिवार को काफी मदद मिल जाएगी। उन्होंने प्रशासन से भी सहयोग देने की मांग की है।





दोमुहानी घाट पर मां को अंतिम विदाई देते भक्तगण।



मां की विदाई के वक्त अपने आंसू नहीं रोक पायी यह वृद्धा।

## विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमिटी ने किया डांडिया का आयोजन



जमशेदपुर। विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमिटि ने नवमी के दिन धनूची डांस एवं डांडिया का आयोजन किया। महिलाओं के अलावा बच्चों व पुरुषों ने भी ग्रुप बनाकर डांडिया किया और सोसाईटी के लोगों का मन मंत्रमुग्ध हो गया।

खबर | एक नजर में

## भूमिहार ब्राह्मण विवाह बंधन डिजीटल पत्रिका 2023-24 का वर्चुअल विमोचन



जमशेदपुर। विजयादशमी के शुभ अवसर पर गत 24 अक्तूबर 2023 को सुबह 10 बजे दशहरा के दिन भूमिहार ब्राह्मण विवाह बंधन डिजिटल पत्रिका के चौथे संस्करण का विमोचन भूमिहार ब्राह्मण विवाह बंधन, बातें अपनी टेलीग्राम समूह पर वर्चुअल बैठक के माध्यम से किया गया। इस वैवाहिक पत्रिका का पीडीएफ सभी देशवासियों के लिए ऑनलाइन उपलब्ध है। पत्रिका में सभी गांव, शहर, जिला, राज्य, देश तथा विदेशों से गूगल फॉर्म भरकर भेजने वाले सरकारी अथवा गैर सरकारी व्यवसाय सभी तरह के वर वधू की जानकारी उपलब्ध है। पत्रिका के संपादक जमशेदपुर के समाजसेवी सुधीर कुमार सिंह है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण मंदिर हुलासगंज जहानाबाद के स्वामी रंग रामानुजाचार्य जी महाराज के प्रधान कृपा पात्र डॉ रंगेश शर्मा (आचार्य) उपस्थित थे। उन्होंने सर्वप्रथम भगवान परशुराम और स्वामी सहजानंद सरस्वती को याद करते हुए नमन किया। तत्पश्चात उज्जवल सम्राट (हैदराबाद) के द्वारा डिजाइन किया गया वैवाहिक पत्रिका का मुख्य अतिथि के द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर सभी लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। अतिथियों का अभिवादन गुजरात से डॉक्टर रघुनंदन प्रताप शाही तथा कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जमशेदपुर से वरिष्ठ एडवोकेट डॉक्टर शिव बहादुर सिंह ने किया। अतिथियों ने टेलीग्राम समूह के माध्यम से चलाए जा रहे वैवाहिक पत्रिका,सामूहिक विवाह के प्रयास ,सामूहिक उपनयन संस्कार तथा पूर्व से चली आ रही कुरीतियों के निवारण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर देश भर से भूमिहार ब्राह्मण परिवार के भाई -बहन उपस्थित हुए। उपस्थित अतिथियों में दीपक कुमार बेंगलुरु ,कुमार गौरव कश्यप बख्तियारपुर, अशोक कुमार सिंह बेगूसराय, किरण राय न्यू दिल्ली, संजय कुमार मुंबई, प्रवीण कुमार पुणे, धीरज जी कोलकाता, राकेश कुमार राय बोकारो, विजय शर्मा रांची, कृष्णनंदन सिंह जमशेदपुर, अशोक कुमार मिश्रा विद्यापति नगर, नवीन प्रकाश गया, रमेश शर्मा सोनारी, अभिजीत सनी लक्ष्मी नगर, सुधांशु कुमार पटना, नवीन प्रकाश गया, सुधीर कुमार राय गोरखपुर, विनय कुमार ठाकुर खारंगाझार, अभिषेक कुमार, केशव आदि कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## रघुवर से मिले इंद्रजीत, तख्त आने का आमंत्रण



ओडिशा के मनोनीत राज्यपाल रघुवर दास के साथ इंद्रजीत सिंह।

**जमशेदपुर।** उड़ीसा के मनोनीत राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से बुधवार को गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह ने शिष्टाचार भेंट की एवं राज्यपाल मनोनीत होने पर उन्हें तख्त एवं सिख जगत की ओर से बधाई दी। उन्होंने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और पटना आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने रघुवर दास को गुरु नानक देव जी से जुड़े कटक, भुवनेश्वर एवं पूरी के ऐतिहासिक स्थल की जानकारी देते हुए उनके धार्मिक केंद्र के तौर पर विकास उन्नयन के लिए प्रभावी भूमिका निभाने का आग्रह किया। सरदार इंद्रजीत सिंह के अनुसार सिख संसद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं उड़ीसा सिख प्रतिनिधि बोर्ड को राज्य सरकार से मिले आश्वासन की जानकारी दी तथा भुवनेश्वर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदधारियों से फोन पर वार्ता भी करायी। रघुवर दास ने आश्वस्त किया कि सिख प्रतिनिधि मंडल उनसे मिले, कानून एवं संविधान के दायरे में हर संभव सहयोग करेंगे। उनके साथ टीनप्लेट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरजीत सिंह खुशीपुर एवं बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान और अधिवक्ता कुलविंदर सिंह भी थे।

## लग्जरी टाउनशिप द सफायर का शुभारंभ 29 को सिने सुपरस्टार अक्षरा सिंह करेंगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर/आदित्यपुर।** सरायकेला जिले के आदित्यपुर में अब महानगर मुंबई बेंगलुरु के तर्ज पर लग्जरी टाउनशिप की शुरूआत की जा रही है समय होम्स के माइलस्टोन प्रोजेक्ट द सफायर लग्जरी टाउनशिप मैं यह तमाम सुविधाएं उपलब्ध होगी प्रोजेक्ट की प्री लॉन्चिंग 29 अक्टूबर को आयोजित होगा। आदित्यपुर सातवाहनी में समय होम्स द्वारा प्रस्तावित द सफायर लग्जरी टाउनशिप फ्री लॉन्चिंग कार्यक्रम में भोजपुरी सन सुपरस्टार अक्षरा सिंह सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगी। एक संवाददाता सम्मेलन में कंपनी के डायरेक्टर राजेश सिंह और भारती सिंह द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि 15 तल्ला वाला प्रस्तावित टाउनशिप सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा प्रोजेक्ट की शुरूआत की जा चुकी है जिसे वर्ष 2026 में पूरा कर लिया जाएगा। राजेश सिंह ने बताया कि बीते 30 वर्षों से उनकी कंपनी जमशेदपुर और आसपास क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन में अलग पहचान बन चुकी है। इन्होंने इन 30 वर्षों में 25000 से भी अधिक घरों का निर्माण किया है। पहली बार जमशेदपुर शहर में इनके प्रोजेक्ट में फ्लैट्स में कलम नहीं दिखेंगे जो आधुनिक तकनीक पर आधारित होगा टाउनशिप निर्माण से जुड़े सभी भीम मसलन फायर एनओसी नगर निगम से नक्शा पासिंग अरेरा प्रोजेक्ट क्लीयरिंग, पॉल्यूशन बोर्ड से निक आदि प्राप्त है यहां कुल 815 यूनिट बनेंगे।

## परम पूज्य गुरुदेव ब्रह्मानंद शास्त्री का धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव



जमशेदपुर। परम पूज्य गुरुदेव ब्रह्मानंद शास्त्री जी के शुभ जन्मोत्सव आज बड़े धूमधाम से ब्रह्मलोकधाम कदमा में मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ ब्रह्ममुहुर्त में सामुहिक आरती के साथ हुआ। इसमें शहर और बाहर से आए उनके 500-600 शिष्यों ने किया। आज ब्रह्मलोकधाम में सुबह से रात तक प्रसाद का वितरण किया गया। आज विशेष रूप से 100 नर नारायण के बीच कंबल तथा भोग वितरण हुआ। संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें शुभाशीष भादुड़ी एवं उनकी टीम ने योगा तथा नंतय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन ब्रह्मानंद शिक्षायतन के रंगारंग ल्लिी के साथ सम्पन्न हुआ। इसके अलावा ब्रह्मानंद सेवा सदन एवं पूर्णिमा नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार, 25 अक्टूबर को अभिनंदन होटल के सामने माताजी आश्रम में एक मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मैनेजिंग ट्रस्टी ब्रह्मानंद सेवा सदन मनोबिंदु भट्टाचार्य जी ने दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर में करीब 245 मरीजों की निशुल्क जांच की गई। जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं नेत्र जांच की गई। शिविर में सीनियर फिजिशियन डॉ एम एल अली, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मुकेश कुमार, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ वरुण चंद्रा, यूरोलॉजिस्ट डॉ अजय अग्रवाल, डॉ सुजीत कुमार एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम कुमारी ने मरीजों की जांच की। शिविर में सभी मरीजों को निशुल्क दवा दिया गया। शिविर में चयनित 100 नेत्र रोगियों की निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन पूर्णिमा नेत्रालय में किया जाएगा एवं चयनित 10 हृदय रोगियों की निशुल्क एंजियोग्राफी एवं 1 मरीज की एंजियोप्लास्टी की जाएगी।

## श्री हरि चैरिटेबुल ट्रस्ट ने ओल्ड एज होम की महिलाओं में बांटी साड़ी



बुर्जुगों के साथ डॉ अभय कृष्णा, डॉ प्रीति सिंघानिया व अन्य।

जमशेदपुर। श्री हरि चौरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने फ्यूरिडा ओल्ड एज होम डिमना की महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। फ्यूरिडा एक ट्रस्ट है जो हार्ट के मरीजों का इलाज काफी कम पैसा लेकर करता है। इसके साथ ही कई प्रकार का सामाजिक कार्य करता है। मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ अभय कृष्ण, सचिव राजेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार श्रीवास्तव, डॉ प्रीति सिंघानिया, जी एल सिंघानिया, विभा श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वह्न करते हुए हमेशा निःशुल्क मेडिकल चेक-अप कैंप के अलावा अन्य सामाजिक कार्य भी करती है, जिससे समाज के नीचले वर्ग को भी मेडिकल सहायता उपलब्ध हो सके।

# रघुवर दास ने सपरिवार पूरे विधि-विधान से किया शक्तिस्वरूपा 121 कन्याओं का पूजन

कन्याओं के पांव पखार कर की देवी शक्ति की आराधना

खबर मन्त्र ब्यूरो



शक्ति स्वरुपा कन्या पूजन कर अपने हाथों से प्रसाद ग्रहण करवाते रघुवर दास।

**जमशेदपुर।** शारदीय नवरात्रि के पावन दिन महानवमी के अवसर पर सोमवार को ओडिशा राज्य के नवमनोनीत राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर के भालूबासा स्थित शीतला माता मंदिर में सपरिवार कन्या पूजन किया। उन्होंने धर्मपत्नी रुक्मणि देवी एवं सुपुत्र ललित दास, पुत्रवधू पूर्णिमा ललित दास, दामाद व परिवार के अन्य सदस्यों के संग मंदिर प्रांगण में हवन करने के उपरांत मां दुर्गा की आरती कर शक्तिस्वरूपा कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं के पांव पखारे, श्रृंगार कर चुनरी ओढाई, घंटी बजाकर एवं आरती उतारकर पूरे विधि-विधान से पूजन किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान भैरव बाबा की भी पूजा की गई। वहीं, उन्होंने 121 छोटी कन्याओं को मंदिर प्रांगण में अपने हाथों से हलवा, पूरी-सब्जी, खीर, चटनी, मिठाई के रूप में भोजन परोसा। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कन्या पूजन के पश्चात कन्याओं को दक्षिणा भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की। इस दौरान रघुवर दास ने महानवमी के पावन अवसर पर शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए झारखंड के समस्त परिवार के संग ओडिशावासियों एवं देशवासियों के सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। इस अवसर पर रघुवर दास ने कहा कि प्राचीन पौराणिक कथा के अनुसार नवरात्रि के अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे परिवार के साथ शीतला माता मंदिर में कन्या पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि 1995 से पूर्व जब मैं विधायक नहीं था तब अपने बालकाल अवस्था में यहां सिर्फ एक शिवजी का मंदिर था। काफी संघर्ष कर और यहां के आम जनता का सहयोग लेकर भव्य शीतला माता मंदिर और शीतला भवन का निर्माण कार्य शीतला मंदिर समिति के लॉटरी के द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि उनकी आस्था शीतला माता के प्रति बहुत गहरी है, प्रारंभ से ही वे मां शीतला के भक्त रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुगार्पूजा का मतलब ही नारी शक्ति का आराधना है। शक्ति की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। दास ने कहा कि मां शीतला के आशीर्वाद से मुझे जो नई जिम्मेदारी मिली है उसे मैं पूरी ईमानदारी के साथ संवैधानिक व्यवस्थाओं का पालन कर ओडिशा की जनता की सेवा करूंगा। इसके साथ ही, शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में दर्शन हेतु पहुंचे रघुवर दास ने गत सोमवार को महानवमी के दिन शहर के विभिन्न क्षेत्र के दुगार्पूजा पंडाल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पूर्वांचल पूजा कमेटी, टेल्को, उत्कल पूजा कमेटी, बमार्माइंस, देवस्थान मंदिर, बमार्माइंस, ट्यूब बारीडीह पूजा कमेटी, बारीडीह, हरिजन स्कूल मैदान, भालूबासा, सबुज कल्याण संघ, टेल्को, बंगो क्रिस्टी पूजा कमेटी, टेल्को समेत अन्य क्षेत्र के पूजा पंडालों में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की पूजा-आराधना कर सभी के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## चांडिल बार एसोसिएशन ने नवनियुक्त एसडीएम का किया स्वागत



चांडिल। बुधवार को चांडिल बार एसोसिएशन के लोगों ने चांडिल चांडिल अनुमंडल में नवनियुक्त एसडीएम गिरिजा शंकर महतो को गुलदस्ता देकर चांडिल अनुमंडल कार्यालय में स्वागत किया। नवनियुक्त एसडीएम इससे पूर्व चांडिल अनुमंडल के कुंकदु प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर लगभग तीन वर्ष तक अपनी सेवा दे चुके है। चांडिल के एडवोकेट असित चक्रवर्ती ने कहा कि इससे पूर्व कुंकडु में सेवा प्रदान करने के कारण इस क्षेत्र के समस्याओं से नवनियुक्त एसडीएम पूर्व से बखूबी अवगत हैं। जामताड़ा गृह जिला होने के कारण इनका बांग्ला भाषा में भी अच्छी पकड़ है। बांग्ला भाषा में अच्छी पकड़ होने से क्षेत्र के लोगों को एसडीएम के समक्ष अपनी समस्या रखने में आसानी होगी। असित चक्रवर्ती ने कहा इस क्षेत्र के अधिकांश लोग बांग्ला भाषी है। इस मौके पर बी पी साहू, महेंद्र महतो, असित चक्रवर्ती, अविनाश कुमार दास, अशोक झां, बिदु भूषण महतो, कमलेश सिंह सहित कई एडवोकेट उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर प्रखंड के पतरिया खुर्द में पूजा पंडाल में चली गोली, एक जख्मी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के पतरिया खुर्द गांव में पूजा पंडाल में बीती रात्रि को गोली चालन की घटना में गांव के ही 18 वर्षीय शीतल कुमार चौधरी के पैर में गोली लगने के कारण जख्मी हो गया। उसे इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। ज्ञात हो कि पतरिया खुर्द गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर रामचरितमानस नवाह्नपरायण पाठ महायज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसमें मंगलवार रात साढ़े नौ बजे शीतल चौधरी प्रवचन सुनने के लिए गया था। जो कि उसके पिछे विरेंद्र कुमार चौधरी उर्फ बिक्की चौधरी कुर्सी पर बैठा हुआ था। जिसने अचानक गोली चला दी। इस कारण मौके पर अफरा तफरी मच गया। गोली चालन की खुलासा नहीं हो पाई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीस्मा रमेसन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि किसी प्रकार की कोई विवाद नहीं था। इस मामले में एक व्यक्ति की शिनाख्त हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ठाकुरबाड़ी रेड़मा में प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गोत्सव का समापन



**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा समिति ठाकुरबाडी.रेड़मा के प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजोत्सव का समापन हो गया। ठाकुरबाडी.रेड़मा का दशहरा के दूसरे दिन प्रतिमा विसर्जन की परंपरा रही है और यहां के प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गोत्सव का समापन माना जाता है। गाजे बाजे और भक्तिमय भजन कीर्तन के साथ बुधवार को ठाकुरबाडी.रेड़मा से विसर्जन जूलूस निकला जो शहर के विभिन्न मार्ग से गुजरते हुए कोयल तट पर पहुंचा। जहां माता रानी की आरती की गई इसके बाद माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। इसके पूर्व डॉ चंद्रशेखर आजाद चौक पर श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की पगडीप्रोशी करते हुए स्वागत किया गया। पगड़ी पोशी के दौरान समिति के अध्यक्ष मनोज तिवारी (पिंटू काका) मनीष तिवारी, प्रवीण तिवारी, पारस विश्वकर्मा, राकेश दूबे आरडीएक्स, पिंकू तिवारी, मोनू तिवारी सहित कई सदस्य शामिल थे। इसके पूर्व मंगलवार को समिति के पदाधिकारियों के द्वारा सभी पूजा समिति के विसर्जन जूलूस का डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महासमिति के द्वारा प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी, नवीन तिवारी, ललन सिन्हा, बब्लू गुप्ता, संजय राज, रंजीत चंद्रवंशी, संदीप दास, रुपा सिंह, सुनिता सिंह, मीना गुप्ता, संजय राज, पिंटू गुप्ता, जितेंद्र सोनी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### लेस्लीगंज में निकला विसर्जन जुलूस





**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज प्रखंड क्षेत्र मे हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हुआ। प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार की संध्या मा दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर जुलूस निकाली गई। इसके पूर्व नया बाजार के नवयुवक संघ एवं पुराना बाजार के जय बजरंग संघ के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। नया बाजार में विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं कलाकारों को तलवार एवं चुनरी देकर सम्मानित किया। पुराना बाजार के जय बजरंग संघ में पश्चिम जिला परिषद आशा देवी ने संघ के पदाधिकारियों एवं पंडाल कलाकारों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में विधायक मेहता ने कहा कि मां दुर्गे पाकी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सारे मनोकामना पूर्ण करें। मौके पर आशा देवी ने भी प्रखंड के लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं दी। गोपालगंज, पथराही, डबरा, कुराईन पतरा, कठौंधा आदि जगहों से जुलूस लेस्लीगंज महावीर मंदिर आई। इसके उपरांत नवयुवक संघ नया बाजार व जय बजरंग संघ पुराना बाजार का जुलूस कोट खास, पुराना बाजार, नया बाजार का भ्रमण करते हुए लेस्लीगंज तलाब तक गई। इस दौरान लोगों ने जय दुर्गे दुर्गे काली काली व जय माता दी का जमकर नारे लगाए। विसर्जन स्थल पर पंडित सतीश मिश्रा एवं ओमप्रकाश गिरी ने मां की विदाई आरती कराई। इसके उपरांत पूजा कमिटी के लोगों ने नम आंखों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा को तलाब में विसर्जित किया। इसी तरह प्रखंड के लगभग सभी पूजा समिति के द्वारा दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

### हरिहरगंज में मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकली





**हरिहरगंज पलामू।** शहर मे गत दस दिनो से चल रहे दशहरा समारोह समापन के अवसर पर स्थानीय दुर्गा मंदिर से बुधवार को धुमधाम से मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। नवयुवक सांस्कृतिक समिति के द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में बाजा गाजा के साथ देवी दुर्गा के साथ जय माता दी के जयकारा लगाते हजारो लोग शामिल हुए। इस दौरान जगह जगह युवको ने शस्त्रचालन कला का शानदार प्रदर्शन किया। शोभायात्रा मेन बाजार, एन एच 98 से अररूआ खूर्द, बेलोदर मोड़, झंडा चौक, महाराजगंज, सतगांवा सहित कई स्थानो का भ्रमण करते हुए बटाने नदी पर पहुची। जहां जगत कल्याण के कामना के साथ महारानी दुर्गा का अर्चन पूजन तथा मंगल आरती की गई। बाद में प्रतिमाओ को नदी की जलधारा में विसर्जित कर दिया गया। जुलूस मार्ग पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देखा गया। सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सीओ कामेश्वर बेदिया, पुलिस निरीक्षक सुदामा कुमार दास, एस आई निर्भय कुमार, नितिश कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह सहित कई अधिकारी पुलिस बल के साथ जुलूस की निगरानी में मुस्तैद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष भोला गुप्ता, राबर्ट गुप्ता, रामाशंकर जायसवाल, रिंकू शौंडिक, अविनाश शौंडिक, बीनू जायसवाल, बब्लू कुमार, पवन कुमार, रामजी प्रसाद, संजीव कुमार, अमित कुमार, प्रिंस कुमार, अरविद कुमार, शशि गुप्ता सहित सदस्यों की भागीदारी देखी गई।

### हर्षोल्लास के साथ मना दशहरा पर्व

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्र में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्वक मनाया गया। पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा पूजा कमीटी के लोगों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से मां की प्रतिमा का विसर्जन किया। सभी वर्गों के लोगों ने एक दुसरे से मिलकर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन सक्रिय रहा। पर्व के दौरान पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा, पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव, नावा थाना प्रभारी संजय रजक, किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने दलबदल के साथ क्षेत्र में घुमते नजर आए। पाटन के सभी क्षेत्र में दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**सतबरवा पलामू।** दुगार्पूजा की खुशियां मातम में तब बदल गई जब विजयदशमी की तैयारी कर रहे एक युवक की दर्दनाक मौत सड़क हादसे में हो गई। वहीं दूसरा जख्मी है। उसे तुंबागडा नवजीवन अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद मंगलवार को डॉक्टरों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया।सतबरवा थाना क्षेत्र के पिपराकला गांव के मलय डैम सड़क के समीप तीखे मोड पर धटना उस समय घटी जब दोनों युवक एक ही पल्सर बाइक पर सवार होकर अपने घर से तुंबागड़ा होते लातेहार से डीजे साउंड सिस्टम लाने के लिए निकले थे। इसी दौरान सुबह नौ बजे के करीब अज्ञात वाहन बाइक सवार दोनों को अपने चपेट में ले लिया। दुलसुलमा गांव के मटखानी टोला के स्वर्गीय पप्पू सिंह के पुत्र गणेश सिंह (21) की मौत घटनास्थल पर हो गई। उसी गांव के अर्जुन सिंह के पुत्र राजन सिंह (22) बुरी तरीके से जख्मी है।इधर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, एसआई शिवकुमार गुप्ता पुलिस बल के जवानों के साथ धटनास्थल पर पहुंचे और पल्सर बाइक को जब्त कर अज्ञातवाहन की तलाश करने में पुलिस जुटी है।

# जिले भर में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा सोल्लास संपन्न, हुआ रावण दहन

### गाजे-बाजे के साथ निकला विसर्जन जुलूस, नम आंखों से दी गयी मां को विदाई



**मेदिनीनगर (खबर मन्त्र संवाददाता)।** जिले में असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व हर्ष व उल्लास के साथ शांति पूर्ण संपन्न हो गई। शहरी व आंचलिक क्षेत्रों में कई पूजा समितियों द्वारा असत्य व अधर्म का प्रतीक रावण का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर कई पूजा समितियों द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। विभिन्न पूजा समितियों द्वारा मंगलवार को तो कई समितियों द्वारा बुधवार को मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन प्रशासन की ओर से दिए गए निर्देश के तहत ग्रीन जोन आहर पोखर व तालाबों में कर दिया गया। श्रद्धालु भक्तों ने गाजे बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाले और नम आंखों से मां को विदाई की।

### सत्य की विजय का प्रतीक है दशहरा : विधायक डॉ शशिभूषण



**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड तरहसी के ग्राम कसमार में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही पूजा समितियों द्वारा झांकी भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर पांकी विस क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण ने कार्यक्रम का उदघाटन फीता काटकर किया। कार्यक्रम में रावण का पुतला दहन किया गया। इसके बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पांकी विधायक मेहता ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य के विजय का त्योहार है। उन्होंने कहा कि लोग शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ पर्व मना रहे हैं। यह अपने आप में पांकी विस क्षेत्र के लिए भाईचारे का मिसाल है। उन्होंने कहा कि कोई भी पर्व खुशी लेकर आता है। विधायक डॉ मेहता ने कसमार में मंदिर बनाने के लिए एक लाख एक हजार रुपए देने की घोषणा की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से बढ़ता है भाईचारा व एकता : डॉ शशिभूषण



**नीलांबर पीतांबरपुर/तरहसी।** नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के नया बाजार दुर्गा पूजा विजयदशमी के दिन डॉ शशिभूषण मेहता ने पूजा कमिटी के सदस्यों को सम्मानित किया और सहयोग राशि दिया। पांकी के ग्राम महुगांई और बनई में विजयादशमी के दिन विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। तरहसी के ग्राम गोईदीं देवी मंडप के प्रांगण में दुर्गा पूजा के अवसर पर संस्कृति कार्यक्रम एवं भंडारा में विधायक शामिल हुए। मौके पर मेहता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि कलाकारों की प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से सौहार्द, भाईचारा व एकता बढ़ता है।

### नवरात्र के समापन पर पर्यावरणविद ने नौ कन्याओं का पूजन कर किया पौधा वितरण



मेदिनीनगर। बाईपास रोड आबाद गंज स्थित पर्यावरण भवन में चल रहे नवरात्र एवं प्रकृति कलश यात्रा के समापन पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल और जन्मभूमि छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार में सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, सुचित कुमार, अल्पना देवी व पूर्णिमा कुमारी ने कन्याओं को भोजन पूजन करने के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच पौधा पानी वितरित किया। पर्यावरणविद ने कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है इसलिए वे नवरात्र के दौरान लोगों के बीच फलदार पौधों का नि:शुल्क वितरित किया। पार्षद अमित जायसवाल कहा कि अवैध तरीके अपनाकर कमाया हुआ धन से तत्काल लाभ तो दिखता है लेकिन आने वाली पीढ़ी को उसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है। प्रकृति कलश यात्रा के अंतिम दिन अपने आवास में कन्याओं को भोजन पानी के साथ चंदन का पौधा पानी व द्रव्य देकर उन्हें ससम्मान विदाई किया गया। मौके पर शंभू मिश्र, सुमित जायसवाल, रॉकी, अमन, महेंद्र सिंह, रामप्रवेश, मोती यादव, पिंकी सिंह, आराध्या, अशिविका, आद्रिका, अनुषा कुमारी, रामू, छोटू के साथ कई लोग शामिल थे।

### पलामू एसपी ने विजयादशमी के दिन बाइक से किया शहर का निरीक्षण

# आमलोगों की सुरक्षा की जवाबदेही पुलिस पर होती है : रीषमा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा में पलामू पुलिस जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड व पंचायत स्तर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सक्रिय रूप से भूमिका निभा रही थी। वहीं विजयादशमी के दिन शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालय पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ उमड़ पड़ती है जिसमें आवागमन में परेशानी होती है। लोगों को पैदल चलना भी कठिन होता है। इसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने अपनी सारी तामझाम को नजरअंदाज करते हुए मोटरसाइकिल से शहर भ्रमण करने का निर्णय लिया। उन्होंने अंगरक्षक के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर पूरे शहर का निरीक्षण करते हुए कोयल नदी तट पर पहुंच कर मूर्ति विसर्जन का जायजा लिया। इस दौरान वे अपने मातहत पुलिस अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थी। साथ ही पूरे जिला में मूर्ति विसर्जन पर कड़ी निगरानी रखी थी। इसके साथ ही वे पल पल की खबरें विभिन्न थाना क्षेत्रों से ले रही थी। मूर्ति विसर्जन के दौरान उन्होंने शिवाजी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम का भी जायजा लिया। उन्होंने मोटरसाइकिल से शहर का निरीक्षण करते वक्त खुद भी हेलमेट पहनी हुई थी। निरीक्षण के दौरान वे जिलेवासियों को कई संदेश छोड़ गयी कि जब भी लोग मोटरसाइकिल चलायें तो अपनी सुरक्षा खुद ही करें। साथ ही हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। एसपी के इस कारनामें से देखकर शहरवासी आश्चर्यचकित थे कि एक महिला पुलिस अधिकारी होकर मोटरसाइकिल से शहर का जायजा ले रही है यह एक बहुत बड़ी बात है।

इनकी भूरि भूरि प्रशंसा शहरवासियों ने किया। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा देना पुलिस का कर्तव्य है लेकिन पुलिस के कार्य में लोगों को सहयोग करना चाहिए। एसपी रमेसन ने विजयादशमी की शुभकामना देते हुए लोगों से अपील किया कि किसी भी पर्व त्योहार को शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाने से स्वस्थ्य समाज की कल्पना होती है।

## पांकी में थम गयी है विकास की गति : बिट्टू सिंह

पूर्व विधायक ने किया भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा सहित प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान दर्जनों गांव के अखाड़े के साथ मां दुर्गे की प्रतिमा के साथ पारंपरिक हथियारों के साथ हजारों भक्तों ने विशाल जुलूस निकाला। वहीं दूसरी ओर दशहरा के दूसरे दिन बुधवार को सतबरवा के चपरना तथा सुदूरवर्ती घुटुवा बाजार में भक्ति जागरण कार्यक्रम का उदघाटन पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ फीता काटकर किया। मौके पर दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि बिट्टू सिंह को चुनरी तथा फूल माला से स्वागत किया। बिट्टू सिंह ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक त्यौहार है, सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन अंततःविजय सत्य की होती है। उन्होंने दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास की गति थम गई है, वर्तमान विधायक के 4 साल के कार्यकाल में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ है। इस मौके पर प्रमुख रीमा देवी, उपप्रमुख कामाख्या यादव, लक्ष्मण यादव, युगल किशोर राम, सत्येंद्र पाठक, श्याम बिहारी प्रसाद, संजय यादव, अमरेश यादव, महेश यादव, नीरज पासवान, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला को धुटूआ पूजा समिति अध्यक्ष मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष रमेश सिंह के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संतोष सिंह तथा संचालन संतु सिंह के अलावे चपरना पूजा कमेटी अध्यक्ष जसिंदर भुईया डब्लू उरांव, अशोक भुईया, मनोज मोची, छोटू भुईया ने माता की चुनरी सभी अतिथियों को भेंट कर स्वागत किया। रमेश सिंह ने बताया कि धुटूआ बाजार में सोनू सद्दाम और मधु सिंहा जागरण की टीम ने कार्यक्रम प्रस्तुत की। वही चपरना में परशुराम व्यास और टीम के शामिल कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया।

## बुराई पर अच्छाई की विजय ही है रावण वध : प्रथम महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता







**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कार्यक्रम का उदघाटन एवं रावण वध करते हुए कहा कि असत्य पर सत्य एवं बुराई पर अच्छाई का विजय ही रावण वध है। रावण खुद एक प्रखंड विद्वान थे जिन्होंने भगवान श्री राम को भी लंका दहन से पहले खुद पूजा कराई थी और मरने से पूर्व लक्ष्मण ने भी आशीर्वाद लिया था। हम आज भी बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य के विजय के रूप में रावण वध कर इस त्यौहार को मानते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, वैश्य समाज प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, मंगल सिंह, अविनाश वर्मा ने दीप प्रज्वलित करते हुए सभा को संबोधित किया और रावण वध के पीछे छुपी भावना को बताया। मौके पर कहा गया कि इस विशाल रावण वध कार्यक्रम की शुरूआत 1991 में चंद्रशेखर आजाद क्लब का गठन कर प्रथम अध्यक्ष उमेश रजक जी के नेतृत्व में शुरू किया गया जो 1991 से 94 तक अध्यक्ष रहे फिर 95 में श्री सोमनाथ जी द्वारा अध्यक्षता की गई और 1996 से आज तक झूलन राम द्वारा अध्यक्षता कर कार्यक्रम को सफल बनाया जा रहा है। शुरू में काफी समस्या आती थी कार्यक्रम को सफल बनाने में फिर चंद्रशेखर आजाद क्लब के सदस्यों ने चेंबर अध्यक्ष एवं समाज के हर सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने वाले आनंद शंकर जी से 1995 में जाकर मिलते हुए शहर के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को बरकरार रखने का अनुरोध किया और तब से आज तक 28 वर्ष हो गए और आनंद शंकर जी द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हर सहयोग किया जाने लगा। संस्था के सदस्य जिन्होंने हर वर्ष अपना दायित्व निभाया उन्हें चेंबर परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें उमेश रजक (प्रथम अध्यक्ष), सोमनाथ जी (द्वितीय अध्यक्ष) झूलन राम (तृतीय अध्यक्ष अब तक), दीपक वर्मा, शंभू पासवान, लड्डू पासवान, विकास मालाकार, रंजन सोनी और रावण बनाने वाले सुनील को प्रथम महापौर ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

अरुण शंकर ने रिंकू दुबे एवं चेंबर के कोषाध्यक्ष अनवर भाई जिन्होंने अपने निजी खर्च से सैकड़ो लावारिस लाशों को जो जलवाते आ रहे अनवर भाई को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय ओझा ने किया।

### राजद नेता के भाई का निधन, अंतिम यात्रा में पूर्व सांसद सहित कई लोग हुए शामिल



**बिश्रामपुर (पलामू)।** राजद के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश गुप्ता के छोटे भाई जगनारायण प्रसाद गुप्ता उर्फ पप्पू डीलर का निधन बुधवार को अहले सुबह हो गया। स्व पप्पू पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। दाह संस्कार बुधवार को शिव नदी तट पर किया गया। अंतिम यात्रा में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, भाजपा नेता मनीष कुमार, उदय यादव, मुनीर,आलम सहित कई लोग शामिल हुए। इधर उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में राजद नेता श्याम दस सिंह यादव, सिराजुदीन अंसारी, सतेंद्र यादव, रमेश चौबे, सतिश्वर प्रसाद सिंह, प्रवीन सिंह, नईमुद्दीन अंसारी सहित कई लोग शामिल हैं।

### नप व आंचलिक क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के साथ दुर्गा उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्न





**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर आंचलिक व नगर परिषद क्षेत्र में मां दुर्गे के मूर्ति विषर्जन के साथ ही दुर्गा उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। दशहरे के मौके पर क्षेत्र में कई जगह प्रवचन, रामलीला, नाटक,रावण दहन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्रामपुर सार्वजनिक दुर्गा मंडप पूज पंडाल द्वारा आयोजित मिलन सह सम्मान समारोह में दोनों समुदाय के गण्यमान लोगो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश केशरी व संचालन समजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। इस समारोह में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, सीओ सह बीडीओ बिक्रम आनंद, थाना प्रभारी शशि रंजन, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, मुंशी प्रसाद गुप्ता, इदरीश हवारी, मनीष कुमार, सतेंद्र यादव, रजनीश कुमार चंद्रवंशी, उखमजी यादव, बृजनंदन राम, हरिशंकर सिंह, कन्हाई चंद्रवंशी, हरे कृष्णा सिंह, श्रवण चंद्रवंशी, दु:ख नंदन चंद्रवंशी, यदुनि राम सहित कई लोगो को कमेटी द्वारा पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। इधर सोरडीहा आर्दश कला केंद्र पूजा कमेटी व बरसईता के न्यू बजरंग युवा क्लब पूजा समिति द्वारा भी दोनों समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कई पूजा पंडालों द्वारा मंगलवार को तो कई पूजा पंडालों ने बुधवार को मूर्ति विसर्जन किया गया।

### विसर्जन जुलूस में डीजे की चपेट में आकर युवक की मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के बड़े पुर पंचायत अंतर्गत ग्राम गोड़बंधा के 20 वर्षीय युवक की डीजे की चपेट में आने से मौत की खबर हैं। सूत्रों के अनुसार दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस में शामिल होने गए घोड़बंधा गांव निवासी कृष्णा रजवार की डीजे पर डांस करने के दौरान डीजे खुल कर गिर जाने और उससे दबने के कारण घायल हो गए। लोगों ने कृष्णा रजवार को घायलावस्था में अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जागोडीह में सीएसपी संचालक की गोली मारकर हत्या



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम जागोडीह में सीएसपी संचालक सुरेद्र उरांव की हत्या अपराधियों ने गोली मारकर कर दी। घटना रविवार की शाम पांच बजे की है। मृतक की पत्नी रजनी देवी ने पाटन थाना में मामला दर्ज कराते हुए थाना प्रभारी से कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी करने की मांग की है। हत्या का कारण पैसे का लेन देन बताया जाता है। जानकारी के अनुसार मृतक सुरेन्द्र उरांव ग्राम जागोडीह पंचायत लोइंगा निवासी प्रज्ञा केंद्र संचालक था। तीन हजार रुपए को लेकर ऋषिकेश दुबे राकेश उरांव तथा नितिन तिवारी से बकझक हुआ था। इसके बाद ऋषिकेश बाइक से अपने साथियों के साथ आकर सुरेन्द्र उरांव की दुकान पर ही गोली मारकर हत्या कर दिया। घटना की सुचना पाकर पाटन पुलिस वहां पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेज दिया। इधर परिजनों ने बताया कि आरोपी के द्वारा मेरे दुकान पर आकर जबरन पैसा ले लिया गया और बोला कि बाद में अंगुठा लगा कर पैसा दे देंगे। लेकिन आरोपी के द्वारा पैसा नहीं दिया गया। जब पैसा मांगा गया तो गाली गलौज करने लगे एवं जान से मारने की धमकी देने लगे जिसकी सुचना 1 माह पहले पुलिस को दे दिया गया था।

### जनता की सेवा करना ही कर्तव्य : सहायक समाहर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** दशहरा पूजा को लेकर मेन बाजार आर सी लाल चौक के समीप आयोजित रासलीला मंच का सोमवार की रात सहायक समाहर्ता सह प्रभारी बीडीओ प्रशिक्षु आइएएस रवि कुमार, सीओ कामेश्वर बेदिया तथा थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सहायक समाहर्ता ने कहा कि पदाधिकारी जनता के सेवक हैं। उनकी सेवा करना कर्तव्य है। लोग निःसंकोच अपनी समस्या को कार्यालय अवधि में उनसे मिल सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां आकर अपनापन की अनुभूति होती है। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी ने भव्य आयोजन के लिए जनता को बधाई दी। जबकि थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण तरीके से समारोह संचालन के लिए समिति की प्रशंसा किया। इससे पहले सभी अतिथियों को नवयुवक सांस्कृतिक समिति द्वारा स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थापक राबर्ट गुप्ता ने किया। कलाकारों ने महारास तथा कंसवध लीला का मंचन किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष भोला गुप्ता, संजय गुप्ता, बीनू जायसवाल, अरुण स्वर्णकार, पवन कुमार, रामजी सिंह, रिंकू शौंडिक, तुषार, सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद : श्रद्धालुओं ने नम आंखों से दी माता रानी को विदाई

हवन कन्या पूजन, भव्य भण्डारे के साथ विजयादशमी समाप्त

सोन नदी दूर है जाना जरूर हैं, माता जगदंबा के जयकारों से शहर गूंज उठा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** पूरे अनुमंडल क्षेत्र में हर्षोल्लास व उत्साह के साथ समाप्त हुआ विजयादशमी, विदित हो कि जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के नौवें स्वरुप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना प्रदेश समेत हुसैनाबाद के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगभग सैकड़ो स्थानों पर स्थापित हुई थी,तथा नवरात्री के प्रथम तिथि से लेकर महानवमी पर कन्या पूजन और हवन किया जाता है,साथ ही कुँवारी कन्याओं की भजन कराई जाती हैं। सार्वजनिक स्थलों यानी मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर भंडारे का आयोजन किया जाता है।यह पूजा लगभग 11 दिनों तक चलती हैं सनातन धर्म शास्त्रों के अनुसार में मंगलवार के दिन दुर्गा विसर्जन की मनाही हैं परंतु वर्षो की बनी परम्परा अनुमंडल के सभी प्रखंडो में मूर्ति विसर्जन सह दशहरा मनाया गया। शहर के महाबीर जी भवन, कुर्मी टोला, पटेल नगर, युवा बाल संघ स्टेशन परिषर, दुर्गा बाड़ी बंगाली पूजा, नहर मोड़ जपला, गम्हरिया, मोहम्दाबाद, ऊपरी कला, लंगरकोट, महुआरी, दंगवार समेत सभी जगहों पर शांति से विसर्जन किया गया, शहर में सभी चौक चौराहों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी वंही अंचल पुलिस निरीक्षक जगरनाथ धान, आरक्षी निरीक्षक दीपक कुमार, महिला थाना सुरबाला भृंगराज, एवं अनुमंडल कार्यालय से प्रतिनियुक्त डण्डा अधिकारी मौजूद थे। वंही जुलूस में नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम, उषा देवी, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रबिन्द्र सिंह उर्फ बबलू सिंह, आरएसएस जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप, विश्व हिंदू परिषद के आलोक नाथ केशरी अन्य कई गणमान्यजन जुलूस के साथ साथ चल रहे थे। जुलूस में गाजा बाजा, व डीजे के डांस पर युवा लोग खूब थिरके, महावीर जी भवन से जुलूस सुरुआत किया गया जो पटेल चौक होते हुए मधुशाला रॉड, लम्बी गली मकबरा रोड होते हुए पुनः महावीर जी भवन से जपला सोन नदी के लिए प्रस्थान किया। मौके पर अजित अग्रवाल, अजय गुप्ता, सचिन आनंद, पप्पू कांस्यकार, कल्लू उर्फ राजीव ठाकुर, उदय सोनी, राजेंद्र पाल, राजेश्वर सिंह, रवि यादव, अनुज चौधरी, अजित पटेल, मनदीप चौधरी, संजय चंद्रवंशी, अरबिंद सोनी आदि बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सतबरवा : दुर्गा पूजा पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के धुटूआ पंचायत के सुदूरवर्ती गांव एकता में दुगार्पूजा पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मेला का उदघाटन उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव,प्रमुख प्रतिनिधि युगल किशोर राम, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, मुखिया प्रतिनिधि गुलटन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता संजय यादव और राजमुनी यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर लक्ष्मण यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य का विजय का प्रतीक है। दशहरा में आपसी भेदभाव को भूलकर एक दूसरे प्रेम पूर्वक त्योहार को मनाने की जरूरत है। उप प्रमुख कामाख्या यादव ने कहा कि आज संकल्प लेने का दिन है की भय भूख और भ्रष्टाचार से लड़ाई को तेज करेंगे। गरीबों के ऊपर हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता उमेश यादव वीरेंद्र यादव नंदकिशोर यादव समेत कई लोगों को आयोजन समिति के सदस्यों ने माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन तुलेश्वर सिंह कर रहे थे। इस अवसर पर गुड्डू दुबे और व्यास बच्चन राम के बीच एकता स्कूल के प्रांगण में दुगार्पूजा के दिन रंगारंग दुगोला का कार्यक्रम किया गया। जिसमें विरेंद्र यादव, बब्लू यादव, सोनेलाल सिंह, मुकेश कुमार समेत हजारों लोग मौजूद थे।

# सिंदूर खेला के साथ नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी मां को विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा कोईलांचल में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कोयलांचल के सभी पंडालो में सिंदूर खेला के साथ ही मां को नम आंखों से विदाई दी गई। मंगलवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान में सुबह 7.30 महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की और सिंदूर खेला के साथ ही नव पत्रिका कलश विसर्जन यात्रा में भारी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। कलश यात्रा पूजा पंडाल से शुरू होकर ऐतिहासिक राजातालाब तक पहुंचा, जहां पंडित गौतम चक्रवर्ती एवं काजल पंडित के द्वारा विधि विधान से कलश विसर्जन किया गया। ढाक बाजा की धुन पर सभी महिला पुरुष श्रद्धालु नाश्ते गाते हुए मां को अगले बरस तू जल्दी आ के नारो के साथ विदाई दिए। मौके पर समिति के अध्यक्ष शंकर जायसवाल सचिव मुकेश भट्ट कार्यकारी अध्यक्ष विनोद रजक शैलेंद्र सिंहा वरीय भाजपा नेता पंकज सिंहा संदीप जायसवाल सुनील यादव राजेंद्र कुमार बबलू चौरसिया, सुरेश जयसवाल राजा गुप्ता संजीव चौरसिया कुलदीप सिंह गणेश मोदक आदि मौजूद थे।

## ढोल-नगाड़े के साथ मां की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत लटानी बाजार में शिव शक्ति मंदिर में स्थापित मां दुर्गा माता की प्रतिमा को गाजे बाजे, ढोल नगाड़े के साथ नम आंखों से तालाब में विसर्जित किया गया। इससे पूर्व महिलाओं ने देवी मां को सिंदूर लगाकर तथा खोईछा देकर विदाई दी। तथा प्रतिमा को जैसे ही विसर्जित के लिए उठाया गया। सभी भक्तों की आंखों में आंसू आ गए। नम आंखों से मां को विदा किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रतिमा विसर्जित की गई। इस दौरान नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र के मौके पर लोगों ने काफी भक्ति के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। मौके पर दिलीप मंडल, अजीत मिश्रा, प्रतुल चंद्र, महादेव कुमार, वासुदेव कुमार, प्रताप पाल, मनोज मंडल, निर्मल दता, मिथुन दत्त, अजय दत्त आदि युवक शामिल हुए।

## शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा संपन्न कराने पर डीसी-एसएसपी को दी बधाई



**धनबाद।** बीसीसीएल टाउनशिप, मुरली नगर में दुर्गा पूजा समिती की और से विशाल भगवती जागरण काआयोजन किया गया। जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने किया। समिती द्वारा उन्हें माता रानी की चुनरी एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। भजन गायको ने एक से बढ़कर एक कर्नप्रिय माता के भजन गाकर समा बांधा। इस दौरान भगवती जागरण में श्रद्धालु जमकर झूमे और उनके द्वारा लगातार गगनभेद माता का जयकारा लगाया गया।मंच में सभी भजन गायकों को सम्मानित करते हुए कहा उदय प्रताप सिंह ने कहा की माता जागरण जैसे महत्वपूर्ण आयोजन से समस्त क्षेत्र एवं वातावरण भक्तिमय हो जाता है और माता की स्तुति, भजन एवं संगीत से अपने हृदय और मन में माता रानी के प्रति श्रद्धा और जागृत हो जाती है जिससे माता के आशीर्वाद से हार्दिक खुशी और परम आनंद की अनुभूति प्राप्त होती है।उन्होंने कहा सनातन के प्रति लोगो का और खासकर युवाओं की रूची बढ़ रही है जिससे व्यापक रूप से अपने धर्म के प्रति आस्था बढ़ते जाना एक बहुत ही शुभ संकेत है। उन्होंने धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी संजीव कुमार को विषेश बधाई दी और कहा की बहुत ही व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से पूरे जिले में प्रशासन द्वारा पुजा सम्पन्न कराया गया।माता जागरण में एल. बी. यादव, राजीव राय, धन्नजय कुमार,अन्जय कुमार,रमेश महतो,विवेक सिंह,अजय सिंह, सुर्य नारायण सिंह, प्रवीण यादव, प्रदीप सिंह, राजेश सिन्हा समेत हजारों श्रद्धालुओं ने माता के भजनों का आनंद उठाया।

# जीएनएम में बनेगा पूजा समिति के लिए भवन और शौचालय



**सांसद ने कतरास के पंडालों का किया भ्रमण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी बुधवार को कतरास के जीएनएम पूजा पंडाल में जाकर मां दुर्गा के दर्शन की। सांसद ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के जनता के लिए मां दुर्गा से सुख समृद्धि अमन चैन का आशीर्वाद मांगा। इसके साथ ही जीएनएम दुर्गा पूजा समिति के वर्षों पुरानी मांग पूजा समिति के लिए भवन और शौचालय का निर्माण पर उन्होंने सांसद मद से बनाने की अपनी सहमति दी। इसके साथ ही उन्होंने रानी बाजार दुर्गा पूजा समिति रेलवे इंस्टिट्यूट दुर्गा पूजा समिति में भी जाकर माथा टेक मां का आशीर्वाद लिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि गिरिडीह क्षेत्र में तेजी से विकास के कार्य किया जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है। एक सवाल के जवाब में कहां के कतरास में शीघ्र ही डीसी ट्रेन चलेगी। जिसकी प्रक्रिया चल रही है कतरास की जनता धौर्य रखें। कतरास में डीसी ट्रेन हर हाल में चलेगा।आला अधिकारियों से बात चल रही है।मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रिंस शर्मा, रामाशंकर तिवारी, कतरास नगर अध्यक्ष नवदीप गुप्ता, बबलू बर्मन, नरेश महतो, दीपक महतो, शिव हाडी, मनोज महतो, दिनेश महतो, प्रेम तिवारी आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### टेंपो के धक्के से दंडाधिकारी घायल

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा उपर बाजार में दुर्गा मां की प्रतिमा के विसर्जन के समय दंडाधिकारी के रूप में मौजूद एग्यारकुंड प्रखंड के अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी टेंपो के धक्के से घायल हो गए। मौके पर मौजूद चिरकुंडा पुलिस ने फौरन तात्कालिक कार्रवाई करते हुए टेंपो को पकड़ा व जब्त कर थाना ले गई। मरांडी को टेंपो के धक्के से पैर में हल्की चोटें आई है।जानकारी हो कि चिरकुंडा शहीद चौक के समीप बेततरिब ढंग से टेंपो सड़क पर ही लगा दिया जाता है और पैसेंजर के चक्कर में टेंपो वाले अपने वाहन को आगे पीछे करने लगते हैं इसी क्रम में वहां पर मौजूद दंडाधिकारी के रूप में मौजुद कृष्ण कुमार मरांडी के पैर में टेंपो से चोट लग गई।

### मंत्री बेबी देवी ने किया पंडालों का भ्रमण

**बेरमो।** ऊपरघाट स्थिति पेंक दुर्गा पूजा पंडाल में झारखंड सरकार के मद एवं उत्पाद मंत्री श्रीमती बेबी देवी उपस्थित हुए और माथा टेकी माता के दरबार में क्षेत्र वासियों के लिए सुख शांति की कामना की। मौके पर माननीय मंत्री बेबी देवी के अलावे ऊपरघाट प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी दिवाकर पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हो कर मां से आशीर्वाद प्राप्त की।

### चिरकुंडा में हर्षोल्लास के साथ पूजा संपन्न

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र में दुगार्पूजा व दशहरा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। क्षेत्र के चिरकुंडा उपर बाजार,गोराईपाड़ा,गोस्वामीपाड़ा,डुमरकुंडा,लायकपाड़ा,तालडांगा हाउसिंग कालोनी आदि क्षेत्रों में पूजा समिति कि ओर से भव्य पंडाल बनाकर मां दुर्गा कि प्रतिमा स्थापित कि गई थी। मौके पर पुजा पर आकर्षक रोशनी बल्बों कि साज सज्जा से श्रधालु मंत्र मुग्ध हो गए। क्षेत्र प्रतिमाओं का बुधवार को प्रशासनिक सुरक्षा के बीच विसर्जन कर दिया गया है।चिरकुंडा उपर बाजार में दुर्गा मां की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान महिलाओं ने सिन्दूर खेला खेली वही यहां पर दशमी की संध्या प्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग का वितरण हुआ।

### डीवीसी कर्मी के घर से पांच लाख की चोरी

**बोकारो।** पूजा के माहौल में जिले के चंद्रपुरा में दुर्गा पूजा मेला देखने गए डीवीसी के एकाउंट्स विभाग में कार्यरत प्रणव बनर्जी के आवास संख्या एफध्जे 6 में ताला तोड़कर कर अपराधियों ने 5 लाख के जेवरात सहित करीब 8 हजार नकद राशि चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि सभी परिवार दुगार्पूजा मेला देखने गए थे। जब रात दस बजे वापस आए तो बाहर दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था। अंदर कमरे में अलमीरा का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरी गए जेवरात की अनुमानित कीमत पांच लाख रुपए है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### पार्षद रश्मि सिंह ने दिया अपने नौ महीने के वेतन का दान

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 की पार्षद रश्मि सिंह ने अपने 9 महीने की वेतन की राशि 54 हजार रूपए आपदा प्रबंधन के लिए दान में दे दिया। बताते चले की फुसरो नगर परिषद क्षेत्र की पार्षद रश्मि सिंह ने कोरोना काल में अपने वेतन को कल्याणार्थ दान दे दिया था। जिसकी लिखित सूचना उन्होंने अध्यक्ष और कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो को दी थी। अब जबकि दुर्गा पूजा से पहले उनको 9 महीने का वेतन मिला है तो उन्होंने सहर्ष इसे फसरो नगर परिषद क्षेत्र को आपदा प्रबंधन के लिए दान दे दिया है।

### बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल में मेगा आई कैंप तीन को

**बेरमो।** कथारा स्थित हाजी एम आलम मेमोरियल आई अस्पताल के संचालक मो मेहराब आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मिडिया को जानकारी देते हुए बताए कि जिला अंधापन नियंत्रण समिति के द्वारा बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल में मेगा आई कैंप लगाया जाएगा।

# बेरमो : दुग्दा फुटबॉल मैदान में रावण का हुआ दहन



**बेरमो।** बोकारो जिले में प्रशासन की कड़ी चौकसी व सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे की नीगरानी में रावण दहन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। बताते चले की 9 दिनों तक चलने वाला दुर्गा पूजा विजयदशमी की रावण दहन के साथ शांतिपूर्ण संपन्न कराने में प्रशासन दिन.रात लगा रहाए कड़ी चौकसी और सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा बलों के साथ.साथ सीसीटीवी कैमरे चौक चौराहों पर तथा पंडालो में लगाया गया जिस कारण किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। रावण दहन कार्यक्रम में बोकारो के दुग्दा फुटबॉल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री मध्य निषेध विभाग बेबी देवी बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह तथा स्थानीय जिला परिषद संतोष कुमार पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं मुख्य अतिथि विशिष्ट तिथि तथा जिला परिषद ने संयुक्त रुप से रावण के पुतला पर अग्नि बाण चला कर रावण दहन किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीडीओ ने कड़ी व्यवस्था की थी।

# रोटरी बोकारो में गरबा डांडिया नाइट



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नवरात्रि के अवसर पर गरबा डांडिया का आयोजन विभिन्न संगठनों ने आयोजित किया परन्तु रोटरी बोकारो की महिला समिति द्वारा क्लब के सभागार में संपन्न डांडिया सह गरबा नाइट का रंगारंग कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। क्लब की सभी महिलाएं एवं पुरुष सदस्य रंग बिरंगे वस्त्रों में सज धजकर इसमें शामिल हुए। अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास ने सभी सदस्यों और अतिथियों का स्वागत किया। सभी ने माता के भजन एवं गीतों की धुन पर नृत्य किया और गरबा एवं डांडिया नृत्य का आनंद उठाया। श्रेष्ट परिधान युगल का पुरस्कार चंद्रिमा रे एवं प्रदीप रे को दिया गया। ढाकियों की ढाप एवं मन्नू श्रीवास्तव के धुनुची नृत्य ने सब का मन मोह लिया। आयोजन की सफलता में नमिता एवं मन्नू श्रीवास्तव की भी अहम भूमिका रही।

## बोकारो में धूमधाम से दुर्गा पूजा संपन्न

**बोकारो।** नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में शांति और सोल्लास पूर्ण वातावरण में ममतामयी मां की मूरत से भक्तों ने आशीष प्राप्त किया। श्रद्धालु उपवास रखकर पूजा पंडालों और मंदिरों में पहुंचकर माता के दर्शन के साथ पूजा करने में मगन दिखे। महानवमी और विजयदशमी के दिन जिले के बेरमो कथारा जारंगडीह तेनुघाट गोमिया पेटरवार जैनामोड़ बीटीपीएस चंद्रपुरा तेलमोच्चो महुदा पुरुलिया सहित कई क्षेत्रों से लोग सेक्टर दो सेक्टर 12 सेक्टर 9 वैशाली मोड़ सेक्टर 9 गायत्री मैदान कैंप दो दुन्दीबाग सेक्टर 12 ए सेक्टर 8 कालीबाड़ी चास रीतुडीह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी।

## एक नजर में

### बोकारो : सीआरपीएफ के कमांडेंट कमलेंद्र को दी गयी भावभीनी विदाई



**बोकारो।** 26 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट कमलेन्द्र प्रताप सिंह को उनके लगभग सवा तीन साल के कार्यकाल के बाद भावभीनी विदाई दी गई। उनको आतंकवाद से निपटने की चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी के साथ जम्मू.कश्मीर उन्हें स्थानांतरित किया गया है। उनके स्थान पर यहां राजीव रंजन को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इनके नेतृत्व में 26 बटालियन ने सफलता के कई परचम लहराए हैं। इनके कार्यकाल के दौरान 26 वीं बटालियन को मणिपुर एवं नागालैंड सेक्टर की सर्वश्रेष्ठ प्रशासनिक बटालियन की ट्रॉफी से नवाजा गया। बटालियन ने झुमरा दनिया स्वांग रहावन लुगु पहाड़ इत्यादि नक्सलियों के गढ़ में घुसकर सघन आपरेशन किए और कई उपलब्धिया हासिल की। खेल प्रतियोगिताओं में बटालियन ने 2023 में फुटबॉल बास्केटबॉल व कबड्डी में प्रथम स्थान व टेबल टेनिस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### सुजीत बाउरी का निधन

**कुमारधुबी।** निरसा कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के साथी और श्यामपुर बी कोलियरी का मजदूर कॉमरेड सुजीत बाउरी का कल निधन हो गया, कॉमरेड सुजीत कुछ दिन से बीमार चल रहे थे और अचानक उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया जहां उनका देहांत हो गया। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने आज उनके याद में शौक सभा का आयोजन किया। जिसमे दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि दिया गया।कॉमरेड सुजीत के चले जाने से हमारे यूनियन का अपूर्णीय क्षति हुआ है। हम और हमारे यूनियन उनके आत्मा की शांति के लिए कामना करते हे।

### एक नवंबर से 25 दिसंबर तक बंद रहेगी भूली से आरा मोड़ तक की सड़क

**धनबाद।** भूली मोड़ से आरा मोड़ सड़क के प्रथम किलोमीटर में बॉक्स-सेल कलवर्ट तथा पहुंच पथ (अप्रोच रोड) का निर्माण कार्य किया जाना है। इसके कारण एक नवंबर से 25 दिसंबर 2023 तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन इस मार्ग पर बंद रहेगा। इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इस दौरान भूली, आजाद नगर, आरा मोड़ से आने-जाने वाले सभी वाहन वैकल्पिक मार्ग के रूप में बिनोद बिहारी महतो चौक - बाबूडीह (पोलिटेकनिक) - बेकारबांध पथ या विनोद बिहारी महतो चौक 8 लेन पथ का प्रयोग करेंगे। वहीं भूली मोड से वासेपुर, भूली की ओर आने-जाने वाले सभी वाहन गया पुल - पूजा टॉकिज - बाबूडीह - विनोद बिहारी महतो चौक पथ का प्रयोग करेंगे।

### बंद घर में शार्ट सर्किट से लगी आग

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** चलकरी बस्ती नायक टोला के बंद पडे घर में बुधवार की अहले सुबह भीषण आग लगने से घर में पडे लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। घर के मालिक आनंद नायक पूरे परिवार के साथ दुर्गा पूजा मनाने के लिए गिरिडीह अपने ससूराल गये हुए थे।

# धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों जरूरी : प्रकाश

**आरएसएस का शस्त्र पूजन कार्यक्रम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र जवाहर नगर दुर्गा पूजा पंडाल के परिसर में नवमी के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ द्वारा परंपरागत तरीके से शस्त्र पूजन किया गया। मुख्य वक्ता भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि मनुष्यता और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों की आवश्यकता होती है। हमारी सत्य सनातन परंपरा ही परित्राणाय च साधुनामए विनाशाय च दुष्कृताम का उद्धोष करती है। अधर्म तभी बलशाली होगा जब शस्त्र और शास्त्र दोनों कमजोर पड़ेंगे। इसलिए इनकी नित्य साधना आवश्यक है। भगवान राम ने अधर्म के प्रतीक रावण के विनाश के लिए शक्ति की उपासना की थी। इस अवसर पर संघ के पंकज पांडेय व मंजू सिंह पूजा कमेटी के अध्यक्ष दिलीप शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा सहित शनि सिंह नवीन श्रीवास्तव चंदन राम आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## वीर शिवाजी शाखा ने किया शस्त्र पूजन

**धनबाद/ गोविंदपुर।** विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वीर शिवाजी शाखा गोविंदपुर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती मातृ शक्ति क्षेत्रीय प्रमुख शकुंतला मिश्रा ने सभी स्वयंसेवकों को विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 98 वर्ष पूरे होने पर हर्ष जताया। धनबाद जिला कार्यवाह ललन सिंह ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे भारतवर्ष में 70,000 शाखों पर विजयदशमी कार्यक्रम चल रहा है।संघ इस देश में अनेक आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपनी प्राण के चिंता किए बिना राहत कार्य बचाव कार्य में नि:स्वर्थ भाव से करते आए हैं। शाखा के संचालक शिशिर भगत एवं शाखा कार्यवाह धनंजय नेतृत्व में कार्यकर्म संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सह कार्यवाह सतरंजन पाल, खंड कार्यवाह मिथिलेश पंडित, शत्रुघ्न जायसवाल, विनोद साहू, आर के शर्मा, उत्तम सिंह, अंजनी प्रसाद, नेपाल पांडे, अजीत उपाध्याय, जीत रक्षित, अंकित अग्रवाल शामिल थे।

## बगदा में हुआ सती सुलोचना के धार्मिक नाटक का मंचन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के बगदा गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर जय भवानी क्लब के बैनर तले मंदिर परिसर के मंच पर महान धार्मिक सती सुलोचना नाटक का मंचन किया गया। इसमें राम की भूमिका सागर स्वर्णकार ने लक्ष्मण की समीर भट्टाचार्य ने सीता की रोहण नायक ने हनुमान का रोशन सिंह ने सुग्रीव का मिथिलेश पाण्डेय ने अंगद का विकास महतो ने विभीषण का संदीप चक्रवर्ती ने मेघनाद का संजय सिंह ने अक्षय कु का दिपराज भट्टाचार्य ने धूमकेतु का राजेश नायक ने रावण का सुरेन्द्र प्रजापति उर्फ लोखा ने कुंभकर्ण का राजकिशोर प्रजापति ने मंदोदरी की कमल दास ने सुलोचना की शिष्टिधर महतो ने सुषेण वैध का फागु महतो ने निभाई। मौके पर बगदा पंचायत के मुखिया गीता देवी पंसस श्री भट्टाचार्य पूजा लाइसेंसधारी जीवन जगन्नाथ वार्ड सदस्य समीर भट्टाचार्य धीरज भट्टाचार्य जनार्दन प्रजापति रंजन वर्मा सुमित प्रजापति संजय प्रजापति भोला स्वर्णकार संजय सिंह सिध्देश्वर प्रजापति अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

# झरिया : भव्य कलश यात्रा के साथ राम कथा शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** जय श्री राम, राम ना चले हनुमान के बीना... आदि उद्घोष के साथ 11 हजार 1सौ 11मां बहनें माथे पर कलश लिए चल रही थी। इस ही राम सीता व लक्ष्मण, बजरंग बली आदि देवताओं के रूप धारण किये भक्तों ने झाकी निकाली। कलश यात्रा के साथ झरिया जेलगोरा स्टेडियम में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राम कथा शुरू हुआ । दैविक मंत्रोचार के साथ झरिया का एतिहासिक राजातालाब के समीप कलश में जल भरा गया। जहां की विधिवत पूजा अर्चना कर महिलाएं पीला साडी, कुवांरी कन्याएं पीला वस्त्र पहने हुए थी। जोकि मांथे पर कलश लिए जय श्री राम, जय माता दी आदि जय घोष करते झरिया राजातालाब से करीब 5 किलोमीटर तक पद यात्रा कर जेलगोरा स्टेडियम राम कथा स्थल पहुची। इस दौरान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह समर्थकों सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा जगह जगह पेय जल, फलहार व फ्रुट का स्टाल लगाकर भक्तों की सेवा में जुटे रहे। साथ में विभिन्न बैंड पार्टी द्वारा भक्ति गीतों का समांबाधते हुए आयो बढ रहे थे। जिससे पुरा इलाके प्रभु श्री राम की भक्ति में डुबकी लगा रहा था।

# जारंगडीह में सिंदूर खेला के साथ मां की प्रतिमा का विसर्जन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जारंगडीह।** बेरमो कोयलांचल में यूं तो लगभग सभी पुजा पंडालों मे स्थापित मुर्तियो का विसर्जन पुरे विधि विधान से कर दिया गया मगर कुछ पुजा समितियों द्वारा मंगलवार को विसर्जन नही किया मगर पुजा कलश और सिंदूर खेल सम्पन्न हो गया। ज्ञात हो कि गांधीनगर कुरपनिया संडेबाजार हरिजन दुर्गा मंदिरए जरिडीह बाजार आदि स्थानों पर मुर्ति विसर्जन मंगलवार को ही देर शाम को ही दामोदर नदी में किया गया पर जारंगडीह कथारा कथारा चार नंबर आदि पुजा पंडालों के मुर्तियो को विसर्जित नही किया गया जिस कारण वहां मेला बुधवार को भी लगा रहा। बताता चलू की बिते शाम मुर्ति विसर्जन को लेकर क्षेत्र में बिजली काट दिया गया था। यह बिजली कट लगभग चार घंटो का रहा। बिजली कट क्षेत्र लगभग दो बजे से लेकर शाम साढ़े आठ बजे तक रहा। वही समाचार लिखे जाने तक जारंगडीह पुजा कमेटी द्वारा मंडप से मुर्ति उठा विसर्जन की तैयारी की जा रही थी।जारंगडीह पुजा समिति के सक्रिय सदस्य विरेंद्र शर्माए टिंकू पंडितए चंदन गुप्ताए संतोष सोनारए कृष्णा कुमारए सुरेंद्र मंडलए रंजन सिंहए राज कुमार विश्वकर्माए दिपक राम सचिव सौरव दूबेए रवि शंकर दूबेए सुभाष गुप्ताए पंकज गुप्ताए भीमा सिंह आदि ने संयुक्त रूप से बताया पुजा दौरान कमेटी के सदस्यों ने काफी सक्रिय भूमिका निभाई। कमेटी के लोगो स्थानीय पुलिस प्रशासन को विधि व्यवस्था बहाल रखने के लिए बधाई दी।

# बुराई के प्रतीक के रूप में धू-धू कर जला रावण

**राागिनी सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बुराई पर अच्छाई का प्रतीक ऐतिहासिक रावण के पुतले का दहन जय श्री राम के नारे के साथ विजयादशमी के अवसर पर शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में धू धूकर जला। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मंदिर परिसर के चारों दिशाओं में छः बेरीकेडिंग के साथ व्यवस्था की थी। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रागिनी सिंह ने रावण दहन कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया।

सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शिव मंदिर प्रांगण से मंदिर सचिव सह कार्यक्रम आयोजक दिनेश सिंह के नेतृत्व में जुलूस निकला और शहरपुरा बाजार का भ्रमण कर वापस मंदिर परिसर लौटा। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के जुलूस जिला महामंत्री सोनू गिरी के नेतृत्व में जय श्री राम का नारा लगाते हुए शस्त्रों के साथ मंदिर परिसर में प्रवेश किया और करतब दिखाए। राम लक्ष्मण और हनुमान वानर सेना के प्रतिकात्मक स्वरूप के साथ मंदिर परिसर में प्रवेश किया। इस अवसर पर रावण के पुतले के सामने राम लक्ष्मण ने धनुष बाण से तीर चलाए।

## आतिशबाजी का लोगों लिया आनंद

सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में लगभग 75 हजार रुपए के आतिशबाजी का नजारा लाखों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने देखा। इस मौके पर अग्निशमन विभाग का दस्ता मौजूद था। इस चाकचौबंद व्यवस्था को संपूर्ण करने के लिए जिला प्रशासन ने सिंदरी गुरुद्वारा, तालतला मंदिर, कोआपरेटिव मोड़, कुँवर सिंह चौक, सूर्यदेव सिंह चौक तथा हटिया मोड़ पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की। इस व्यवस्था से लोगों को दोपहिया व चारपहिया वाहन को मंदिर परिसर से दूर रखा गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रावण दहन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रागिनी सिंह, बीआईटी सिंदरी निदेशक प्रो पंकज राय, सेल प्रबंधक आदित्य सिंह, एटी देवप्रभा निदेशक एल बी सिंह की धर्मपत्नी आरती देवी, कुंभनाथ सिंह की पत्नी दया देवी, आप पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डी एन सिंह, गोविंदपुर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह, विहिप बजरंग दल जिला महामंत्री विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी, अरविंद पाठक, संजय सिंह, कामेश्वर सिंह, अधिवक्ता दिनेश सिंह, ब्रिजेश सिंह, विदेशी सिंह, सुष्मिता सिंह, कांति सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भूखा भारत?

दुनिया के ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2023 के आंकड़े हमारे विकास और प्रगति के दावों पर प्रश्नचिह्न लगाने वाले हैं। भारत को आज दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था कहा जा रहा है। तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि फिर कैसे कुपोषण व भूख के आंकड़ों में भारत को पाकिस्तान, बांग्लादेश नेपाल आदि से नीचे दर्शाया जा रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स की हालिया रिपोर्ट में भारत को दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर रखा गया है। चिंता की बात यह है कि भूख का स्तर गंभीर श्रेणी का है। रिपोर्ट बताती है कि देश में बच्चों के कुपोषण का स्तर 18.7 फीसदी है। निस्संदेह, ऐसे हालात में देश के नीति-निमार्ताओं को भूख व कुपोषण के निराकरण के लिये कारगर योजनाओं को तुरंत अमल में लाने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण यानी एनएफएचएस की रिपोर्ट भी एक चिंताजनक स्थिति की ओर संकेत करती है। जो बताती है कि महाराष्ट्र में नवजात मृत्युदर और अविकसित बच्चों के अनुपात में काफी वृद्धि हुई है। एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट कई चिंताजनक स्थितियों की ओर इशारा करती है। वैसे यह एक विरोधाभासी तथ्य है कि भारत की आबादी का एक बड़ा भाग न केवल खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर है बल्कि बची उपज का निर्यात भी करता है। जिसके चलते देश में कुपोषण व भूख से जुड़े ग्लोबल हंगर इंडेक्स के आंकड़ों की तार्किकता पर सवाल उठते हैं। वैसे, नीति आयोग के राष्ट्रीय गरीबी सूचकांक आंकड़ों के अनुसार ऐसी गरीबी में रहने वाले लोगों का प्रतिशत लगभग पंद्रह था। जुलाई में आयोग की एक रिपोर्ट से पता चला था कि 74 फीसदी लोग स्वस्थ मानकों का भोजन नहीं खरीद सकते हैं। निस्संदेह, बेहतर पोषण के लिये सभी की पौष्टिक भोजन तक पहुंच, स्वच्छ पानी और स्वच्छता की स्थितियां सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## जलवायु परिवर्तन

लगभग तीन दशकों से अंतरराष्ट्रीय मंचों से इस बात पर गहन चिंता प्रकट हो रही है कि जलवायु परिवर्तन का तमाम देशों के लोगों पर बहुत ही विपरीत असर पड़ रहा है। शायद ही ऐसा कोई वर्ग हो जो इससे प्रभावित न हो रहा हो। लोगों के सामने यह साफ है कि जिस तेजी से दुनिया की जलवायु में बदलाव हो रहा है उसके चलते कुछ समय के बाद कई शहरों और इलाकों के सामने उनके अस्तित्व का ही संकट खड़ा हो जायेगा। लोगों के पलायन, विस्थापन और पुनर्वास का मसला बहुत बड़ा रहेगा। पहाड़ी क्षेत्र हों या मैदानी, समुद्र तट के इलाके हों या फिर रेगिस्तानी, जलवायु परिवर्तन के असर से शायद ही कोई अछूता रह सकेगा। कटते जंगलों या डूबते तटीय इलाकों को छोड़कर जाने वालों के सामने रोजी-रोटी के संकट से लेकर अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने की बड़ी चुनौती होती है। नयी जगह पर खुद को ढालना मुश्किल होता है, यह भी सब जानते हैं। जलवायु परिवर्तन का जो असर मानव जीवन पर होगा, उसके विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन दुनिया भर के वैज्ञानिक, समाजशास्त्री एवं अन्य विधाओं के लोग कर रहे हैं। विभिन्न शोध एवं विश्वविद्यालयीन अध्ययन अनेक तरह के निष्कर्ष लेकर सामने आए हैं। ऐसे सभी शोध मनुष्य के भविष्य को लेकर भयावह तस्वीरें बयां करते हैं। लगभग हर वर्ष अनेक शासकीय व अशासकीय स्तर पर कार्यरत संस्थाएं और संगठन इस विषय पर सभा-सम्मेलन आयोजित करते हुए इस दिशा में अनेक प्रकार के उपाय सुझाते हैं। राष्ट्र संघ की भी चिंताओं में यह विषय शामिल है। फिर भी इसमें बहुत कामयाबी मिलती नहीं दिखाई दे रही है। विभिन्न कारणों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना जलवायु परिवर्तन को रोकने में बहुत सहायक हो सकता है परन्तु ज्यादातर देश इस लक्ष्य को पाने में नाकाम रहे हैं।

# आइएमएफ का अनुमान बहुत बड़ी खुशखबरी है





– प्रह्लाद सबनानी

> आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023–24 में 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी। विकास की वजह देश में लगातार बढ़ रहा निवेश और घरेलू मांग का बढ़ना बताया गया है। विश्व बैंक की इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) प्रतिवेदन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुकाबले भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन कायम है।

**एक अन्य** वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टेनली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर के बाद पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है।

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देश आर्थिक समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में अप्रैल-जून 2023 तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूवार्नुमानों के अनुसार वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत के आसपास रह सकती है।

आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी। विकास की वजह देश में लगातार बढ़ रहा निवेश और घरेलू मांग का बढ़ना बताया गया है। विश्व बैंक की इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) प्रतिवेदन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुकाबले भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन कायम है। इस कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में रफ्तार बनी रहेगी।

इसी प्रकार, आर्थिक विकास एवं सहयोग संगठन (ओईसीडी) द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2023 में भारत की विकास दर 6.3 प्रतिशत एवं वर्ष 2024 में 6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि दर रहने वाली है। जबकि इसी अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्रमशः 3 प्रतिशत एवं 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। जी-20 समूह में शामिल विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर वर्ष 2023 में 1.5 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

एक अन्य वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टेनली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर के बाद पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। मार्गन स्टेनली ने अब पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इससे पहले मार्गन स्टेनली ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर को 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निवेश बैंक ने कहा है कि मजबूत घरेलू मांग के चलते भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में संशोधन किया गया है। अप्रैल-जून 2023 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है, जो मार्गन स्टेनली के पूर्व अनुमान 7.4 प्रतिशत से अधिक है।

चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते अब विश्व के कई देशों का चीन पर विश्वास लगातार कम हो रहा है, जिसके कारण विकसित देशों की कई कम्पनियां चीन से अपनी विनिर्माण इकाईयों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर रही हैं। इससे चीन में कई आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस बीच भारत ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने हेतु आकर्षित करने उद्देश्य से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को अब भारत में स्थापित कर रही हैं। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, स्मार्ट फोन उत्पादन, फार्मा, टेक्सटाइल, सुरक्षा उपकरणों के निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की जा रही है।

भारत की लगातार बढ़ती आर्थिक विकास दर के चलते अब भारत में बेरोजगारी की दर भी कम हो रही है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण वार्षिक प्रतिवेदन 2022-2023 के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए भारत में बेरोजगारी की दर जुलाई 2022 से जून 2023 के खंडकाल के दौरान छह वर्ष के निचले स्तर अर्थात 3.2 प्रतिशत पर आ गई है। एनएसएसओ के अनुसार, एक वर्ष पहले की समान अवधि में यह 7.6 प्रतिशत थी। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में श्रमबल भागीदारी भी बढ़ी है। अप्रैल-जून 2023 में साप्ताहिक स्थिति में श्रमबल भागीदारी बढ़कर 48.8 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो ?एक वर्ष पहले 47.5 प्रतिशत थी। हर्ष का विषय यह भी है कि अब भारत में औपचारिक रोजगार की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक तेज गति से बढ़ रही है। औपचारिक रोजगार में कर्मचारियों को सरकारी नियमों के अंतर्गत समस्त प्रकार की सुविधाएं (प्रॉविडेंट फंड, पेंशन, मेडिकल सुविधा, आदि) नियोक्ताओं द्वारा प्रदान की जाती हैं। जबकि अनौपचारिक रोजगार की श्रेणी के कर्मचारियों को केवल मजदूरी अथवा वेतन ही प्रदान किया जाता है। इस प्रकार भारत में अब कर्मचारियों एवं मजदूरों की औसत आय में वृद्धि भी दृष्टिगोचर है।

भारत में अब तो त्यौहारी मौसम भी प्रारम्भ होने जा रहा है। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, क्रिसमस दिवस, नव वर्ष, महाशिवरात्रि, होली, आदि जैसे बड़े त्यौहार आने वाले हैं, जिन्हें भारत के नागरिक बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं एवं इन त्यौहारों का भारतीय अर्थव्यवस्था में भारी योगदान रहता है। साथ ही, भारत में अब धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन भी बहुत तेज गति से बढ़ रहा है, जिससे निश्चित ही भारत के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। अतः वैश्विक स्तर पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास के अनुमान के संदर्भ में जारी किये जा रहे संशोधित अनुमान निश्चित ही सही साबित होंगे।

खास बात

## यमुना का प्रदूषण

नीरज कुमार दुबे

**यमुना** नदी का प्रदूषित जल और जहरीला झाग यह दर्शाने के लिए काफी है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दावों और हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। इच्छाशक्ति हो तो गंगा जैसी बड़ी नदी को भी प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है, यह संकल्प देश ने सिद्ध करके दिखाया है।

दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार की नाकामियों के चलते यमुना नदी एक बार फिर सुर्खियों में है। हम आपको याद दिला दें कि इस साल मॉनसून के दौरान यमुना नदी में बाढ़ आई थी तो केजरीवाल सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए हरियाणा सरकार पर हथिनी कुंड बैराज से ज्यादा पानी छोड़ने का आरोप लगा दिया था। अब यमुना नदी में जल प्रदूषण का स्तर गहरा गया है तो जल्द ही इसका भी आरोप किसी और पर मढ़ दिया जायेगा। केजरीवाल सरकार ने यमुना नदी की सफाई के कितने ही वादे किये, तमाम तरह के फंड जारी करने की बात भी कही, यही नहीं चुनावों के दौरान अरविंद केजरीवाल ने वादा भी किया कि यदि यमुना साफ नहीं कर पाया तो मुझे वोट मत देना, लेकिन वह कभी भी अपने वादों पर खरे नहीं उतरे। हालत यह है कि आज यमुना नदी विश्व की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में शुमार है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में अक्सर शीर्ष स्थान पर बनी रहती है।

देखा जाये तो दिल्ली में यमुना नदी का प्रदूषित जल और जहरीला झाग यह दर्शाने के लिए काफी है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दावों और हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। इच्छाशक्ति हो तो गंगा जैसी बड़ी नदी को भी प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है, यह संकल्प देश ने सिद्ध करके दिखाया है। इसलिए सवाल उठता है कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने की राह में ऐसी कौन-सी बाधाएं हैं जिनको केजरीवाल सरकार दूर नहीं कर पा रही है। देश की राजधानी की हवा और पानी यदि सर्वाधिक प्रदूषित की श्रेणी में आएं तो यह शर्म की बात है। केजरीवाल सरकार खुद को हिंदूवादी दर्शाने के लिए एक तरफ मोदी सरकार से मांग करती है कि नोटों पर श्रीगणेश और लक्ष्मीजी की तस्वीर प्रकाशित की जाये।

## राजा गाधि का यज्ञ

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**विश्वामित्र** ने महर्षि वशिष्ठ को बताया। मेरे पिता महाराज गाधि की एक पुत्री सत्यवती थी। राजा गाधि कन्नोज के राजा थे। उनके राज्य का विस्तार गाजीपुर तक था। गाजीपुर का प्राचीन नाम गाधिपुर है। मरे पिताजी को पुत्र प्राप्त करने की उत्कट इच्छा थी, उनके मन में विचार आया कि एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हो। इसके लिये वो ऋचीक ऋषि को बुलाये। ऋचीक ऋषि महर्षि भृगु के पुत्र एवं प्रसिद्ध महात्मा थे। राजा महात्मा ऋचीक से बोले कि हे प्रभु मैं पुत्र येष्टि यज्ञ के लिये आपको बुलवाय हूं तथा पुत्रयेष्टि यज्ञ करवाने का आग्रह किया। ऋचीक ऋषि ने कहा कि पुत्रयेष्टि यज्ञ के लिये भूमिदान, गौदान, स्वर्णदान, हयदान तथा अन्नदान के साथ-साथ कन्यादान करना पड़ता है। ये सब दान करों तो मैं तुम्हारे लिए पुत्रयेष्टि यज्ञ कराऊंगा और आपको पुत्र की प्राप्ति होगी।राजा तैयार हो गये और उन्होंने अपनी कन्या ऋचीक ऋषि को ब्याह दी और वे पुत्रयेष्टि यज्ञ किये।यज्ञ समाप्ति के बाद वे दो पात्रों में चरु तैयार किये। इसमें से एक अपनी पत्नी सत्यवती को दूसरा चरु रानी को दिये और बोले कि जब तक गर्भ धारण न हो तब तक मैं यहीं रहूंगा। जब एक माह बीत गया और गर्भधारण हो गया तब मुनि अपनी पत्नी सत्यवती एवं रानी के कोख पर हाथ रखे और बोले- यह क्या हुआ। गर्भ परिवर्तन कैसे हो गया। जब अपनी पत्नी सत्यवती से पूछे तो वो बोली कि मैं कुछ नहीं जानती हूं। फिर राजा से पूछा तब उन्होनें भी कहा मैं नहीं जानता।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम राजपुर)**

**योग** से लेकर आयुर्वेद तक, तिरंगे से सजा बुर्ज खलीफा, नमस्ते की वैश्विक पहुंच और अमेरिका में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मंदिर के निर्माण तक, भारत की समृद्ध संस्कृति दुनिया भर में अपना आकर्षण बढ़ा रही है।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

रोचक ट्वीट

**झारखण्ड** के मेहनतकश और प्रतिभावान युवा अब ट्रेनिंग लेकर रोजगार से जुड़ रहे हैं। गरीब और वंचित समूह के इन सभी युवाओं को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**सुधारों** से देश का श्रमिक सशक्त होगा, देश का नौजवान सशक्त होगा, देश की महिलाएं सशक्त होंगी, देश का किसान सशक्त होगा। लेकिन आज देश देख रहा है कि कैसे कुछ लोग सिर्फ विरोध के लिए विरोध कर रहे हैं

**– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# आइएएस रिंकू को हटाकर केंद्र ने नौकरशाही को दिया है सख्त संदेश

योगेंद्र योगी

प्रशासन

**केंद्र की** मोदी सरकार ने 1994 बैच की अरुणाचल प्रदेश सरकार में सेवारत आईएएस अधिकारी रिंकू दुग्गा को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया। पिछले साल मई में रिंकू दुग्गा और उनके पति, संजीव खिरवार का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो कुत्ता घुमाते हुए नजर आ रहे थे। स्टेडियम में एथलीटों और कोचों को उस दिन अपना अभ्यास सत्र जल्दी खत्म करने और जगह खाली करने के लिए कहा गया था ताकि आईएएस दंपति अपने कुत्ते को घुमा सकें। केंद्र सरकार ने रिंकू दुग्गा को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देकर नौकरशाहों को संदेश दे दिया है कि जनता जनार्दन देश में सर्वोच्च है।

कुत्ता टहलाने और एथलीटों को बाहर किए जाने के मामले की केंद्र सरकार ने रिंकू दुग्गा और उनके पति संजीव खिरवार के खिलाफ जांच कराई थी। इस रिपोर्ट से एथलीटों और जनता में भारी आक्रोश फैल गया था। इसके बाद दिल्ली सरकार में प्रमुख सचिव (राजस्व) के रूप में काम करने वाले संजीव खिरवार को लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया गया था। वहीं दुग्गा को अरुणाचल प्रदेश में स्वदेशी मामलों के प्रमुख सचिव के रूप में तैनात किया गया था। इससे पहले भी केंद्र की भाजपा सरकार ने देशभर के सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को एक सख्त चेतावनी जारी की थी। कर्मचारियों को काम को लेकर सतर्क रहने और लापरवाही नहीं बरतने के आदेश दिए गए है। अगर ऐसा होता है तो रिटायरमेंट के बाद पेंशन व ग्रेच्युटी रोकने का निर्देश दिए गए। इस आदेश पर राज्य सरकारों से अपने स्तर पर फैसला लेने को कहा गया था।

केंद्र में करीब दस साल पहले सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने सरकारी दफ्तरों में पसरी, लापरवाही, लालफीताशाही, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी। केंद्र में सत्ता संभालने के साथ ही सरकार को पता चला था कि दिल्ली में आईएएस और कुछ अन्य अधिकारी कार्यालय के समय में गोल्फ खेलने चले जाते हैं। इस पर सरकार एक्शन में आ गई। सभी अधिकारियों को आगाह किया गया कि कार्यालय समय के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी निजी कार्य से नहीं जा सकता। आईएएस अधिकारियों को ऐसी उम्मीद नहीं थी कि उनकी लगाम थामने वाला भी कोई हो सकता है। दरअसल पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने नौकरशाही को मनमर्जी करने की छूट दे रखी थी। यही वजह रही कि अधिकारियों में हर तरह का दुस्साहस पैदा हो गया। अधिकारी नौकरी को निजी मिल्कियत समझ कर आम लोगों से अंग्रेजी शासन की तरह व्यवहार करने लगे थे। दूसरे शब्दों में कहें तो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मंत्री-नेताओं की शह पाकर नौकरशाही आम अवाम कि सिरमौर बन बैठी। केंद्र में सरकार के पलटते ही नौकरशाहों की हरकतों पर गहरी नजर रखी गई। मौजूदा केंद्र सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि आम लोगों की कीमत पर कुछ भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सत्ता संभालने के बाद मोदी सरकार ने कठोर कार्रवाई करते हुए ग्रुप ए और ग्रुप बी स्तर के कुल 312 अफसरों को जबरन रिटायर कर दिया। सरकार ने ग्रुप ए के 36000 कर्मचारियों और ग्रुप बी के 82000 कर्मचारियों के काम का रिव्यू किया। इनमें से 312 अफसर नकारा मिले। इनमें ग्रुप ए के 125 अफसर और ग्रुप बी के 187 अफसर शामिल हैं।

विभागीय स्तर पर कर्मचारी-अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा के साथ केंद्र सरकार ने भ्रष्ट और नाकारा अफसरों को भी सबक सिखाने की ठान ली। सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को पूरी तरह से ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की छूट दी।

कार्टून वर्ल्ड

कूल एंड हॉट



लेटर टू एडिटर

### श्री विधि से खेती

**श्री विधि** से धान और अन्य फसलों में भी भरपूर फसल प्राप्त करने के सफल प्रयोग हुए। देहरादून की संस्था पीपल सांइस इंस्टीट्यूट ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। हिमाचल प्रदेश में भी उनके ही सहयोग से आरटीडीसी संस्था ने सफल प्रयोग किये जिसके परिणाम पालमपुर कृषि विश्व विद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ भी साझा उनकी देखरेख में किये गये। **– श्रीकांत, रांची**

### राहुल से उम्मीद

**आजादी** से लेकर आज तक कांग्रेस नेहरू गांधी परिवार की बपौती रही है। एक-दो बार छोड़कर कोई राजनेता इसको चैलेंज नहीं कर सका; यदि किसी ने हिम्मत भी की तो कांग्रेस का ही विभाजन हो गया, परंतु फिर भी यह गांधी परिवार की ही सम्पदा बनी रही। अबकी बार फिर कोशिश हुई परन्तु उन्हीं के पर काट दिये गये।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# एक लाख 11 हजार मेडिकल सीट की परीक्षा 5 मई को

प्रशांत झा

शिक्षा

**नीट** यूजी 2024 की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को एग्जाम डेट, परीक्षा पैटर्न और किस तरह से तैयारी करनी चाहिए। साथ ही उनकी तैयारी कैसे होनी चाहिए। यह सारी बातें हम आपको इस आर्टिकल में बता रहे हैं। श

अगर आप मेडिकल की तैयारी कर रहे हैं और साल 2024 में नीट यूजी की परीक्षा देना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि एनआइए ने नीट यूजी 2024 परीक्षा के सिलेबस में कुछ बदलाव किए हैं। नीट यूजी 2024 की परीक्षा 5 मई 2024 को आयोजित की जायेगी। ऐसे में इस परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को एग्जाम डेट, परीक्षा पैटर्न और किस तरह से तैयारी करें, इस बारे में जानकारी होनी चाहिए।

**जानिए क्या है नीट एग्जाम**

नीट का फुल फॉर्म राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा है। यह परीक्षा नीट की तरफ से आयोजित की जाती है। ठएएळ एक तरह की इंडिया प्री-मेडिकल टेस्ट है। दंत चिकित्सा संस्थानों और भारतीय चिकित्सा संस्थानों में एमबीबीएस और एनआइटी डिग्री के लिए एक प्रवेश परीक्षा है। जिसे नीट द्वारा संचालित किया जाता है। इस एग्जाम को पास करने के बाद ही छात्र को एमबीबीएस कॉलेज में एड़मिशन मिलता है।

**कब होगी परीक्षा**

नीट द्वारा जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक 5 मई 2024 को नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस एग्जाम से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए ठळअ की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं।

**जानिए परीक्षा पैटर्न**

नीट के जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक इस बार नीट यूजी के सिलेबस में कुछ बदलाव हुए हैं। बता दें कि इस बार छात्र अगर आप 50 फीसदी भी नंबर लाते हैं तो भी वह मेडिकल कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। वहीं अगर आप एससी, एसटी और ओबीसी-एनसीएल कैटेगरी में आते हैं। तो 40% नंबर आने पर भी आपका एडमिशन टइइर के लिए हो जाएगा।

**इतनी सीटों पर मिलेगा एडमिशन**

नीट एग्जाम क्लियर करने के बाद आप अपने नंबरों के हिसाब से मेडिकल कॉलेज में एडमिशन पा सकते हैं। इसके लिए 101188 एमबीबीएस सीटे हैं।

**ऐसे करें तैयारी**

अपने लक्ष्य को पाने के लिए आपको डेली, वीकली और मेंथली स्टडी गोल सेट करने होंगे। यह गोल पूरी तरह से व्यवहारिक होने चाहिए। साथ ही यह भी देखते चलें कि आपके द्वारा पढ़े गए विषय कितना तैयार हो गए हैं। स्टडी के ट्रैक पर बने रहने के लिए आवश्यकतानुसार अपने लक्ष्यों को पूरा करें।

**स्वास्थ्य को दें प्राथमिकता**

बता दें कि नीट की तैयारी एक लंबी और कठिन यात्रा है। इसकी तैयारी के लिए स्वस्थ शरीर और हेल्दी दिमाग की जरूरत होती है। इसके लिए आप रोजाना ध्यान व व्यायाम का सहारा भी ले सकते हैं। मॉक टेस्ट दें और इस दौरान सीधे बैठने की कोशिश करें। नींद से समझौता ना करें और ज्यादा लंबे स्टडी ऑवर न रखें।

**प्रैक्टिस पर दें ध्यान**

तय समय में प्रैक्टिस पेपर सॉल्व करने की कोशिश करें। इसके लिए टाइम मैनजमेंट स्ट्रैटजी बनाएं। क्योंकि जैसे-जैसे एग्जाम की डेट पास आती जाती है, तो लोग टाइम मैनेजमेंट पर ध्यान नहीं दे पाते हैं।

अगर आप सही से प्रैक्टिस करेंगे तो परीक्षा के दिन समस्या नहीं होगी।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95705-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रामगढ़ कैंट समिति ने किया रावण दहन

**▸▸ असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है दशहरा : नंदकिशोर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** सार्वजनिक रावण दहन समिति पारसोतिया यूथ द्वारा विजयदशमी के शुभ अवसर पर मंगलवार को बुराई के प्रतीक रावण और मेघनाथ के पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड वैश्य समाज के केद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद उर्फ नंदू गुप्ता , झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी अमित कुमार सिन्हा ,पंकज महतो , जबकि गणमान्य अतिथि में धनंजय कुमार पुटूस ,विनोद , अनिल कुमार शामिल रहे। नंदकिशोर प्रसाद ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य के विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। कहा की आज के दिन ही प्रभु श्रीराम ने रावण का बध कर लोगों को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। वहीं, विशिष्ट अतिथि अमित कुमार सिन्हा ने कहा की दशहरा से हम सबों को सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष रोशन कुमार ,कार्यकारी अध्यक्ष रामकुमार,उपाध्यक्ष दिलीप कुमार ,आलोक कुमाराक सचिव उपेंद्र कुमार ,कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, सह सचिव कुणाल कुशवाहा, सहकोषाध्यक्ष पीयूष कुमार, संगठन मंत्री पिंटू गुप्ता उपसंगठन मंत्री रंजीत कुमार, महामंत्री अजय महतो, संगठन सचिव भूषण कुमार ,मीडिया प्रभारी अंकित सिन्हा,रणधीर कुमार ,उपाध्यक्ष कपिल कुमार , रतन महतो , प्रीतम कुमार संदीप दांगी और सूरज शाह,कार्यकारी सदस्य पारस महतो, कृष्ण गंजू ,संजय महतो ,शक्ति प्रसाद ,जुगल महतो ,कैलाश महतो ,सुजीत साव ,अजीत कुमार,आकाश कुमार,रवि शंकर शाह,अशोक,मुंडा दीपू सिंह,प्रमोद कुमार,राहुल गुप्ता अनिल शाह,सनी मुंडा,बलराम कुमार,दशरथ कुमार,आकाश कुमार,अखिलेश कुमार,सुधीर कुमार,अर्जुन महतो,महेंद्र महतो मिथिलेश महतो,डेविड कुमार, डब्लू कुमार,अविनाश कुमार,आकाश कुशवाहा,निहाल कुमार,लव कुमार,कुश कुमार,अशोक शाह, दीपक मुंडा,जानकी मुंडा,शंभू महतो,प्रमोद कुमार,राहुल रोशन सूरज मुंडा,आकाश तिग्गा ,रोहित कुमार ,सुरेंद्र कुमार,संतोष राज, प्रिंस राहुल,कुणाल चौधरी सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## दशहरा बुराई पर अच्छाई का प्रतीक: चंद्रप्रकाश



बाजारटांड के निकट स्थित सिद्धू कान्हू जिला मैदान में बुधवार को सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति के तत्वाधान रावण दहन हुआ। इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, और सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित हुए। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं जयंत सिन्हा ने कहा कि दशहरा अधर्म पर धर्म की विजय,असत्य पर सत्य की विजय,बुराई पर अच्छाई की जीत , पाप पर पुण्य की विजय, अत्याचार पर सदाचार की विजय,क्रोध पर दया की विजय,क्षमा की विजय और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। मौके पर समिति के महावीर अग्रवाल , मनोज कुमार महतो, राजेश गोयंका ,अरुण राय, योगेश बेदिया, छोटू सिंह, विभव सिंह, बबलू मोदी, बिट्टू सिंह चंडोक, पाले सिंह, नीरज मंडल, मनीष गोयल ,पंकज वर्णवाल, आनंद चौधरी ,सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## भुरकुंडा में मां दुर्गा को नम आंखो से दी गयी विदाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ दशहरा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इसके पूर्व दुर्गा पूजा के नौंवे दिन नवमी के अवसर पर सोमवार को मां सिद्धिदात्री की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद कन्या पूजन व भोजन आदि अनुष्ठान हुए। तत्पश्चात हवन, पुर्णाहूति आदि धार्मिक अनुष्ठान के बीच मंगलवार को पूजा संपन्न हो गया। इस दौरान मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिक सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं भक्ति उदघोषों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। कोयलांचल के भुरकुंडा थाना चौक, पटेलनगर, बिरसा चौक, हॉस्पीटल कॉलोनी, जवाहरनगर, सौंदा डी, रीवर साईड, सेंट्रल सौंदा, भदानीनगर क्षेत्र के आईएजी ग्लास फैक्ट्री, चोरधरा, कुरसे, बासल क्षेत्र के बलकुदरा, रसदा, लबगा, गेगदा सहित अन्य क्षेत्रों में दुर्गा पूजा धूमधाम एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया।

## एक नजर में

### चरही में नवरात्र धूमधाम के साथ संपन्न



**चरही।** चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में नव दिवसीय दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ समापन हो गया। विजयादशमी के दिन पुन :देवी की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। सुदूरवर्ती के लोग दोनो दिन मेले का आनंद लेते रहे ।तथा संध्या का काल में बिरसा खेल मैदान रावण दहन का कार्यक्रम किया गया ।जिसको देखने सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। चरही शिव मंदिर तालाब पहुंच कर सभी प्रतिमाओं को विधिवत पूजा अर्चना कर अंतिम विदाई दी गई। चरही श्री-श्री दुर्गा पूजा कमिटी के लोग इस पूजा को सफल बनाने के लिए दिन-लगे रहे।

### टाटीझरिया में मां की प्रतिमा का विसर्जन



**टाटीझरिया ।** झरपो,कोल्हू, टाटीझरिया में माता दुर्गा की पूजा अर्चना आराधना कर तथा मेले का आंनद लेते हुए नम आंखों से माता की प्रतिमा को क्षेत्रीय नदी तालाबों में विसर्जन किया। वही झरपो में निगरानी समिति द्वारा सन 1997 से आरंभ शारदीय दुर्गा पूजा बीते 27 वा वर्ष अध्यक्ष, सचिव , कोषाध्यक्ष सदस्यों संग ग्रामीणों ने श्रद्धायुक्त भक्ति भाव से वैदिक पूजा हवन आरती क्षेत्र की सुख समृद्धि विश्व शांति की प्रार्थना कर माता की प्रतिमा को नम आंखों से खुटाही तलाब में विसर्जन किया। पूजा को सफल बनाने में ग्रामीणों संग निगरानी समिति के पूजा अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी,उपाध्यक्ष रामबिलास शर्मा,सचिव भुनेश्वर प्रसाद,कोषाध्यक्ष किशोरी प्रसाद कुलदीप प्रसाद,सहसचिव अनुज कु.वर्मा, उपसचिव झमन राम उप कोषाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सहदेव प्रसाद, रामलखन पांडेय,वकील पांडेय, जयनाथ महतो समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

### चरही में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**चरही।** इंद्रा पंचायत टोला करमाबेड़ा में बिरसा मोमोरियल क्लब एवं झरना बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड के तत्वधान में युवा महोत्सव सह तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागू बेसरा व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति,इंद्रा मुखिया राधिका देवी, पूर्व मुखिया दशरथ महतो, झामुमो पूर्व जिला सचिव निलकंठ महतो,समाजसेवी महालाल हंसदा थे। फुटबॉल प्रतियोगिता में क्षेत्र के कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में फुसरी सलगाटोला ने रंगुबेडा की टीम को पेनाल्टी किक में 3-0 से पराजित कर फुसरी सलगाटोला टीम विजेता और रंगोबेडा टीम उपविजेता बना। वंही तीसरा कासियाडीह व चौथी करमाबेड़ा के टीम बनी। विजेता और उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि के द्वारा ट्रॉफी और एक बकरा प्रदान किया गया।

### जेबीकेएसएस के अध्यक्ष बने नरेश साव



**केरेडारी।** जेबीकेएसएस संगठन को मजबूती को लेकर अहरापर मैदान कंडाबेर में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नरेश साव व संचालन कामेश्वर कुमार ने किया। बैठक मे पंचायत स्तरीय संगठन विस्तार किया गया। जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य सत्यम साव ने बताया कि अध्यक्ष - नरेश साव, उपाध्यक्ष -पंकज कुमार, जुगेश्वर कुशवाहा, सचिव - लोकेश कुमार, उपसचिव- भुनेश्वर राणा, मो हसीब, कोषाध्यक्ष - मो शाहबान उपकोषाध्यक्ष - बिनोद साव, मीडिया प्रभारी - सुनिल मंडल बनाये गये। मौके पर सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### दारू में शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा संपन्न



**दारू।** प्रखंड में दुर्गा पूजा का त्यौहार शांति व उल्लासपूर्वक संपन्न हो गई। दस दिनों तक वाला यह त्यौहार पूरे धूमधाम से मनाई गई। प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा पूजा समिति दारू की प्रतिमा बक्शीडीह छठ तालाब में मंगलवार को बिसर्जित किया गया। माता की मेढ़ को काँधे पर उठाये माता रानी के भक्त दुर्गा माता की जयकारे लगाते हुए तालाब तक ले गए जहाँ माता रानी की प्रतिमा को बिसर्जित कर दिया गया। इस दौरान भक्तो का सैलाब माता रानी को विदा करने तालाब तक पहुंचा था जिसमे बहुत से भक्तो की आँखे नम थी। सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति दारू से माता रानी को गाजे बाजे के साथ भक्तो की टोली निकली और पुरनाडीह तालाब में माता की प्रतिमा विसर्जित किया गया। बीडीओ मनीष कुमार और सीओ अदिति गुप्ता भी दुर्गा मंडपों का लगातार निरिक्षण करती रही और पूजा समितियों को निर्देश देते नजर आये।

### दक्षिणेश्वर कालीमंदिर में नवरात्र संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शीतला मंदिर प्रांगण में स्थापित दक्षिणेश्वर कालीमंदिर में नवरात्र पाठ का समापन नवमी पूजन, हवन नव कन्या पूजन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूजा में बतौर यजमान विजय वर्मा, माता निर्मला देवी शामिल हुई। हवन के बाद नव कन्या पूजन और प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मंदिर के संस्थापक किशोरी वर्मा ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है ।मंदिर की पुजारन आशा देवी, विजय वर्मा, अजय वर्मा, राजा वर्मा, मुकेश वर्मा, शिवम कुमार, भीम कुमार, अर्श, सूरज, पूनम देवी, सोनी देवी, मीनू देवी, नेहा देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

### भुरकुंडा : शीतला मंदिर में उमड़ी भीड़



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल मोड़ भुरकुंडा स्थित शीतला मंदिर में चार दशक से भी अधिक समय से दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मां नवरात्र का पाठ होते आया है। शारदीय और चैत मास के दोनो नवरात्रा में कलश स्थापना और नव कन्या पूजन की जाती है। मां शीतला मंदिर में नवमी को पुष्पांजलि हवन के साथ नवरात्र पूजन का समापन हुआ। हवन के बाद नौ कन्याओं को पूजन कर भजन करवाया गया। इस दौरान पुरोहित राम कुमार पाठक द्वारा भगवती पाठ, हवन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मौके पर उत्तम सिन्हा, शंकर सिंह, भोला सिंह, विनय मेहता, राजन नायक, शक्ति श्रीवास्तव, प्रशांत मुखर्जी, सहित दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

### गेगदा में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बासल (रामगढ़)।** श्रीश्री मां दुर्गा पूजा समिति क्वायरी गेट गेगदा के तत्वावधान में गेगदा में विजयदशमी को रावण दहन एवं भव्य नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार रवि एवं संचालन विकास कुमार उरांव ने किया। गूंज म्यूजिकल ग्रुप की ओर से इग्नेश कुमार एवं चिंता देवी सहित जाने-माने नागपुरी कलाकारों ने शिरकत कर सबका जोरदार मनोरंजन किया।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में रावण का पुतला दहन

**रामगढ़।** छावनी फुटबॉल ग्राउंड में मंगलवार की शाम रामगढ़ कैंट दशहरा समिति द्वारा रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ,विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे मौजूद थे। जयंत सिन्हा ने कहा कि रावण रूपी भ्रष्टाचार को खत्म करने का हम लोगों को संकल्प लेना चाहिए। कहा कि दशहरा अधर्म पर धर्म की विजय, असत्य पर सत्य की विजय, बुराई पर अच्छाई की विजय, पाप पर पुण्य की विजय,अत्याचार पर सदाचार की विजय का त्यौहार है। मौके पर बलजीत सिंह बेदी,प्रकाश मिश्रा,रंजीत पांडे, विजय जायसवाल, रॉबिन गुप्ता, राजेश ठाकुर, ध्रुव कुमार अग्रवाल,बद्री विश्वकर्मा,सत्यजीत चौधरी,भगवान प्रसाद,रविंद्र शर्मा,मणिशंकर ठाकुर, संजीव सिंह टीपू,छोटन सिंह, मुन्ना खटीक,सतनारायण यादव,विशाल जायसवाल, तुलेश्वर पासवान, सौरभ जयसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### बाइक और टेंपो में टक्कर, दो घायल

**कुजू।** ऋषि कांटा भरेचनगर सांडी के पास सोमवार सुबह बाइक और टेंपो की सीधी टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बोंगाबार निवासी आदित्य पंडा और शिवम पंडा बाइक संख्या जेएच 24 एफ 6114 पर सवार होकर रामगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान उक्त कांटा के सभी टेंपो संख्या जेएच02एएल 3924 से सीधी टक्कर हो गई। इसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों युवक को इलाज के लिए रांची रोड स्थित दी होप अस्पताल ले जाया गया जहां आदित्य का इलाज चल रहा है ।जबकि शिवम की स्थिति गंभीर होता देख रांची मेडिका रेफर कर दिया गया।

### मतकमा चौक पर खुला ब्यूटी पार्लर

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भुरकुंडा मतकामा चौक सांवरिया मॉल के बगल में नाइस लेडीज ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन किया गया। पार्लर का उद्घाटन मुख्य अतिथि खोदेजा खातून ने किया। मौके पर दुकान संचालक मो. टिंकू खान ने बताया कि फूली एसी पार्लर में महिलाओ के हितों का पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही इस पार्लर की पहचान होगी। मौके पर मो. जमीर, मो सलीम, राहुल कुमार सिंह, बारीक अंसारी, छोटू खान, आलम, बलदेव राम, मनीष चौबे, पिंकू खान, अभिषेक कुमार, बबलू यादव, राजू सोनकर, बबलू मांझी, मनन पेंटर सहित कई लोग मौजूद थे।

## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,हजारीबाग
### (जिला निर्वाचन शाखा)

**–: मतदान केन्द्र के नाम परिवर्तन की आम सूचना :–**

आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदान केन्द्रों के शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन के पश्चात् निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका–2023 के अध्याय–2 के कंडिका 2.11.1 के आलोक में 20–बरकट्ठा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के (Nomenclature) नाम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी है। मतदान केन्द्रों के नाम में यह परिवर्तन विद्यालय/सरकारी भवनों के विलय/उत्क्रमण के कारण हुआ है, इसमें भवन के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं है। नाम परिवर्तन वाले मतदान केन्द्रों की सूची निम्नवत् आम सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है :–

| क्र0 | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सं0 एवं नाम | मतदान केन्द्र संख्या | पूर्व में मतदान केन्द्र का नाम | मतदान केन्द्रों का परिवर्तित नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20–बरकट्ठा | 80 | उ0 म0 विद्यालय चहाल | उ0 म0 विद्यालय धुसई | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 2 | 20–बरकट्ठा | 97 | प्रा0वि0 चंदरा, उ0भाग | उ0 म0 विद्यालय, चंदरा (उ0भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 3 | 20–बरकट्ठा | 98 | प्रा0वि0 चंदरा, द0भाग | उ0 म0 विद्यालय, चंदरा (द0भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 4 | 20–बरकट्ठा | 129 | उ0 म0 विद्यालय मकतपुर | रा0म0वि0 मकतपुर | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 5 | 20–बरकट्ठा | 264 | उ0 म0 विद्यालय केन्दुआ–II | राजकीय उ0 म0 विद्यालय केन्दुआ–2 | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 6 | 20–बरकट्ठा | 266 | प्रा0 वि0 पलमा | राजकीय प्रा0 वि0 पलमा | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 7 | 20–बरकट्ठा | 272 | नव प्रा0 वि0 परतकोला | उ0 प्रा0 वि0 परतकोला | उत्क्रमण के कारण। |
| 8 | 20–बरकट्ठा | 273 | पंचायत भवन रागडीह | उत्क्रमित उर्दू+2 उच्च वि0 रागडीह | पंचायत भवन रागडीह विद्यालय परिसर में ही अवस्थित है। भवन में कोई परिवर्तन नहीं है, सिर्फ नाम में परिवर्तन किया गया है। |
| 9 | 20–बरकट्ठा | 274 | मध्य विद्यालय चलकुशा पूर्वी भाग | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय चलकुशा उत्तरी भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 10 | 20–बरकट्ठा | 275 | मध्य विद्यालय चलकुशा मध्य भाग | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय चलकुशा मध्य भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 11 | 20–बरकट्ठा | 277 | मध्य विद्यालय चलकुशा मध्य भाग पुरान भवन | उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय चलकुशा दक्षिणी भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 12 | 20–बरकट्ठा | 279 | मध्य विद्यालय चलकुशा उत्तरी भाग पुरान भवन | उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय चलकुशा, पश्चिमी भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 13 | 20–बरकट्ठा | 280 | नव प्राथमिक विद्यालय बाराडीह | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बाराडीह | उत्क्रमण के कारण। |
| 14 | 20–बरकट्ठा | 284 | प्राथमिक विद्यालय बड़ानो | रा0 उत्क्रमित मध्य वि0 बड़ानो | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 15 | 20–बरकट्ठा | 285 | उत्क्रमित मध्य वि0 दिगवार | रा0 उत्क्रमित मध्य वि0 दिगवार | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 16 | 20–बरकट्ठा | 286 | मध्य विद्यालय मस्केडीह (पुराना भवन) | रा0 उ0 मध्य विद्यालय मस्केडीह पुराना भवन | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 17 | 20–बरकट्ठा | 288 | उ0म0वि0मस्केडीह नया भवन | रा0 उ0 म0 वि0 मस्केडीह नया भवन पूर्वी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 18 | 20–बरकट्ठा | 293 | उ0म0वि0 मानगो | रा0 उ0 कन्या म0 वि0 मानगो | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 19 | 20–बरकट्ठा | 295 | उ0 म0 वि0 कटघरा | नव प्रा0 वि0 कटघरा | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 20 | 20–बरकट्ठा | 296 | उ0 मध्य वि0 सुदन पूर्वी भाग | रा0 म0 वि0 सुदन पूर्वी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 21 | 20–बरकट्ठा | 297 | उ0 मध्य वि0 सुदन प0 भाग | रा0 म0 वि0 सुदन पश्चिमी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 22 | 20–बरकट्ठा | 298 | उ0 मध्य वि0 सलैयडीह पूर्वी 0भाग | उ0 उच्च विद्यालय सलैयडीह पूर्वी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 23 | 20–बरकट्ठा | 299 | उ0 मध्य वि0 सलैयडीह प0 भाग | उ0 उच्च विद्यालय सलैयडीह प0 भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 24 | 20–बरकट्ठा | 301 | नव प्रा0 विद्यालय खारी | उ0 प्रा0 वि0 खारी | उत्क्रमण के कारण। |
| 25 | 20–बरकट्ठा | 304 | उ0म0वि खरगू, पूर्वी भाग | रा0 उ0 मध्य विद्यालय, खरगू पूर्वी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 26 | 20–बरकट्ठा | 305 | उ0म0वि खरगू, पश्चिमी भाग | रा0 उ0 मध्य विद्यालय, खरगू, पश्चिमी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 27 | 20 बरकट्ठा | 306 | उ0म0वि खरगू, मध्य भाग | रा0 उ0 मध्य विद्यालय, खरगू, मध्य भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 28 | 20 बरकट्ठा | 307 | नव सृजित प्रा0वि0 लक्ष्मीपुर, चौबे | उ0 प्रा0वि0 लक्ष्मीपुर, चौबे | उत्क्रमण के कारण। |
| 29 | 20 बरकट्ठा | 308 | नव सृजित प्रा0वि0 चौधरी टोला लक्ष्मीपुर, चौबे | नव प्रा0वि0 चौधरी टोला चौबे | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 30 | 20 बरकट्ठा | 309 | कन्या प्रा0 वि0 चौबे प0 भाग | राजकीयकृत कन्या उ0 म0 वि0, चौबे पश्चिमी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 31 | 20 बरकट्ठा | 310 | उ0म0वि0 चौबे पुराना भवन | राजकीयकृत कन्या उ0 म0 वि0, चौबे पूर्वी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 32 | 20 बरकट्ठा | 312 | कन्या प्राथमिक वि0, चौबे | राजकीयकृत कन्या उ0 म0 वि0, चौबे, दक्षिणी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 33 | 20 बरकट्ठा | 313 | उ0उच्च वि0 तिलरा कवातु (पू0भाग) | उत्क्रमित+2उच्च वि0 तिलरा कवातु (पू0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 34 | 20 बरकट्ठा | 314 | उ0उच्च वि0 तिलरा कवातु (उ0भाग) | उत्क्रमित+2उच्च वि0 तिलरा कवातु (उ0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 35 | 20 बरकट्ठा | 315 | उ0उच्च वि0 तिलरा कवातु (प0भाग) | उत्क्रमित+2उच्च वि0 तिलरा कवातु (प0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 36 | 20 बरकट्ठा | 316 | उ0उच्च वि0 तिलरा कवातु (द0भाग) | उत्क्रमित+2उच्च वि0 तिलरा कवातु (द0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 37 | 20 बरकट्ठा | 333 | के0एन0उ0वि0 ईचाक, पू0भाग | के0एन0+2उच्च वि0 ईचाक (पू0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 38 | 20 बरकट्ठा | 334 | के0एन0उ0वि0 ईचाक, प0भाग | के0एन0+2उच्च वि0 ईचाक (प0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 39 | 20 बरकट्ठा | 353 | नव0प्रा0वि0 कारीमाटी | उत्क्रमित प्रा0वि0, कारीमाटी | उत्क्रमण के कारण। |
| 40 | 20 बरकट्ठा | 362 | नव प्रा0 वि0 कुटुमसुकरी (पू0भाग) | उत्क्रमित प्रा0वि0 कुटुमसुकरी (पू0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 41 | 20 बरकट्ठा | 365 | नव प्रा0 वि0 कुटुमसुकरी (प0भाग) | उत्क्रमित प्रा0वि0 कुटुमसुकरी (प0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 42 | 20 बरकट्ठा | 370 | रा0 म0 वि0 पुराना ईचाक पुराना भवन पू0 भाग | रा0प्रा0वि0 पुरानाडीह (पू0 भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 43 | 20 बरकट्ठा | 371 | रा0 म0 वि0 पुराना ईचाक नया भवन प0 भाग | रा0प्रा0वि0 पुरानाडीह (प0 भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 44 | 20 बरकट्ठा | 391 | उ0म0वि0 फुफुन्दी | उत्क्रमित उच्च वि0, फुफुन्दी | उत्क्रमण के कारण। |
| 45 | 20 बरकट्ठा | 405 | नव0प्रा0वि0 डोय | उत्क्रमित प्रा0वि0 डोय | उत्क्रमण के कारण। |
| 46 | 20 बरकट्ठा | 410 | प्रा0वि0 लुन्दरू (उ0भाग) | रा0उत्क्रमित म0वि0 लुन्दरू (उ0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 47 | 20 बरकट्ठा | 411 | प्रा0वि0 लुन्दरू (द0भाग) | रा0उत्क्रमित म0वि0 लुन्दरू (द0भाग) | उत्क्रमण के कारण। |
| 48 | 20 बरकट्ठा | 429 | प्राथमिक वि0 कनौदी, कमरा नं0–1 | राजकीयकृत प्राथमिक वि0 कनौदी (कमरा नं0–1) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 49 | 20 बरकट्ठा | 430 | प्राथमिक वि0 कनौदी, कमरा नं0–2 | राजकीयकृत प्राथमिक वि0 कनौदी (कमरा नं0–2) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 50 | 20 बरकट्ठा | 431 | उत्क्र0 मध्य वि0 घाघराखुर्द | राजकीयकृत उत्क्र0 मध्य वि0 घाघरा | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 51 | 20 बरकट्ठा | 432 | नव प्राथमिक वि0 अमली पूर्वी भाग | उत्क्र0 प्राथमिक वि0 अमली पूर्वी भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 52 | 20 बरकट्ठा | 433 | नव प्राथमिक वि0 अमली पश्चिमी भाग | उत्क्र0 प्राथमिक वि0 अमली पश्चिमी भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 53 | 20 बरकट्ठा | 434 | उत्क्र0 उच्च वि0 मेढकुरी कला | उत्क्र0 उच्च वि0 मेढकुरी | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 54 | 20 बरकट्ठा | 435 | नव प्रा0 वि0 मेढकुरी खुर्द | उत्क्र0 प्राथ0 वि0 मेढकुरी | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 55 | 20 बरकट्ठा | 436 | प्रा0 वि0 कविलासी | राजकीयकृत प्राथमिक वि0, कविलासी | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 56 | 20 बरकट्ठा | 437 | नव0 प्रा0 वि0 तिलज, चोरिया | उत्क्र0 प्राथमिक वि0 तिलज, चोरिया | उत्क्रमण के कारण। |
| 57 | 20 बरकट्ठा | 438 | प्रा0 वि0 गाडीसाडम | गाडीसाडम | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 58 | 20 बरकट्ठा | 439 | नव0 प्रा0 वि0 बलिया | उत्क्र0 प्राथमिक वि0 बलिया | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 59 | 20 बरकट्ठा | 440 | प्रा0 वि0 शिलाडीह | राजकीयकृत प्राथमिक वि0, शिलाडीह | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 60 | 20 बरकट्ठा | 441 | उत्क्र0 मध्य वि0 देवरिया | राजकीयकृत उत्क्र0 मध्य वि0 देवरिया | उत्क्रमण के कारण। |
| 61 | 20 बरकट्ठा | 442 | उत्क्र0 म0 वि0 बसरिया | राजकीयकृत उत्क्र0 म0 वि0 बसरिया | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 62 | 20 बरकट्ठा | 445 | नव0 प्रा0 वि0 पूनाइटांड (कमरा सं0–1) | उत्क्र0 प्राथ0 वि0 पूनाइटांड (कमरा सं0–1) | उत्क्रमण के कारण। |
| 63 | 20 बरकट्ठा | 446 | नव0 प्रा0 वि0 पूनाईटांड (कमरा सं0–2) | उत्क्र0 प्राथ0 वि0 पूनाईटांड (कमरा सं0 – 2) | उत्क्रमण के कारण। |
| 64 | 20 बरकट्ठा | 447 | नव0 प्रा0 वि0 पूनाईटांड (कमरा सं0–3) | उत्क्र0 प्राथ0 वि0 पूनाईटांड (कमरा सं0–3) | उत्क्रमण के कारण। |
| 65 | 20 बरकट्ठा | 448 | उत्क्र0 म0 वि0 जरगा | राजकीयकृत उत्क्र0 म0 वि0 जरगा | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 66 | 20 बरकट्ठा | 449 | नव0 प्रा0 वि0 टटगावां | उत्क्रमित प्राथ0 वि0 टटगावां | उत्क्रमण के कारण। |
| 67 | 20 बरकट्ठा | 450 | नव प्राथमिक विद्यालय, करमा पूर्वी भाग | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, करमा पूर्वी भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 68 | 20 बरकट्ठा | 451 | नव प्राथमिक विद्यालय, करमा उतरी भाग | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, करमा उतरी भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 69 | 20 बरकट्ठा | 452 | नव प्राथमिक विद्यालय, करमा पश्चिमी भाग | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, करमा पश्चिमी भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 70 | 20 बरकट्ठा | 453 | मध्य विद्यालय बेडमक्का, उ0 भाग | रा0 मध्य विद्यालय बेडमक्का, उ0 भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 71 | 20 बरकट्ठा | 454 | मध्य विद्यालय बेडमक्का, द0 भाग | रा0 मध्य विद्यालय बेडमक्का, द0 भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 72 | 20 बरकट्ठा | 455 | प्राथमिक विद्यालय, नारायणपुर | रा0 प्राथमिक विद्यालय, नारायणपुर | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 73 | 20 बरकट्ठा | 456 | मध्य विद्यालय झरपो, उ0 भाग | उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय झरपो उ0 भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 74 | 20 बरकट्ठा | 457 | मध्य विद्यालय झरपो, म0 भाग | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय झरपो म0 भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 75 | 20 बरकट्ठा | 458 | मध्य विद्यालय झरपो, पूर्वी0 भाग | उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय झरपो पूर्वी0 भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 76 | 20 बरकट्ठा | 459 | मध्य विद्यालय झरपो, प0 भाग | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय झरपो प0 भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 77 | 20 बरकट्ठा | 460 | मध्य विद्यालय झरपो, द0 भाग | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय झरपो द0 भाग | उत्क्रमण के कारण। |
| 78 | 20 बरकट्ठा | 461 | नव प्राथमिक विद्यालय, गोठा टोली | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गोठा टोली | उत्क्रमण के कारण। |
| 79 | 20 बरकट्ठा | 464 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय भराजो पूर्वी भाग | रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भराजो पूर्वी भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 80 | 20 बरकट्ठा | 466 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय भराजो प0 भाग | रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भराजो प0 भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 81 | 20 बरकट्ठा | 467 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय भराजो मध्य भाग | रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भराजो मध्य भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 82 | 20 बरकट्ठा | 468 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमनारी पू0 भाग | रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमनारी पू0 भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 83 | 20 बरकट्ठा | 469 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमनारी मध्य0 भाग | रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमनारी मध्य भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 84 | 20 बरकट्ठा | 470 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमनारी प0 भाग | रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमनारी प0 भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |

PR 309869 Election(23-24)D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

## स्पीड न्यूज

### नवयुवक संघ की विद्युत चालित मां दुर्गा की झांकी रहा आकर्षण का केंद्र

**गुमला।** भारतीय नवयुवक संघ द्वारा विद्युत चालित मां दुर्गा की प्रतिमा गुमला में आकर्षण का केंद्र रहा। सप्तमी, अष्टमी और नवमी की शाम विद्युत चालित मां दुर्गा की झांकी प्रस्तुत की गयी थी। झांकी देखने लोगों की भीड़ उमड़ी थी। ज्ञात हो लगभग सभी पूजा पंडाल दुधिया रोशनी से जगमग थे।

### नम आंखों से मां अंबे को दी गयी विदाई

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के बाद दशमी के दिन भक्तों ने कैरो, हनहट व नगजुवा में नम आंखों से मां अंबे का विसर्जन किया। विजयादशमी पर कैरो में भव्य लाइटिंग के साथ रावण दहन किया गया। जिसे देखने हजारों भक्त उमड़े। विधि व्यवस्था को लेकर प्रखंड प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये थे। रावण दहन में भारी भीड़ शामिल हुई थी।

### बांग्ला रीति से दी गयी मां दुर्गे को विदाई, सिंदूर खेला का आयोजन



**गुमला।** बंगाली रीति रिवाज के अनुसार दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन की प्रात: मां को विदाई देने की प्रसिद्ध परंपरा सिंदूर खेला स्थानीय बंगाली क्लब में किया गया। इसमें भाग लेने के लिए मंगलवार की प्रात: से ही महिलाओं की भीड़ जुटी रही। महिलाओं ने सर्वप्रथम पान के पत्तों से मां दुर्गा के गाल की सेंकाई की। गाल सेंकाई के बाद उन्हें सिंदूर लगाया गया। गोद भराई खोईचा की रीत भी मां के आंचल में चावल डालकर की गयी। अंतिम में मां को संदेश यानि मिठाई का भोग भी लगाया गया। इसके बाद महिलाओं ने आपस में एक दूसरे के गालों व चेहरों में सिंदूर लगाकर सुहागन की कामना की।

### ब्रह्माकुमारी विवि ने दिखायी चैतन्य झांकी



**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय शाखा गुमला के घाटो बगीचा स्थित शिव दर्शन भवन में चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन अष्टमी और नवमी के दिन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ लिया। झांकी में विशेष महिषासुर वध का प्रसंग दिखाया गया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। यह जो चैतन्य दुर्गा झांकी दिखायी गयी। उसमें दुर्गा बनने वाली राजयोगी बहने ब्रह्माकुमारी आश्रम से मेडिटेशन करती हैं। राजयोग का अभ्यास करती हैं। यह सपरिवार ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संपर्क में हैं, इन सभी के मन में यही शुभकामना है कि शिव शक्ति दुर्गा मां आ गई हैं । लेकिन मनुष्य के अंदर जो असुर है वह तो अभी तक संहार हुआ ही नहीं है। यह जो दानव है यह कोई महिषासुर ,राक्षस या मानव आदि नहीं है। किंतु हर एक मनुष्य के अंदर में दानव रूपी पांच विकार है। यह महिषासुर भी है कि मेरे 5 साथी काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या द्वेष आदि हर एक मानव के अंदर में व्यापक है।

### प्रसव के बाद महिला की मौत, सड़क जाम



**सिसई।** रेफरल अस्पताल सिसई में ऑक्सीजन व एंबुलेंस के अभाव में डिलीवरी पेसेंट महिला सिसई बस्ती निवासी शमीमा परवीण की मौत हो गयी। मृतक के पति कारी अफरोज अंसारी ने बताया कि पत्नी की डिलीवरी को लेकर अस्पताल लाये थे। लेकिन नर्सों ने बोला कि कोई दिक्कत नहीं है पेशेंट को घर ले जाइये। जिसके बाद पत्नी को लेकर घर चल गये। आचानक रात 8 बजे हालत और खराब हो गयी। जिसके बाद तुरंत रेफरल अस्पताल में एडमिट कराया गया। जहां डॉक्टर नर्स डिलीवरी कराने के कार्य में लगे रहे। बच्चे की नोर्मल डिलीवरी हुई भी, लेकिन ब्लड काफी चले जाने से मरीज की हालत खराब होता देख उसे रात को सदर अस्पताल गुमला के लिए रेफर कर दिया गया। जब मरीज को ले जाने के लिए एंबुलेंस और ऑक्सीजन की मांग की गयी, तो अस्पताल में दोनों व्यवस्था होते हुए भी उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके बाद बिना ऑक्सीजन के ही ममता वाहन से सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ता में महिला की मौत हो गयी। जिसके बाद शव को आधा रास्ता से ही लौटा कर वापस घर ले आया गया। घटना की जानकारी मिलने पर बस्ती के सैकड़ों ग्रामीण चार बजे सुबह ही शव को लेकर रेफरल अस्पताल पर पहुंच गये और मुआवजा व लापरवाह डॉक्टर और नर्स पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। साथ ही एनएच 43 को जाम कर दिया। सूचना पर सिसई सीओ नीतीश खलखो घटनास्थल पहुंच मामले की जानकारी लेते हुए समझाने की कोशिश की। लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। जिसके बाद सीओ ने लिखित अश्वासन दिया कि मृतका के तीनों बच्चों को सरकारी खर्च पर पढ़ाया जायेगा और दोषी नर्स डॉक्टर के खिलाफ जांच कर उसे निलंबित किया जाएगा। उसके बाद शव को अस्पताल से ले जाया गया और जाम को हटाया गया।

### दिव्यांग को अगवा कर रहे मनचलों को ग्रामीणों ने धुना, पुलिस के हवाले

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के छतरपुर में सोमवार की देर रात शौच करने घर से निकली दिव्यांग लड़की (20) बाइक से आये दो मनचले उठाकर ले जाने लगे। तभी लड़की ने जोर से शोर मचायी। आवाज सुन पिता सीताराम लोहार एवं आसपास पड़ोस के लोग मनचलों को दौड़ाने लगे। आगे बालू होने से उनकी गाड़ी फंस गयी। एक लड़का वहां से भाग गया। वहीं एक अन्य संदीप रौतिया को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद उसे रस्सी से बांधा। लड़की के पिता ने घटना की सूचना मुखिया सुशील दीपक मिंज को दी। मुखिया ने इसकी सूचना चैनपुर थाना को दी। चैनपुर पुलिस घटनास्थल पहुंच उक्त युवक संदीप व एक स्कूटी को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस अन्य एक फरार युवक की तलाश में जुटी हुई है। इधर, दिव्यांग की मां ने बताया कि सोमवार को चैनपुर में मेला लगा था। परिवार के सभी सदस्य मेला देखने गये थे। जाने के लिए तैयार हो रहे थे। इस वक्त मेरी बेटी बाहर शौच करने गयी थी।

# दशहरा पर जिले भर में दिखा सरना और सनातन धर्म का अनूठा संगम

## असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है दशहरा पर्व : डीसी

- रावण दहन देखने उमड़ा जनसैलाब
- बक्सीडिप्पा पतरा में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने किया कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में धूम धाम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हुआ। 10 दिवसीय इस पर्व में नवमी को माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। वहीं विजयादशमी के अवसर पर बक्सीडिप्पा स्थित बक्सी पतरा में रावण दहन सह मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आकर्षक आतिश बाजी के बीच रावण दहन हुआ। आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो उठा। इस बार असत्य पर सत्य की जीत के पर्व दशहरा का उल्लास सभी पर छाया रहा। मेले में काफी संख्या में लोग पहुंचे, एक से बढ़ कर एक



मेले में झांकी के दौरान मंच पर विराजमान राम, लक्ष्मण और हनुमान।



डीसी, एसपी को सम्मानित करते अध्यक्ष।

पारंपरिक ढोल, नगाड़े, मांदर, घंट की धुन में लोग थिरकते रहे। वहीं सरना सनातन का अनूठा संगम दिखा। इस बार शहर के नये स्थान बक्सीपत्रा में दशहरा मेले के आयोजन हुआ। जहां लोगों का हुजूम रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के दहन के साक्षी बने।

केंद्रीय दुर्गा पूजा के बैनर तले दशहरा मैदान में सबसे पहले आये हुए सभी आगंतुक, अतिथियों का स्वागत केंद्रीय अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा, महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया। उसके बाद द्वीप प्रज्वलित अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, प्रवीण सिंह, लाल अजय नाथ साहदेव, नीरू शांति भगत,ओम प्रकाश सिंह,चंद्र शेखर अग्रवाल, संदीप गुप्ता, इंद्रजीत लकड़ा, मिथुन तमेड़ा ने किया गया। मौके पर उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा की असत्य पर सत्य की जीत का प्रतिक विजयादशमी पर हम सबों को भी वचन लेना चाहिए की अपने अंदर के रावण का वध कर समाज के प्रति जिम्मेवार बने। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहरदगा के लोगों ने बड़े ही प्रेम,शांति, और सौहार्द से पर्व को मनाया। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने कहा कि दशहरा असत्य,अत्याचार से लड़ने की प्रेरणा देता है, पुलिस प्रशासन ने पूरी तन्मयता से विधि व्यवस्था को बनाये रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिसमें सभी का भरपूर सहयोग मिला।

**ये भी थे उपस्थित**

मेले में नीरू शांति भगत, प्रवीण सिंह, लाल अजय नाथ शाहदेव, ओम प्रकाश सिंह, चंद्रशेखर अग्रवाल, इंद्रजीत लकड़ा, मिथुन तमेड़ा, सचिन साहू, मनीष सिंह, संदीप भगत, दिलीप उरांव, जय प्रकाश शर्मा, निलेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, अजय पंकज, राजकुमार वर्मा, अशोक पोद्दार, अभय महतो, अशोक घोष, कमलजीत सिंह, सूरज अग्रवाल, दीपक सर्राफ, राजेश महतो, संदीप पोद्दार, विनोद प्रजापति, सरोज प्रजापति, अनिल गुप्ता, मोहन दास, अविनाश साहदेव, बिपुल तमेड़ा उपस्थित रहे।

### जिले में हर्षोल्लास के साथ मना दशहरा, सभी प्रखंडों में रावण दहन

# गुमला में सतरंगी आतिशबाजी के बीच किया गया रावण दहन

- बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है रावण दहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बुराई पर अच्छाई के जीत का पर्व दशहरा जिले में हर्षोल्लास संपन्न हो गया। स्थानीय परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में सप्तरंगी आतिशबाजी व हजारों के भीड़ के बीच बुराई के प्रतीक के रूप में रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया गया। पुतला आग लगने के बाद धू-धू कर जला उठा। रावण दहन के पूर्व स्टेडियम परिसर बम के धमाकों से



कार्यक्रम में शामिल सांसद, डीसी, एसपी व अन्य।

गूंजता रहा। आकर्षक सप्तरंगी आतिशबाजी से माहौल खुशनुमा हो गया। सांसद सुदर्शन भगत, सांसद समीर उरांव व उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एसपी हरविंदर सिंह, एसडीओ रवि जैन ने रावण के पुतले का दहन किया। रावण दहन में काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। इससे पूर्व कई पूजा पंडालों की प्रतिमाएं शहर भ्रमण करते हुए अलबर्ट एक्का स्टेडियम पहुंची। मां की प्रतिमा स्टेडियम पहुंचने के बाद विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। पुतले में आग लगते ही कई जोरदार धमाके हुए। रावण दहन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी थी। गुमला में अलबर्ट एक्का स्टेडियम के अलावे करौंदी रथ बगीचा, गुमला प्रखंड के मुरकुंडा, डुमरडीह व अन्य स्थानों पर बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके अलावे जिले के जारी, डुमरी, चैनपुर, रायडीह, विशुनपुर, घाघरा, सिसई, भरनो, पालकोट, बसिया, कामडारा में भी रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# विसर्जन जुलूस में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा, भक्तों ने की मां की आरती

- मां की आस्था व भक्ति में शोभायात्रा के दौरान झूमे लोग
- सिसई रोड स्थित छठ तालाब में किया गया प्रतिमा का विसर्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** दशमी को मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूजा समितियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा को वाहन में सजाकर शहर भ्रमण कराया। शोभायात्रा के दौरान मां के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ सड़कों पर उमड़ी।

लोग अपने घरों से आरती की थाली लेकर मां की पूजा अर्चना की। शोभायात्रा के दौरान युवक मां की आस्था व भक्ति में झूमते रहें। शोभायात्रा में भक्तों के बीच पूजा समितियों द्वारा प्रसाद का वितरण



जुलूस के स्वागत के लिए खड़े मुस्लिम समुदाय के लोग।

भी किया गया। रावण दहन के बाद सिसई रोड स्थित छठ तालाब में भक्ति भाव से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

स्थानीय टावर चौक शोभा यात्रा का मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वागत किया। यह पहला मौका था जब सद्भावना का परिचय देते हुए मुस्लिम समाज के लोग दुर्गा पूजा शोभा यात्रा शरीक होकर आपसी एकता की मिसाल पेश की। शोभायात्रा में निर्मल कुमार गोयल, रमेश कुमार, अशोक शर्मा, बद्री कुमार गुलशन, नितेश कुमार लाल, मुकेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, रामनिवास प्रसाद, राजेश सिंह, दामोदर कसेरा आदि शामिल थे।

## नवमी को पूजा पंडालों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, पूजी गयीं कन्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** नवमी को मां के दर्शन के लिए पूजा पंडालों में जन सैलाव उमड़ा। सड़क से लेकर पूजा पंडालों तक लोगों की भीड़ मां के दर्शन के लिए लगी रही। हर पूजा पंडाल में भक्तों की भीड़ देखी गई। अष्टमी उपवास रहने के कारण नवमी को मां के दर्शन के लिए सपरिवार लोग घरों से बाहर निकले। शहर के पालकोट रोड स्थित शक्ति संघ, सिसई रोड स्थित अरूणोदय संघ, लोहरदगा रोड स्थित मां भवानी संघ, विश्व भारती संघ, ज्योति संघ, बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर, बंगाली क्लब, महावीर चौक स्थित भारतीय नव युवक संघ, रामनगर स्थित आदिशक्ति पूजा समिति, करौंदी स्थित मालवीय नगर मंदिर व डुमरीडह पूजा समिति के पंडाल में नवमी के दिन भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। वहीं नवमी के दिन विभिन्न पूजा पंडालों व घरों में धभव्य कन्या पूजन का आयोजन किया गया। साथ ही क्षेत्र के लोगों के लिए पूजा समिति ने भंडारा भी किया।

### रावण दहन के साथ असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक दशहरा संपन्न

## भक्तों ने नम आंखों से दी मां को विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा का पर्व श्रद्धा, भक्ति, उल्लास एवं शांति पूर्ण वातावरण में भंडरा प्रखंड क्षेत्र में मनाया गया। विजयदशमी के उपलक्ष में भंडरा में ठाकुर बड़ी प्रांगण में विशाल रावण का पुतला का दहन किया गया। मौके पर लगने वाला रावण दहन मेला में लोगों की भीड़ उमड़ी। विजयदशमी के उपलक्ष में सभी दुर्गा पूजा पंडालो में हवन कर मां दुर्गा की पूजा का विसर्जन की गई। सुहागिन महिलाओं के द्वारा पंडाल में सिंदूर खेला की रस्म कर मां दुर्गा को अगले वर्ष फिर आना की



संवाद के साथ नम आंखों से विदाई दी गई। इस मौके पर भंडरा में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति, मां सिद्धि दायनी दुर्गा पूजा समिति, दुर्गा पूजा समिति बेदाल, दुर्गा पूजा समिति मसमानो, दुर्गा पूजा समिति भिट्ठा सभी पंडालो में सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। सिंदूर खेला के बाद मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन की जुलूस निकाली गयी। जुलूस में मां को विदाई देने के लिए लोगों के भीड़ उमड़ी।

### दो दिनों से लापता बच्ची का शव कुएं में मिला



**कुड़ू, लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के हातातोली रोड पर एक कुएं में 12 वर्षीय बच्ची का शव मिला। बताया जाता है कि कुंदो पिपरातोली के संतोष उरांव की बच्ची आशी अदिति केरकेट्टा (12) कराटे क्लास जाने के नाम पर घर से निकली। पर रात में जब घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। कुछ पता नहीं चलने पर कुडू थाना को इसकी जानकारी दी गयी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची की खोजबीन शुरू की। कुडू हातातोली में उसका साइकिल और बैग बरामद हुआ। वहीं पर बगल के एक कुआं से गोताखोर ने बच्ची का शव निकाला। अब ये हत्या है या आत्महत्या पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### केसीसी को लेकर बैंकर्स संग डीसी ने की समीक्षा



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न बैंक शाखाओं के बैंकर्स के साथ केसीसी ऋण, सीडी राशियों एवं अन्य मुख्य बिंदुओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। उपायुक्त ने सभी बैंकर्स को केसीसी ऋण स्वीकृत करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न बैंक शाखाओं के अधिकारियों से केसीसी ऋण के अस्वीकृत करने के कारणों को भी जाना। यूको बैंक ने 84 में से सभी 84 केसीसी ऋण के लिए प्राप्त आवेदनों को स्वीकृति दी, जिसे देख उपायुक्त ने यूको बैंक के कर्मियों की प्रशंसा की। साथ ही अन्य बैंकों को भी यूको बैंक से प्रेरणा लेकर कार्य करने को कहा। इस दौरान मत्स्य विभाग, हॉर्टिकल्चर, पशुपालन विभाग सहित एवं सहकारिता विभाग द्वारा केसीसी एवं अन्य ऋण हेतु बैंक को उनके स्तर से दिए जाने वाले आवेदनों का फॉलोअप भी विभागों को अपने अपने स्तर से करने को कहा। इस दौरान डायरेक्ट केसीसी अकाउंट से किसानों के पैसे वाइड्रॉल करने पर भी चर्चा की, जिसके बारे में भी बैंक कर्मियों को किसानों को जानकारी देने को कहा गया। केसीसी ऋण लेने के बाद यदि किसान पूरे पैसे एक साथ नहीं चाहते तो वे सीधे केसीसी अकाउंट से भी अपनी आवश्यकतानुसार पैसे निकाल सकते हैं। उपायुक्त ने बैंकवार सीडी रेश्यो की भी समीक्षा कर सभी बैंक कर्मियों को सीडी रेश्यो सुधारने हेतु योजना तैयार कर कार्य करने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त ने एसएचजी ऋण, पीएमईजीपी, पीएमईवाई आदि से संबंधित रिपोर्ट की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं बैंक कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये।

## कुदाल से मारकर दामाद ने कर दी ससुर की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के बिंदोरा में दामाद नातापोल के बसंत लकड़ा ने अपने ही ससुर लखन खलखो (60) के सिर पर कुदाल से वार कर सोमवार की रात करीब 10 बजे हत्या कर दी। वहीं सास सरिता लकड़ा पर भी कुदाल से सिर पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

परिजनों और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने लखन को मृत घोषित कर दिया, वहीं गंभीर सुरजीता को प्राथमिक इलाज के बाद गुमला रेफर कर दिया।

घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया एवं सुरजीता लकड़ा एवं उसकी छोटी बहन सरिता खालखो के बयान के बाद आरोपी की तलाश में जुड़ गयी। मंगलवार सुबह पुलिस आरोपी बसंत को गिरफ्तार कर लिया।

### पंचकुंडीय यज्ञ के साथ नवरात्र संपन्न

**गुमला।** नौ दिनों से चली आ रही नवरात्र का अनुष्ठान महानवमी पर बड़ाईक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला में भव्य रुप से विश्व शांति के उद्देश्य से एवं गुमला जिला के सुख समृद्धि हेतु पंचकुंडीय यज्ञ कार्यक्रम एवं पूजन किया गया। जिसमें परिवार्जक बलिराम भगत एवं ब्रह्मदेव जी ने हवन व पूजन कार्यक्रम कराया। हवन के बाद कलश में स्थापित जल को स्वास्थ्य लाभ हेतु सभी भक्तों पर छिड़काव किया गया एवं प्रसाद के रूप में अमृतासन एवं खीर का सुस्वाद प्रसाद भक्तों के बीच में किया गया।

## चार से कांग्रेस पार्टी करेगी जिला स्तरीय सम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के निर्देश पर हुई। जिसमें 20 को लिये गये निर्णय के आलोक में जिला के सभी अग्रणी संगठन के जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी, पंचायत कमिटी का भौतिक सत्यापन सह जिला स्तरीय सम्मेलन करने का निर्देश प्राप्त था। जिसके तहत जिसके तहत 4 नवंबर को युवा कांग्रेस,25 नवंबर को एनएसयूआई, 26 नवंबर को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, 3 दिसंबर को ओबीसी प्रकोष्ठ, 4 दिसंबर को एससी प्रकोष्ठ, 5 दिसंबर को महिला कांग्रेस, 6 दिसंबर को सेवा दल और 7 दिसंबर को जिला आदिवासी कांग्रेस का भौतिक सत्यापन सह जिलास्तरीय सम्मेलन राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की जायेगी। सभी अग्रणी मोर्चा को दिशा निर्देश देते हुए कहा गया है कि आपने निर्धारित तिथि को अपनी पूरी कमेटी के साथ उपस्थित होंगे।

# धीरज प्रसाद साहू इनामी फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, बंजार किस्को की टीम चैंपियन

- लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां बतौर मुख्य अतिथि समापन समारोह में हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ग्राम कुज्जी में जय झारखंड फुटबॉल क्लब कुज्जी के तत्वावधान में आयोजित धीरज प्रसाद साहू फुटबाल टूर्नामेंट का समापन हुआ। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया फाइनल मुकाबला बंजार किस्को एवं सिमसान्ग ब्रदर डूमरी के बीच खेला गया। जिसमें टूर्नामेंट का खिताब बंजार किस्को की टीम ने जीता। समापन



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते एसपी।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारीश बिन जमां शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि नेसार अहमद, लोहरदगा जिला कांग्रेस के महासचिव सलीम अंसारी बड़े, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी, जोरी पंचायत के मुखिया राजू उरांव, हेसल पंचायत मुखिया सुनीता कुमारी,हेसल पंचायत समिति सदस्य जहाना खातून, तारीख अनवर समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत पारंपरिक ढंग से किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक एवं अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया।

**क्या बोले एसपी**

एसपी हारीश बिन जमां ने ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत सारी अच्छी चीजों को लेकर आता है। युवाओं में काफी ऊर्जा होती है। उसे सकारात्मक कार्यो में लगाया जाना चाहिए। युवा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें तो सफलता जरूर मिलेगी। स्थानीय स्तर पर इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित करना और युवाओं को खेल से जोड़ना बहुत ही अच्छी पहल है। इससे सामाजिक सद्भाव बढ़ता है और युवाओं में भटकाव की स्थिति नहीं आती है युवा वर्ग नशा पान से दूर रहे खेल के साथ पढ़ाई पर भी फोकस करना जरूरी है।

# जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है इसे बचाना जरूरी : सुखदेव भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** दशहरा के पावन अवसर पर सदर प्रखंड के ग्राम मन्हो में सुबह नवयुवक संघ मन्हो ने विशाल जतरा आयोजित किया। मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस के प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत थे। सुखदेव भगत के जतरा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। जतरा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की जतरा हमारी धरोहर है यह हमारी सांस्कृतिक पहचान है। पुरखों के द्वारा लगाए गए जतरा को हमें बचाकर एवं संजोकर रखने की आवश्यकता है। जतरा का एक



जतरा में खोड़हा दल के साथ सुखदेव भगत सामूहिक नृत्य करते हुए।

विशेष महत्व होता है क्योंकि इसमें सभी वर्गों का सहभागिता रहता है। यह आपसी भाईचारे का संदेश देता है। नगड़ा, मांदर अखड़ा आदिवासियों की पहचान है। श्री भगत ने विशेष कर आदिवासियों से बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देने तथा दारू -हाड़ी से दूर रहने की आग्रह किया तभी हमारा समाज का उत्थान हो सकता है। श्री भगत ने आयोजन समिति द्वारा भव्य जतरा आयोजन करने के लिए आयोजन समिति को बधाई दी। श्री भगत जतरा में उपस्थित खोड़हा दल में शामिल होकर उनका उत्साह बढ़ाएं एवं उनके साथ सामूहिक नृत्य में सहभागिता निभाएं तथा अपनी ओर से खोड़हा दल को सप्रेम भेंट दिये।

# नम आंखों से दी मां को विदाई, पूजा शांतिपूर्ण संपन्न

## ऐतिहासिक गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के लिए उमड़ा जनसैलाब




मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित प्रतिमा को ले जाते श्रद्धालु व विसर्जन के दौरान सोनपुरवा तालाब के पास लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले वासियों ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। मां की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व जिले भर में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक रूप से किया गया। यहां की परंपरा के अनुसार मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए किसी वाहन पर नहीं ले जाया जाता है। बल्कि भक्तगण अपने कंधों पर उठाकर मां की प्रतिमा को विसर्जित करने के लिए शहर के सोनपुरवा स्थित रामबांध तालाब ले जाते हैं। गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां की प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रतिमा को कंधे देने और अंतिम दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की सैलाब उमड़ पड़ी। मूर्ति विसर्जन से पूर्व विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना तथा आरती के पश्चात श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को अंतिम विदाई दी। गढ़देवी मंदिर सहित कुछ अन्य स्थानों की प्रतिमा का मंगलवार को ही विसर्जन कर दिया गया। जबकि कुछ जगहों पर स्थापित मां की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को किया गया। नवमी एवं दशमी को लोगों ने विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन किया। इसके पश्चात मंगलवार एवं बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विभिन्न जलाशयों में विसर्जित की गई। जिला मुख्यालय गढ़वा में विभिन्न पूजा पंडालों से जुड़े लोगों ने सोनपुरवा स्थित रामबांध तालाब में प्रतिमा विसर्जित की। प्रतिमा का विसर्जन जय माता दी संघ, सोनपुरवा, जय माता दी संघ बाजार समिति, जय भारत संघ टंडवा, जय भवानी संघ संघत मुहल्ला, पुरानी बाजार, मां वैष्णव संघ टंडवा टांड़ी पर, जय मां शेरावाली संघ भगलपुर, चिनियां रोड, नाहर चौक, जय मां पूजा समिति नवादा मोड़, रंका मोड़ आदि के पूजा पंडालों में काफी धूमधाम से पूजा अर्चना कर प्रतिमा विसर्जित की गई। पूजा से लेकर मूर्ति विसर्जन तक पुलिस की विशेष चौकसी रही। कई जगहों पर एसडीपीओ अवध कुमार यादव सुरक्षा व्यवस्था में खुद लगे रहे। विसर्जन को लेकर पुलिस-प्रशासन ने विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की थी। मां गढ़ देवी मंदिर में स्थापित प्रतिमा विसर्जन के साथ-साथ अन्य जगहों पर स्थापित की गई प्रतिमाओं के विसर्जन में भी सभी पदाधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी केके साहू, गढ़वा सीओ मयंक भूषण सहित पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के यादव नगर गांव टंडवा में एक युवक के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा बरामद किया है। थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि यादव नगर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति देशी कट्टा लेकर घुम रहा है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए साथ गये बल के सहयोग से पुलिस पदाधिकारी के द्वारा उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अखिलेश कुमार पिता प्रदीप साव ग्राम बगाही थाना इमामगंज जिला गया (बिहार) बताया। तत्पश्चात तलाशी लेने पर उनके पास से एक देशी कट्टा एवं एक मोबाईल बरामद हुआ। जिसे जप्त कर लिया गया है तथा उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

### चुनाव को लेकर बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** जिले में नया मतदान केंद्रों बनाया गया है, जिसमें नये बीएलओ भी बनाया गया है। इस हेतु बुधवार को बिरसा सांस्कृतिक भवन में नये बीएलओ के मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री जयपाल सोय द्वारा सभी बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, मतदाता सूची से त्रुटियां को दूर करने, निर्वाचन से संबंधित एप्प की जानकारी दी गयी।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवारा बाजार के समीप दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार बांसडीह मरकच्चो निवासी 55 वर्षीय बंसी धोबी पिता स्व खेदन धोबी अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से चंदवारा बाजार कुछ काम से आये थी, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से सीधी टक्कर हो गई, जिसमें दोनों मोटरसाइकिल पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

### स्कॉर्पियो व मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार गंभीर

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सलइडीह पेट्रोल पंप के समीप स्कॉर्पियो व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार डोमचांच निवासी 38 वर्षीय सुनील मेहता पिता जयनारायण मेहता जो कोडरमा मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में सलइडीह पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो से सीधी टक्कर हो गई, जिसमें उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### ब्लॉक कर्मचारी रेखा पांडेय का असामयिक निधन शोक संवेदना व्यक्त

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित कोडरमा ब्लॉक में कार्यरत 52 वर्षीय रेखा पांडेय का मंगलवार को मेदांता रांची में असामयिक निधन हो गया। बुधवार को फतुहा में उनका अंतिम संस्कार पति बबी पांडेय, पुत्री समेत अन्य लोगों की मौजूद्गी में कर दिया गया। कुछ दिन पहले ऑक्सीजन लेवल कम होने पर उन्हें इलाज के लिए मेदांता में दाखिल कराया गया था। जबकि उन्हें हॉस्पिटल के रास्ते में ही कार्डिएक अरेस्ट भी हुआ था और किडनी भी प्रॉपर फंक्शन नहीं कर रहा था। उनके निधन के बाद शव को तिलैया आवास लाया गया, जहां दर्शन करने वालों की भीड लगी रही। कोडरमा बीडीओ खुशबू गुप्ता, जयनगर बीडीओ गौतम कुमार, कोडरमा सीओ अनिल कुमार, समाजसेवी प्रेम पांडेय, राजेन्द्र जायसवाल, निर्मल कुमार ओझा, मनोज मोदी, संजय बर्णवाल, बिनोद बर्णवाल, अशोक पासवान, अनुराग सिंह समेत कई लोग उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। बता दें कि मृतका रेखा पांडेय सीओ कार्यालय, उपभोक्ता फोरम समेत अन्य विभागों में कार्य कर चुकी थीं।

# महिला चिकित्सक की प्रसव के बाद मौत

## पति ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ. प्रीति रानी तारा की प्रसव के बाद मौत हो गयी। डॉ. प्रीति रानी तारा स्त्री रोग विशेषज्ञ व सर्जन थीं। मिली जानकारी के अनुसार, डॉ. प्रीति प्रसव के लिए झुमरीतिलैया के एक निजी क्लीनिक में भर्ती थी, मंगलवार को दो बजे उन्हें सर्जरी से एक बेटी हुई थी, मगर प्रसव के बाद देर शाम उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें दूसरे निजी क्लीनिक (शिला रॉनी हास्पिटल) में भर्ती कराया, जहां देर रात उनकी मौत हो गयी। डॉ. प्रीति रानी के पति डॉ. परिमल तारा ने फेसबुक वॉल पर पोस्ट शेयर कर डॉ. अलंकृता मंडल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है।

**डॉ अलंकृता मंडल ने क्या कहा :** डॉ. अलंकृता मंडल का कहना है कि मेरे यहां कोई लापरवाही नहीं बरती गई है, सब कुछ नार्मल था। डॉ. परिमल और उनके नर्स वहीं मौजूद थे। हमलोग पूजा करने के लिए निकले ही थे कि मेरी नर्स का फोन आया कि डॉ. प्रीति का ऑक्सीजन लेवल कम हो रहा है, लौट कर आने के बाद पता चला कि उनके ही नर्स ने डॉ. प्रीति को जेलको पुस किया जिसके बाद उनको ऐसा दिक्कत होने लगा। डॉ. प्रीति ने कहा कि उन्हें इंबोलिजम हो गया है। यानि इंजेक्शन से एयर नहीं निकाले जाने से ऐसा होता है। उन्हें केयर हॉस्पिटल में शिफ्ट किया जाने लगा, तभी अटैक आ गया। अस्पताल में जाने के बाद एक अटैक और आ गया और वे चल बसीं।

# हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** मझिआंव नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्रों में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। नवरात्रि तक पूजा अर्चना, पूजा पंडालों में पूर्णाहुति के बाद बुधवार को धूमधाम से डीजे बाजे के साथ सभी पूजा पंडालों से विसर्जन जुलूस निकाला गया और अपने अपने क्षेत्र के नदियों व तालाबों में विसर्जन कर मां दुर्गा की नम आंखों से भावभीनी विदाई दी गई। इधर दशहरा पर्व के अवसर पर नौ दिनों तक मझिआंव नगर पंचायत के मझिआंव खुर्द में जय भवानी संघ, शिवशक्ति संघ चन्द्री, बाजार क्षेत्र में यंग स्टार क्लब, नवदीप संघ बकोइया, आमर, खजुरी, ऊंचरी, अखौरी तहले, गहेड़ी, खसोनपुरवा, करूई, पुरहे, गोपालपुर, रामपुर, मझिगावां, करमडीह शिव मंदिर मैदान, खरसोता, बुढ़ीखांड़, मोरबे एवं करकट्टा सहित पूजा पंडालों में रामायण सीरियल, जागरण, ड्रामा दिखाया गया। जबकि लोहरपुरवा सार्वजनिक कला पूजा समिति के साथ अन्य जगहों पर कमिटी के द्वारा पर्दे पर रामायण दिखाया गया। इस दौरान करमडीह एवं करुइ गांव के पूजा समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया गया।



विसर्जन जुलूस में उपस्थित श्रद्धालु।

वहीं शिवशक्ति संघ चन्द्री, ग्रामीण कमेटी के द्वारा रावण दहन किया गया। इस दौरान स्थल पर काफी भीड़ देखी गई। मझिआंव बाजार में मां दुर्गा के विसर्जन जुलूस में मझिआंव बाजार में यंग स्टार क्लब के जुलूस में इस वर्ष भारी संख्या में महिला श्रद्धालु भी शामिल हुई और भक्ति गीतों पर खुब झूमे। इधर नगर पंचायत के ऊंचरी, करमडीह, अखौरी तहले सहित आधा दर्जन से अधिक पूजा पंडालों एवं सैकड़ो श्रद्धालुओं के द्वारा किये जा रहे जय श्रीराम के जय घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। इस दौरान बजरंग दल के सदस्यों द्वारा लाठी, तलवार एवं गदा के करतब दिखाए गए। मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के संवेदनशील गांव सोनपुरवा में देवी मंडप से निकाली गई विसर्जन जुलूस में प्रशासन द्वारा निगरानी रखने के लिए ड्रोन कैमरा का सहारा लिया गया। इस संबंध में मजिस्ट्रेट सह सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि प्रशासन पूरे क्षेत्र में शांति पूर्वक तरीके से विसर्जन कराने के लिए त संकल्पित है। सोनपुरवा एवं अधौरा चाका गांव में प्रशासन की विशेष नजर है।

# देर रात तक हुआ मां दुर्गे की प्रतिमाओं का विसर्जन

## मेले में बड़ी संख्या में आये लोग, बच्चों के अलावा बड़ों ने भी व्यंजनों का उठाया आनंद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** दशहरा पर पूजा पंडालों में मां दुर्गा के पूजन व मां के दर्शन को लेकर अहले सुबह से देर रात तक भक्तों का हुजूम उमड़ता रहा। इसमें महिला पुरुष के अलावा बच्चे भी शामिल थे। पूरे पूजन उत्सव के दौरान भक्तों ने दिल से माता की आराधना के साथ ही माता से अपने पूरे परिवार की सलामती व मंगल कामना की। देर रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। मेले के दौरान बच्चों ने जमकर मेले का लुफ्त उठाया। सभी पूजा पंडालों में बच्चों के मनोरंजन को लेकर कई प्रकार के झूले सहित खिलौने की दुकान लगाए गए थे, साथ ही चाट, चाउमीन सहित कई प्रकार के लजीज व्यंजनों के दुकान भी लगाए गए थे। जहां बच्चों के अलावा बड़ों ने भी इन व्यंजनों का आनंद उठाया। पूजा समितियों की ओर से कई जगहों पर लोगों के मनोरंजन को लेकर भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। अड्डी बांग्ला व हरी सभा दुर्गा पूजा समिति में विजयादशमी के उपरांत बंग समुदाय की महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर बरसों की परंपरा को कायम रखा। सिंदूर खेला में चंद्रानी सरकार, सोमा सरकार, शर्मिष्ठा शाहा, रूपा राय, गायत्री दत्ता, शोभा राय, बोनी चटर्जी, पदमा बनर्जी, उमा विश्वास, नीला विश्वास छाया दत्ता सहित मोनिका, कविता आदि कई महिलाएं शामिल थी। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों के अनुष्ठान के बाद बुधवार को जब माता के विदाई की बेला आई, तो मां से दूर होने का गम कमोबेश हर भक्तों के अश्रुपूरित आंखें स्पष्ट बता रही थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने काफी मायूसी के साथ माता को विदा किया।

# दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा का त्यौहार जिले में छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। त्यौहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने में उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं एसपी अनुदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम पूरे दुर्गोत्सव के दौरान पूरी तरह मुस्तैद दिखे, वहीं जगह जगह पर तैनात किए गए दण्डाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी सतर्क रहे। विजयदशमी के दिन जिले के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ दोपहर बाद से उमड़ने लगी, जो देर रात तक जारी रहा, भक्तगणों में गजब का उत्साह देखा गया, लोग मां की दर्शन कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना किये तो वहीं बच्चों की भीड़ चाट, पकौड़े, खिलौने और झूले के समीप देखा गया। बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गाजे बाजे के साथ मां दुर्गे की प्रतिमा का शोभायात्रा निकाला गया, शोभायात्रा में शामिल भक्तगण जम कर आकर्षक नृत्य किये, शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए स्थानीय जलाशय पहुंचा, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां की पूजा अर्चना कर, प्रतिमा को अश्रु नेत्रों से जलाशयों में विसर्जित किया गया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कोडरमा बाजार और हरी सभा तत्व विधा समिति बोनाकाली द्वारा मां की भव्य शोभायात्रा निकाला गया, शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए स्थानीय राजा तालाब में प्रतिमा को विसर्जित किया गया, इसके पूर्व बोनाकाली में बंगभाषी महिलाओं के द्वारा सिंदूर की होली खेली गई, महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगा कर दुर्गोत्सव की शुभकामनाएं दी। मौके पर समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, सचिव अजय पांडेय, दयानन्द सिंह, गणेश राम आदि मौजूद थे।

### बेटी ने बेटा का निभाया फर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धोबियाडिह में मृतक मसोमात सुशीला देवी पति स्व बद्री पांडे जो ग्राम झरहा पोस्ट थाना राजधनवार जिला गिरिडीह का निवासी थी, उनका कोई बेटा नहीं था। सिर्फ एक बेटी ही थी, जिसका नाम आशा देवी पति बालगोविन्द पांडे है। उन्होंने अपनी बेटी की शादी ग्राम धोबियाडीह पोस्ट खेशमी थाना नवलशाही कोडरमा में हुआ है। विवाह होते हुए मृतक सुशीला देवी के गोतीया लोगों ने उन्हें घर से निकाल दिया और तब उनकी बेटी आशा देवी और इनके पति बाल गोविंद पांडे ने अपने घर धोबीयाडीह ले आई और 30 साल सेवा कर कभी भी बेटे का कमी महसूस नहीं होने दी।

# जब तक जात के नाम पर लोग वोट देते रहेंगे, तब तक सुनील सिंह जैसे सांसद पैदा होते रहेंगे : पूर्व सांसद नागमणि

**चतरा।** चतरा के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि चतरा पहुंचे। इस दौरान वे हंटरगंज, कान्हाचट्टी, इटखोरी सहित कई प्रखंडों का दौरा किया। दौरा के पश्चात पत्रकारों से बात चीत के दौरान उन्होंने वर्तमान सांसद सुनील सिंह पर हमला करते हुए कहा कि जब ताक पार्टी और जात के नाम पर वोट देते रहेंगे तब तक सुनील सिंह जैसे सांसद पैदा होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो जनता के हित में लडने वाला, समय पर काम करना और समय पर मदद करने वाला हो उसको वोट दीजिए। पार्टी और जात पर वोट दीजिएगा तो सुनील सिंह जैसे ही पैदा होगा। उन्होंने आम जनता से पार्टी और जाती से ऊपर उठकर उम्मीदवार को जीताने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब मैं चतरा का सांसद था तभी फील्ड फायरिंग रेंज का मुद्दा उठा था।



उस समय भी हमने लोक सभा में इसका विरोध किया था। इतना ही नहीं हमने तब के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस को हमने आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। तब जाकर इसपर रोक लगाया गया था। उन्होंने कहा कि एक बार फिर फील्ड फायरिंग रेंज का मुद्दा गरम है। उन्होंने कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला और अगर जीताकर लोक सभा भेजते हैं तो मैं इसके विरोध में अगर आत्मदाह भी करना पड़ेगा तो हम करेंगें। लेकिन फायरिंग रेंज चतरा में नहीं बनने देंगे।

उन्होंने कोयलांचल का भी जिक्र करते हुए कहा कि कोयलांचल से बाहरी को भगाएंगे और जिला स्तरीय बहाली में स्थानीय को प्रार्थमिकता देंगें।

## एक नजर में

# लापता अमन का शव पांचवें दिन शौचालय टंकी से बरामद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के कोइंडा गांव से लापता छः वर्षीय अमन का शव पांच दिन बाद एक शौचालय टंकी से बरामद किया गया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अमन की हत्या में उसके नजदीकी रिश्तेदारों का नाम सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोइंडा निवासी रामवृक्ष साव के छह वर्षीय पुत्र अमन कुमार विगत 21 अक्टूबर को लापता हो गया। स्कूल जाने के बाद वह लौटकर अपने घर नहीं आया था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। अमन के परिजनों के द्वारा बच्चें के लापता होने की सूचना मिलने के पश्चात बुधवार को पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय केदारनाथ राम तथा थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ कोइंडा गांव गए हुए थे। अमन के घर के समीप ही एक शौचालय की टंकी के पास जब पुलिस के अधिकारी पहुंचे तो वहां से उठ रही दुर्गंध से उन्हें संदेह हुआ। पुलिस उपाधीक्षक के निर्देश पर शौचालय की टंकी के ऊपर ढकीं हुई घास को हटाने के बाद शौचालय की टंकी के ढक्कन को भी खोला गया। शौचालय की टंकी का ढक्कन खोलते ही बच्चें का जूता टंकी के पानी में छपला हुआ नजर आया। शौचालय की टंकी में बच्चे का जूता दिखने के बाद पुलिस का संदेह पुख्ता हो गया। फिर तुरंत पुलिसकर्मियों के सहयोग से शौचालय की टंकी से बच्चें के शव को बाहर निकल गया। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया है कि हत्यारे ने बच्चें की हत्या करने के बाद उसके शव को शौचालय की टंकी में डाल दिया था। साक्ष्य छुपाने के लिए हत्यारे के द्वारा शौचालय की टंकी को घास पटवार से ढक दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया है कि अमन के हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कान्हाचट्टी।** दुर्गा पूजा समिति राजपुर द्वारा विजयादशमी की शाम 24 अक्टुबर को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जागरण में जागरण ग्रुप के कलाकारों ने एक से एक भक्ति गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने गजानन आ जाना, भोले ओ भोले मेरे यार को मना दे, मां शेरों वाली ओ मां शक्तिशाली, माता ने बुलाया है। रामजी की निकली सवारी, सहित दर्जनों भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

इस मौके पुरोहित सत्यदेव मिश्रा, मुखिया विकास कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, विनय सिन्हा, इंद्रदेव दांगी, संतोष दांगी, चन्दन केशरी घनु दांगी, कमलेश राम, प्रकाश राम, नवल सिन्हा, राजेश दांगी, राहुल कुमार ठाकुर,पवन चंद्रवंशी, प्रिंस केसरी समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 39वां आजाद कप फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** प्रखंड के शहरजाम पंचायत के पथरिया गांव के मैदान में बुधवार को 39वे आजाद कप फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया।

जिसमें मुख्य अतिथि बिरजू तिवारी, डीएसपी केदार राम, उदयभान नारायण सिंह, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, शालनी गुप्ता, जिप सदस्य सरिता देवी ने सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया। टूनार्मेंट का फाइनल मैच बघमूंडी एवं महुवाय के बीच खेला गया जिसमें बघमूंडी की टीम 1-0 से महुवाय को पराजित कर विजेता बनी। फाइनल मैच के उपरांत विजेता विजेता सहित अन्य टीमों को आयोजक समिति द्वारा निर्धारित पुरस्कार प्रदान करते हुए अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मौके पर निरंजन सिंह, राजकुमार रजक, रंजन भारती, बालगोविंद राम, प्रवीण सिंह, दशरथ दांगी, नवल किशोर, गुलाम रसूल, आयोजन समिति के अध्यक्ष रशिक सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सचिव प्रमोद दांगी, कोषाध्यक्ष निरज कुमार सिंह, दिनेश विश्वकर्मा, सुबाष राणा, निशांत सिंह, गणेश दांगी, नितेश रजक, विक्की कुमार समेत सैकड़ों खेल मौजूद थे।

# संध्या भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर देर संध्या भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, मुखिया रणजीत कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अवधेस सिंह, थाना प्रभारी लव कुमार समेत कई लोगों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित व फीता कांट कर किया। वहीं प्रखंड प्रमुख ने कहा कि पूजा अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान से मन को शांति मिलता हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम आपसी सौहार्द को बढ़ाता है। इसमें कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। वहीं मुखिया ने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने जिस आस्था, उत्साह और उल्लास के साथ 9 दिनों तक लगातार उपवास रखते हुए माता रानी का आहवान किया, जो बहुत ही सराहनीय है। वहीं जितु झारखंडी म्यूजिकल ग्रुप कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मौके पर सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, रविंद्र पांडे, रविशंकर तिवारी मंटू, रवि सिंह, रणजीत सिंह, मनोज सिंह, सतीश सिंह, नकुल यादव, गुंजन सिंह, मनीष सिंह, मोहित सिंह, सत्यम सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### वन शक्ति मंदिर में विधायक वैद्यनाथ राम ने किया महाभंडारा का उद्घाटन

**चंदवा।** शारदीय नवरात्र के महानवमी के मौके पर एनएच 75 मार्ग पर स्थित चंदवा के वन शक्ति मंदिर में अन्नपूर्णा बीज भंडार चंदवा के प्रोपराइटर अंकित कुमार के द्वारा महा भंडारा का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, सिकनी ट्रक ऑनर एसो. अध्यक्ष लाल रंजन नाथ शाहदेव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर महाभंडारा का उद्घाटन किया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के बीच भंडारा का प्रसाद का भी वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया। उद्घाटन को उपरांत रुद, सासंग, ब्राह्मणी, चेतर, रखात समेत आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### अंबापानी से बरामद शव की दूसरे दिन हुई शिनाख्त

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेतला नेशनल पार्क के समीप रबदी जंगल के अंबापानी नामक स्थान से छिपादोहर पुलिस ने मंगलवार को एक अधेड़ व्यक्ति का सड़ा गला शव बरामद किया हैं। मामले की जानकारी देते हुए छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि वन विभाग के द्वारा इसकी सूचना मिलते ही वह पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश में जुट गए है। इधर थाना प्रभारी द्वारा सोशल मीडिया में अपील के बाद बुधवार को शव की शिनाख्त पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरा ग्राम निवासी विलास मिस्त्री (80) पिता स्व.दुखन मिस्त्री के रूप में हुई है। मृतक विलास मिस्त्री के बेटे मनोज शर्मा ने अपने पिता के शव की पहचान की है।

### पति की पिटाई से घायल पत्नी की मौत, आरोपी पति गिरफ्तार

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के भुषाढ़ अखरा के समीप बीती रात्रि पति-पत्नी (संतोष लोहरा व सुषमा देवी) के बीच मामूली विवाद में पति की पिटाई से घायल पत्नी सुषमा देवी (25 वर्ष) की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के घर स्थानीय लोगो की भिंड जमा हो गयी। स्थानीय लोगो के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद बुधवार की सुबह चंदवा पुलिस की घटना स्थल पहुंच कर मामले की जानकारी ली व आरोपी पति संतोष लोहरा को हिरासत में लेते हुए जांच पड़ताल तेज कर दिया है साथ ही मृतका के शव को कब्जे में लेने व पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जर्जर बाजार शेड के जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने दुगार्पूजा की महानवमी के अवसर पर बरवाडीह वासियों को कई योजनाओं की सौगात दी। विधायक ने अपने वादों को पूरा करते हुए सबसे पहले पंचमुखी दुर्गा मंडप के समीप सामुदायिक भवन सह शेड निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। वहीं उन्होंने मुख्य बाजार अंतर्गत जर्जर हो चुके चारों बाजार शेड के जिर्णोद्वार कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक और व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज समेत अन्य नेताओं ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए नारियल फोड़ कर शिलापट्ट का अनावरण किया। जहां विधायक ने कहा कि यह शेड काफी जर्जर हो चुका था और आए दिन इसका छज्जा टूटकर गिरता रहता था। दुर्गा महानवमी पर व्यवसायिक समिति की इस मांग को पूरा कर उन्हें काफी सुखद अनुभूति हो रही है। समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि व्यवसायिक समिति के चुनाव के पूर्व ही उन्होंने दुकानदारों से वादा किया था कि सबसे पहले जर्जर बाजार शेड का जीर्णोद्वार कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। विधायक ने व्यवसायियों की मांग को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने सभी व्यवसायियों की तरफ से विधायक का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत विधायक ने पीपल पेड़ दुर्गा मंडप और गढ़वाटांड़ के खेल मैदान में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 240 वोल्ट का तार लटका

**लातेहार।** जिला मुख्यालय अंतर्गत शिवम कांप्लेक्स के सामने एनएच 39 पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से 240 वोल्ट का तार बीच सड़क पर लटक गया। गनीमत रही की उस दौरान कोई बड़ी वाहन उस रास्ते से नहीं गुजरी नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। उसी दौरान खबर मन्त्र के संवाददाता विक्रम कुमार उस रास्ते से गुजर रहे थे और उन्होंने देखते ही बिजली विभाग के जेई अंकित कुमार को फोन किया और मामले की जानकारी दी। तत्पश्चात त्वरित करवाई करते हुए जेई ने बिजली मिस्त्री कुणाल यादव को फोन कर घटना स्थल पर भेजा और शट्डाउन कर तार को रास्ते से हटा दिया गया। जिसके बाद बड़े वाहन वहा से गुजर पाएं। इस दौरान उसी रास्ते से गुजर रहे एएसआई जगत प्रकाश (कंट्रोल रूम में कार्यरत) ने मामले को देखा और गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी को फोन पर सूचना दिया। बता दें कि प्रकाश ऑफ ड्यूटी में थे। उन्होंने कहा मैं समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। वही इस घटना क्रम में सचिन कुमार, सन्नी राणा, अंगद कुमार, मोहित कुमार, दिवाकर कुमार ने बड़े वाहनों को रुकवा रहे थे और मामले को अवगत कराते हुए वाहन को साइड करवा रहे थे जिससे कोई अनहोनी ना हो।

# चंदवा में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ संपन्न हुई दुर्गा पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में अधर्म पर धर्म व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ सम्पन्न हो गया। विजयदशमी को मौके पर प्रखंड के सभी पूजा पंडालों में मां दुर्गे के दर्शन को लेकर भक्तों की भारी भिंड देखी गयी। बुध बाजार पूजा पंडाल व थाना टोली पूजा पंडाल को छोड़कर प्रखण्ड के बाकी सभी पूजा पंडालों के द्वारा मंगलवार की देर शाम मां दुर्गे की प्रतिमा को नदी तालाबो एवं सरोवरों में विसर्जित किया गया। वहीं बुधवार की शाम बुध बाजार व थाना टोली पूजा समिति के द्वारा प्रतिमा का विसर्जन किया गया श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ नम आंखों से मां अंबे को विदाई दिए। इधर विजयादशमी के दिन शहर के कामता, रोल महुआमिलान, रक्सी जमीरा, शिव मंदिर आन, सेरक में पारंपरिक जतरा मेला का आयोजन किया गया। रक्सी जमीरा में लगे जतरा मेला का उद्घाटन झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह पूजा समिति के अध्यक्ष सितमोहन मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति, चंद्रकिशोर गिरी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त



जतरा मेला के उद्घाटन के मौके पर मौजूद लोग।

रूप से किया, इसके पूर्व पूजेन पुजेर बासुदेव मुंडा के द्वारा विविधता पूजन के उपरांत झंडा गाड़ कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जतरा मेला में आसपास के कई गांव के सैकड़ो लोग शामिल हुए जहां लोहसिंगन के नित्र्य मंडली के द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर लोगो का खूब मनोरंजन किया। इस मौके पर समिति के शिव नारायण प्रजापति, अनिल यादव, रविन्द्र यादव, राजेश यादव, आलोक प्रजापति, धीरज प्रजापति, रमेश प्रसाद, राम केवल प्रजापति, नारायण यादव, समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं कामता में लगे जतरा मेला का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष डॉ. मनीष सिंह, सोनू सिंह समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। वहीं संध्या बेला में रावण दहन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसका लोगो ने खूब आनंद उठाया। इधर आन शिव मंदिर में विजयादशमी के मौके पर रावण दहन कार्यक्रम किया गया। रावण दहन कार्यक्रम की शुरूआत पूजा समिति के अध्यक्ष राजन भगत व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से की। वहीं दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपर्क करने को लेकर लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन व एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में प्रशासन पूरी तरह से मस्त देख गई। सीओ जय शंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार व इंस्पेक्टर बबलू कुमार विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते देखे।

### विजय दशमी के दिन मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों से जयकारे के साथ नम आँखो से माँ दुर्गा की प्रतिमा को अपने-अपने नजदीकी तालाब व जल स्थलों में विसर्जन किया। बारियातू मुख्यालय स्थित दुर्गा बड़ी मंदिर, गोनिया संकटमोचन हनुमान मंदिर, भाटचतरा दुर्गा मंदिर, टोंटी, हेसला, अमरवाडीह, बालूभाँग, डाढ़ा, फूलसु, साल्वे, राजगुरु सहित विभिन्न स्थानों मे ग्रामीण श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण तरीके से विधिविधान के साथ वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना किया। विजय दशमी के दिन मन्त्रोंचरण से हवन पूजन की गई। वहीं क्षेत्रवासियों ने गाजेबाजे के साथ माँ दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती व कार्तिक गणेश जी की प्रतिमा को आरती के बाद विधिवत विसर्जन किया। प्रखंड के नौ पंचायत के सभी पूजा स्थलों मे थानेदार मुकेश चौधरी के नेतृत्व मे सुरक्षा के दृष्टिकोण से जायजा लिया। साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमा विसर्जन कराने मे कई पुलिस कर्मियों को मुख्य भूमिका निभाते देखा गया। क्षेत्र के सभी स्थानों मे सहोदर्य वातावरण के साथ पूजा सम्पन्न हुआ।

### मनिका प्रखंड क्षेत्र में आस्था और भक्तिमय वातावरण में माता रानी का दी गयी विदाई

# सौहार्द के साथ मनाया गया नवरात्र व दशहरा का त्यौहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में असत्य पर सत्य की और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक नवरात्र व विजयदशमी का त्योहार सौहार्द के साथ मनाया गया। वहीं बंदूआ,बरवईया,सिंजो,बाजारटांड़ मनिका,कुमंडीह,समेत कई पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। नवरात्र के एकमी से लेकर विजयदशमी के पूजा कार्यक्रम तक पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ था श्रद्धालु माता रानी के भक्ति में खोए हुए थे खासकर महिला श्रद्धालुओं ने पूजा के कार्यक्रम में काफी संख्या में हिस्सा लिया। वहीं दिन मंगलवार को विजयदशमी को क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों से हिंदू समुदाय के द्वारा गाजे बाजे के साथ आस्था और भक्तिमय वातावरण में माता रानी का विदाई किया गया। वहीं देवी मंडप मंदिर बाजारटांड़ मनिका, शिव मंदिर सिंजो समेत विभिन्न पूजा पंडालों के द्वारा माता रानी के प्रतिमा के साथ जुलूस निकाला गया जुलूस के दौरान माता रानी के भक्ति गानों में श्रद्धालु झूमते नाचते नजर आए



पूजा कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

जुलूस पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विसर्जन स्थल पर पहुंचा जहां सभी श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना के बाद माता रानी का प्रतिमा विसर्जन किया। वही जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी कई जगहों पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी खुद भी कमान संभाल रहे थे। मौके पर पूजा कमेटी के सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, विश्वनाथ पासवान, मिथिलेश पासवान, रंजीत प्रसाद, राजू प्रसाद, विकास प्रसाद, अभिषेक भारती, छोटू राजा, विकास प्रसाद, डिंपल राजा, गोविंद पासवान, बबन पासवान, बच्चन कुमार यादव, अंकित राज गोलू, विकास कुमार, वीरेंद्र यादव, अमरेंद्र यादव, कमलेश प्रजापति, शिवानंद यादव, शंकर प्रसाद, अभय प्रसाद समेत सैकड़ो श्रद्धालु जुलूस में शामिल थे।

# श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ का समापन

## विधायक वैद्यनाथ राम ने विभिन्न पूजा पंडालों का किया भ्रमण



मूर्ति विसर्जन करने जाते विधायक व अन्य।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** 50 वें श्रीराम चरित मानस पाठ महायज्ञ के श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मौके मुख्य संरक्षक सह विधायक बैद्यनाथ समेत महासमिति के सभी सदस्य शामिल थे। वहीं शारदीय नवरात्रि के नौवे दिन विधायक बैद्यनाथ राम अपने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न पूजा पंडालो का भ्रमन किए और प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में बालूमाथ प्रखण्ड के पंचायत बालू स्तिथ दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचकर माता का दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि व उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। जिला मुख्यालय के नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अम्बाकोठी में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाहन पारायण पाठ के नवमी को भगवान श्री राम का राज्याभिषेक के साथ समापन हुआ।

गिरिडीह से पधारे अनिल भारद्वाज जी व उनकी मंडली के द्वारा भगवान राम का राज्याभिषेक करवाया गया जिसमें पाठ कर रहे भक्तगण समेत सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे। इस मौके पर खुशी से भक्तगण झूम उठे तथा माहौल अयोध्या वासी के तरह बन चुका था। वहीं पुरोहित गण के द्वारा राम भजन गया गया। जिसमें दूर दराज तथा आसपास के गांव से लोग राम मय होकर जय श्री राम का नारा लगाए और राम भजन में खूब झूमे जिसे देख ऐसा लग रहा था की भगवान राम की भक्ती में सभी श्रद्धालु डूब चुके हैं।

इस मौके पर महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक सह स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम, अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद महलका, मीडिया प्रभारी, अंकित पांडे, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, राजू सिंह, संतोष अग्रवाल, मदन प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, जनार्दन प्रसाद, विशाल शर्मा, प्रकाश अग्रवाल, अनिल प्रसाद, नागेन्द्र प्रसाद, महेन्द्र सिंह, अर्जुन दास, समेत समिति के कई कार्यकर्ता एवं भक्तगण मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया दशहरा, प्रशासन की रही पैनी नजर



जुलूस में शामिल भक्त।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी हर्षोउल्लास के साथ श्रद्धालुओं ने दशहरा पर्व मनाई। वहीं पूजा समिति के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने मंगलवार के रात्रि गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते हुए सरयू के बेलवही तालाब में मां दुर्गे का पूजा अर्चना किया पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने मां दुर्गे का प्रतिमा को विधि विधान के साथ बेलवही तालाब में विसर्जन कर नम आंखों से विदाई किया गया। वही श्रद्धालुओं ने दुर्गा मां से अपनी जीवन में सुख शांति के लिए मन्नत भी मांगे। वहीं दशहरा पर्व को शान्ति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया। जहां गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, टिओपी प्रभारी घनश्याम उरांव ने दल बल के साथ चौक चौराहों से लेकर विसर्जन स्थल तक मुस्तैद थे। विजयदशमी

### बड़ा जतन से हम मूर्ति बनाईली, कैसे करूं हम बिदाई ...

## नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमा का किया गया विसर्जन



मौके पर मौजूद लोग।

**महुआडांड़।** असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक नवरात्र व विजयदशमी का त्योहार महुआडांड प्रखण्ड में भगवती प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई। हिन्दू समुदाय के द्वारा शंखनाद के साथ पूरे आस्था और भक्तिमय वातावरण में मां दुर्गा की विदाई की गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लातेहार पुलिस अधीक्षक एवं महुआडांड एसडीपीओ के निदेर्शानुसार महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में चौक चौराहों में पुलिस बलों तैनाती थी। इससे पूर्व विजयदशमी के अवसर पर बुधबार को महुआडांड़ हिन्दू महासभा की ओर से महुआडांड़ बस स्टैंड पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रावण दहन मे हजारो की भारी संख्या मे हिंदू समुदाय के लोग मौजूद थे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व मे पुलिसकर्मी पुरी तरह से मुस्तैद थें।

के मौके पर जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव, कृपाल उरांव, सुनील प्रसाद, विरेन्द्र प्रसाद, रोहित प्रसाद, पंकज प्रसाद, उदय प्रसाद समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# रावण दहन में दिखा उत्साह, हजारों की संख्या में जुटे नगरवासी



रावण के पुतले को अग्नि लगाते अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** असत्य पर सत्य की जीत, पाप पर पुण्य की जीत का प्रतीक दशहरा का त्योहार चंदवा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। दुर्गा पूजा समिति बुध बाजार के द्वारा मंगलवार की शाम खेल स्टेडियम में रावण दहन किया गया। हजारों की भीड़ रावण दहन कार्यक्रम की गवाह बनी। लोग परिवार के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत देखने पहुंचे। दुर्गा मंडल चंदवा और रावण दहन समिति की ओर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रंजीत कुमार गुप्ता और इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने पुतले को अग्नि दी। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। मुख्यातिथि सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू ने रावण दहन के मौके पर कहा कि भगवान श्रीराम की विजय की प्रसन्नता और असुरों के पतन का संदेश देने वाला यह त्यौहार काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य आदि के परित्याग की प्रेरणा भी देता है।

# धूमधाम से संपन्न हुआ बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार दशहरा

## भगवा पोशाक में रावन दहन बना चर्चा का विषय, लोगों ने जताया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय समेत पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में दशहरे का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मुख्यालय के पंचमुखी शिव मंदिर, दुर्गा मंडप बाजार, रेलवे क्लब और गढ़वाटांड़ समेत छेंचा, छिपादोहर, सरइडीह, कचनपुर, अमडीहा, मण्डल, मोरवाई, लात, चुंगरू समेत अन्य पंचायतों में धूमधाम से दुगार्पूजा संपन्न हुआ। वहीं दशमी की देर शाम रेलवे क्लब में रावण का पुतला दहन किया गया। बता दें कि



रेलवे क्लब में भगवा पोशाक में रावण का पुतला।

रेलवे क्लब में भगवा कलर का पूजा पंडाल राम मंदिर की तर्ज पर कारीगरों द्वारा बनाया गया था। सब कुछ सही चल रहा था लेकिन रावण दहन के दौरान रावण के पुतले को पहनाए गए भगवा कलर की पोशाक लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। लोगों ने इसका कड़ा विरोध जताया है। वहीं सोशल मीडिया पर भी अभाविप कार्यकर्ता, भाजपा और आरएसएस के लोग इसका विरोध कर रहें है। जहां सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि भगवा रंग हम हिंदुओं और सनातन धर्म की पहचान है, ऐसा नहीं होना चाहिए था। हमने समिति के लोगों के समक्ष ही इसका विरोध किया है। वहीं भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि रेलवे क्लब दुर्गापूजा समिति की मानसिक स्थिति गड़बड़ा गई है। इसका हम सब पुरजोर विरोध करते है क्योंकि ऐसा करके हमारी सनातन संस्कृति और राष्ट्र भावना का अपमान किया गया है। अभाविप नगर मंत्री सागर कुमार ने भगवा कलर जलाने के लिए नहीं बना है, लेकिन पूजा समिति के लोग हजारों सनातन प्रेमियों के बीच इसे जलाकर सनातन धर्म का अपमान किया है। इसके अलावा रेलवे क्लब में मुहूर्त के काफी विलंब के बाद रावण का दहन किया जाना भी हर वर्ष चर्चा का विषय रहता है। यहां हर वर्ष देर शाम दस के करीब ही रावण दहन किया जाता है। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों से रावण दहन देखने आए महिलाओं और बच्चों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। महिलाएं और युवतियों पूजा स्थल के इर्द गिर्द शौच की जगह नहीं होने से व्याकुल दिखाई देती हैं। वहीं छोटे- छोटे बच्चे रावण दहन का नजारा देखने से पूर्व ही सोने लग जाते हैं।

**क्या कहते है स्टेशन प्रबंधक :** इस मामले में जब खबर मंत्र ने पूजा समिति के पदाधिकारी सह बरवाडीह स्टेशन प्रबंधक अनिल कु.दिवेद्वी से दूरभाष पर बात की तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमलोग सनातन संस्कृति के विरोधी है। हमलोग इसे राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखते है। वहीं उन्होंने अगले वर्ष से गोधूली बेला में रावन दहन करने और महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था करवाने को लेकर आश्वस्त किया है।

### लगातार 46वें वर्ष धूमधाम से मनी दुर्गा पूजा

**लातेहार।** लातेहार जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती कुलगड़ा ग्राम में लगातार 46 वें वर्ष दुगार्पूजा धूमधाम के साथ मनाई गयी। सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति कुलगड़ा के द्वारा बनाया गया भव्य पूजा पंडाल क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंगलवार की देर शाम संध्या आरती के बाद संध्या बेला में गाजे बाजे के साथ मां की प्रतिमा को बड़का बांध में विसर्जित किया गया। जहां भक्तों ने नम आंखों से विदाई दी। वहीं विजयदशमी के दिन मंगलवार को भव्य जतरा मेला का आयोजन भी किया गया, जिसमे आसपास के कई गांवों के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए व जतरा मेला का लुत्फ उठाया। बता दें कि लवरपुर पंचायत अंतर्गत कुलगड़ा ग्राम में लगातार 46 वें वर्ष दुगार्पूजा मनाई गयी है। इसकी स्थापना स्व. रामजी प्रसाद भगत ने की थी। वर्तमान में उनके पुत्र राजेश कुमार भगत पूजा समिति के मुख्य संरक्षक है।

स्पीड न्यूज

## डीसी ने किया रावण दहन कार्यक्रम का शुभारंभ, बड़ी संख्या में दर्शक थे उपस्थित

**पाकुड़।** विजयादशमी के अवसर मंगलवार शाम पाकुड़ मुख्यालय, बाहिरग्राम व हिरणपुर प्रखंड के सरकारी मवेशी हाट परिसर में स्थित बजरंगबली कमिटी के द्वारा भव्य रूप से रावण बध कार्यक्रम आयोजित की गई। जहाँ हजारो की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बर्णवाल , एसडीओ हरिवंश पण्डित , एसडीपीओ अजित कुमार विमल , जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त ने एक अक्टोबर को बजरंगबली मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा सम्पादित रक्तदान किये गए व्यक्तियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था काफी पुख्ता की गई थी। वहीं आदिवासी महिला पुरुषों ने परम्परागत रूप से दसाई दौन व लागेडएनएच की मनमोहक प्रस्तुति की गई। दोनों टीमो को कमिटी द्वारा सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम को लेकर काफी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद है। सभी लोग कार्यक्रम का शांति ढंग से आनन्द ले। रावण दहन कार्यक्रम के बाद बिना शोर किये हुए शांत ढंग से घर जाए। कमिटी द्वारा किये गए कार्यक्रम सराहनीय है। इसके बाद उपायुक्त ने स्वंय रावण दहन कार्यक्रम की शुरूवात किया। इस मौके पर बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी, थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि, बीईईओ रफीक आलम, चिकित्सा प्रभारी डा. सुनील कुमार सिंह, राजेश भगत,पिंटू भगत, कामेश्वर दास , विपिन यादव , बिकास रविदास, विशाल आर्य, बाबूराम रविदास आदि उपस्थित थे।

चाईबासा में सुरक्षा बल ने तीन आईइडी बम किया बरामद

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस जवानों को टोंटो थाना क्षेत्र में दो दिनों में 3 आईइडी बम बरामद करने में सफलता मिली है। रविवार को टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका और पाटातोरब जंगल व पहाड़ी रास्ते पर पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए 8 किलो का 2 आईइडी बम बरामद किया गया। इसके साथ ही सोमवार को टोंटो थाना क्षेत्र के प्रधानघाट के आसपास जंगल में 5 किलो का 1 आईइडी बम बरामद किया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** महानवमी की रात में गुमो में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों और डांस एकेडमी के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी विविध प्रस्तुतियों से इंद्रधनुषी छटा बिखेर दी। कार्यक्रम लगभग 4 घंटे तक चला। इसमें विकास मिश्रा, मनोरंजन यादव और मनोज पांडेय ने निर्णय की भूमिका निभाई। गांधी स्कूल रोड के डेंजरस डांस ग्रुप के रौनक पांडेय और ग्रुप को प्रथम पुरस्कार मिला, जबकि व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए रोहित कुमार को द्वितीय और राहुल कुमार को तृतीय पुरस्कार मिला। राहुल कुमार ने किन्नरों के जीवन पर आधारित अपनी प्रस्तुति दी थी, जिसे काफी सारा गया। वहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भोंडो के बच्चों ने झांसी की रानी पर ग्रुप डांस किया था, जिसे बेस्ट परफॉर्मेंस का अवार्ड दिया गया। अतिथियों में त्रिवेणी पांडेय, लक्ष्मी पांडेय, अजय पांडेय, रतन लाल पांडे, सत्यदेव राय ने पुरस्कार देकर सबों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन भारत लाल पांडेय और विपिन पांडेय ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सौरभ सहाय, अवध पांडेय, प्रेमदीप राय, अनुराग पांडेय, विनीत पांडेय, प्रीतम पांडेय समेत आजाद क्लब से जुड़े अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न इलाकों से आए 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

## डीजे की धुन पर लोगों ने नाचते गाते दी बीडीओ को विदाई

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड सह अंचल सभागार में जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी एवं प्रखंड प्रमुख ललिता देवी के नेतृत्व में बुधवार को बीडीओ बैद्यनाथ उरांव को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। समारोह में प्रखंड, अंचल और बाल विकास परियोजना के सभी कर्मियों के अलावा सभी चौदह पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और समाजसेवीगण प्रेस क्लब सतगावां के अलावा राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के पदाधिकारी और कर्मियों ने गुलदस्ते, फुल मालाओं और उपहार देकर सम्मानित किये। वहीं श्री उरांव ने कहा कि सतगावां प्रखंड में पांच वर्ष के कार्य काल में मुझे यहां के जनप्रतिनिधियों, पत्रकार मित्रों, समाजसेवियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, सरकारी कर्मियों और गैर सरकारी संगठनों के लोगों से अपेक्षित सहयोग मिलता रहा, जिससे मुझे सतगावां प्रखंड घर परिवार जैसा महसूस होता रहा। कतिपय कारणों से कुछ लोगों से नोक झोंक भी हुई लेकिन पुनः एक साथ मिलकर काम किया गया, कुछ नैतिक भी बंदिशें रही कुछ लोगों की अपेक्षाएं रहीं। कुल मिलाकर सतगावां प्रखंड के लोगों का विश्वास, स्नेह, आदर और सम्मान मुझे हमेशा याद रहेगा। वहीं श्रीमती कुमारी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि श्री उरांव अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में जनहित के कार्यों के प्रति काफी संवेदनशील और कार्यों को तत्परता पुर्वक निष्पादित किए। उत्तरोत्तर विकास कार्यों के अतिरिक्तकई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर ललिता देवी, मनोज कुमार निराला, विजय सिंह, आनन्द कुमार साह, धन्नजय यादव, उत्तम कुमार, प्रीति कुमारी, जयशंकर प्रसाद, ब्यूटी कुमारी आदि मौजूद थे। समारोह का संचालन राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के सचिव मनोज दांगी ने किया।

## पत्थर खदान में डूबने से युवक की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डहुआटोला स्थित पत्थर खदान में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 36 वर्षीय प्रमोद चौधरी पिता वासुदेव चौधरी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह सुबह युवक खेत में पानी पटाने के लिए मोटर लगाने खदान में गया था, जहां पैर फिसलने से युवक खदान में गिर गया। आस पास के लोगों के द्वारा युवक को काफी बचाने का प्रयास किया गया एवं युवक को पानी से बाहर निकालने के बाद सीओ ओमप्रकाश बड़ाइक, इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, थाना प्रभारी उमानाथ सिंह के सहयोग से आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद युवक के परिजन आपदा प्रबंधन से सीओ ओमप्रकाश बड़ाइक एवं खदान संचालक से मुआवजे की मांग करने लगे। घटना की सुचना मिलते ही विधायक अमित कुमार यादव, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुखिया राजकुमार यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

# मुजफ्फरपुर की युवती का पटना में मर्डर, फ्लैट में मिली लाश, युवक फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** पटना में मुजफ्फरपुर की रहने वाली एक युवती की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सिटी की अगमकुआं थाना पुलिस ने बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी के विजयनगर स्थित एक घर से एक 24 वर्षीय युवती का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

मृतका के गले पर काले निशान हैं, ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई होगी। मृतका के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट बरूआरी निवासी स्वर्गीय गौतम कुमार सिंह की पुत्री मुस्कान कुमारी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मुस्कान कुमारी पिछले 20-25 दिनों से एक युवक के साथ बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी के विजयनगर स्थित एक घर में किराएदार के रूप में रह रही थी।

घटना के बाद से युवक फरार बताया जाता है। पुलिस ने पूरी घटना से मृतक के परिजनों को अवगत करा दिया है। परिजनों के पटना पहुंचने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना के संबंध में पूछे जाने पर मौके पर मौजूद अगमकुआं थाने के पुलिस अधिकारी रामायण पासवान ने बताया कि मकान मालिक की सूचना पर पुलिस टीम जब पहुंची तो युवती का शव फर्श पर पड़ा था।

उन्होंने बताया कि युवती के साथ रहने वाले युवक की पहचान की जा रही है। पुलिस ने युवक के महिला के पति होने की संभावना जताते हुए पूरे मामले की तफ्तीश किए जाने की भी बात कही है. पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट की बात दोहराते हुए जल्द ही पूरे मामले का उद्वेदन कर लिए जाने का भरोसा दिलाया है। फिलहाल पूरे मामले की छानबीन में पुलिस जुटी है।

# आदिवासी छात्र की पीटकर हत्या

### मृतक की बाईक भैंस से टकरा गई थी जिसके बाद चरवाहों ने घटना को दिया अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंसडीहा।** जिले हँसडीहा थाना क्षेत्र के मड़गामा गांव में रविवार को आयोजित फुटबॉल मैच देखकर वापस लौट रहे आदिवासी छात्र आनंद लाल सोरेन(16) ग्राम कुरमाहाट की हंसडीहा थाना क्षेत्र के ठाड़ी गांव के समीप लाठी डंडो से पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या की जानकारी घटना के करीब तीन घंटे बाद लोगों को उस वक्त हुई जब मृतक के अन्य साथी अपनी जान बचाकर बच निकलने के बाद परिजनों को फोन पर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पहुँची हँसडीहा पुलिस ने आनंद लाल को घटनास्थल से उठाकर सीएचसी सरैयाहाट पहुँचाया जहाँ चिकित्स्कों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक के दो अन्य साथी जो घटना के समय उसके साथ थे जिन्होंने पुलिस के समक्ष लिखित ब्यान देते हुए बताया है की घटना वाले दिन वे लोग एक बाईक पर सवार होकर मड़गामा फुटबाल मैच देखने गये थे, मैच की समाप्ति पर सभी एक साथ वापस लौट रहे थे, इसी दौरान ठाड़ी गाँव के समीप अंधेरा होने की वजह से उसकी बाईक विपरीत दिशा से आ रही भैंसो के झुंड से टकरा गई। इसी दौरान भैंसो को लेकर जा रहे तीन चार की संख्या में चरवाहों ने उनलोगों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। मामलें को लेकर पुलिस ने मृतक के दोस्त के फर्द ब्यान पर हंसडीहा थाना कांड संख्या 81/23 आईपीसी की धारा 302/34 के तहत दहरू यादव, संतोष यादव एवं दोनों के पिता जीतन यादव सहित तीन चार अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई थी। वहीं बुधवार को एक नामजद आरोपी दहरू यादव उर्फ मुकेश यादव ने दुमका न्यायलय में आत्मसमर्पण कर दिया है। इधर घटना से आक्रोषित ग्रामीणों व मृतक के परिजनों ने हत्यारों की गिरफ़्तारी की मांग को लेकर सोमवार को हँसडीहा दुमका मुख्य मार्ग को कुरमाहाट बाजार के समीप करीब पाँच घंटे जाम कर दिया। सड़क जाम की वजह से सड़क के दोनों और बड़ी संख्या में वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थिति को देखते हुए सरैयाहाट एवं जरमुंडी से अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया। वहीं जाम की सूचना पर एसडीपीओ अमोद नारायण सिंह,सरैयाहाट बीडीओ महेश्वर यादव, हंसडीहा सर्कल इंस्पेक्टर संजय सुमन, सरैयाहाट प्रभारी विनय कुमार हँसडीहा प्रभारी जीतेन्द्र साहू व एसआई सचिन मिश्रा ने मुखिया रामचंद्र हेमब्रम व भाकपा नेता शम्भू मोहली की मदद से लोगों को समझा बुझा कर जाम हटवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस से हत्यारों की 48 घंटे के अंदर गिरफ्तारी का लिखित आश्वासन भी लिया। इधर पुलिस की दबिश पर हंसडीहा पुलिस भादवी की धारा 302/34 आईपीसी के प्राथमिकी आरोपी डाहु यादव उर्फ मुकेश यादव (28), गांव- ठाडी थाना हंसडीहा ने बुधवार को लगातार छापामारी एवं दबीश के कारण न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

## शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का रमना रेलवे स्टेशन पर होगी ठहरावः सांसद पलामू

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरुप शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का रमना रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाएगा। विदित है कि उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु माननीय सांसद के द्वारा विभिन्न स्तरों पर पत्राचार के माध्यम से एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से व्यक्तिगत मुलाकात कर मांग किया गया था। आज उक्त ट्रेन के 18 हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। बहुत जल्द तिथि निर्धारित कर रमण रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन का विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त ट्रेन के ठहराव की मांग श्री बंशीधर नगर अनुमंडल एवं गढ़वा की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। रमना रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी। इसके लिए माननीय सांसद पलामू ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया है।

## इलाज के दौरान युवक की मौत, जमकर हंगामा

**शिकारीपाड़ा।** सड़क दुर्घटना में घायल 20 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना सोमवार की शाम में हुई। घटना के विरोध में आक्रोशित परिजनों व स्थानीय लोगों ने निजी क्लिनिक के चिकित्सक डा.आशीष कुमार वर्णवाल एवं उसकी पत्नी पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप में विरोध प्रदर्शन किया। करीब 2 घंटे तक परिजनों ने मुख्य पथ को जाम रखा। परिजनों ने दोनों चिकित्सकों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। सड़क जाम की खबर मिलने पर शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी वकार हुसैन एवं अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से लिखित आवेदन लेकर 24 घंटे के अंदर डॉक्टर को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर सड़क जाम को हटाया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी। दो घंटे के बाद आवागमन पुनर्बहाल हो पाया। आवागमन पुनर्बहाल होने के बाद ही लोगों को राहत मिली।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरुआत, जयकारे से गुंजयमान हुआ क्षेत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



महायज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**श्री बंशीधर नगर।** पाल्हे-जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरणी मंथन से अग्नि प्रज्ज्वलित कर की गई। आचार्यों ने इससे पहले अग्नि का आह्वान किया। अग्नि प्रकट होते ही मौजूद संत-महात्माओं, यजमानों और विद्वानों ने भगवान लक्ष्मीनारायण की जय के गगनभेदी उद्घोष से संपूर्ण यज्ञस्थल को गुंजायमान कर दिया। इसके बाद अग्नि सभी यज्ञ कुंड तक पहुंचाई गई और आहुतियों का क्रम शुरू हो गया। आयोजन स्थल स्वाहा की अनुगूंज से गूंज उठा। यज्ञ की प्रक्रिया घण्टो तक चली। यज्ञाचार्य विजय राघव पांडेय, यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य उपेंद्र नारायण शुक्ला, श्री जीयर स्वामी जी के प्रतिनिधि आचार्य कृष्णकांत दुबे अन्य आचार्य नरसिंह नारायण शुक्ला, आचार्य गोरखनाथ पांडेय सहित 68 आचार्यों के द्वारा यज्ञशाला में विभिन्न अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। चक्राब्ज मंडल, व्युह, अष्टपदियों, सुदर्शन आदि देवताओं का आह्वान प्रतिष्ठा, षोस्ठोपचार पूजन और 78 बटुक का यज्ञोपवित्र संस्कार के बाद शेष देवताओं का आह्वान, प्रतिष्ठा, षोस्ठोपचार पूजन, कुंड पूजन के माध्यम से अग्नि स्थापन, भगवान श्रीमन्नारायण व भगवती महालक्ष्मी को आहुति प्रदान किया गया। यज्ञ शुरू होते ही यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में डूबा हुआ है। देश के महान संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिय में हो रहा महायज्ञ 28 अक्टूबर तक चलेगा। महायज्ञ में 108 लोगों का उपनयन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। उपनयन को लेकर यज्ञ मंडप पर परिजन अपने-अपने बच्चों को लेकर पहुंचे थे। यहां मौजूद आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विाान से संस्कार सम्पन्न कराया गया। सामुहिक उपनयन संस्कार को देखने के लिए काफी लोग मौजूद थे। यज्ञशाला से अलग भगवान श्रीमन्नारायण, नारायण, नारायण व श्री लक्ष्मी नारायण, नारायण, नारायण का अनवरत अखंड कीर्तन किया जा रहा है, जो 28 अक्टूबर को 10:30 बजे रात्रि तक अलग-अलग टीम द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावे मानस पाठ, अलग टीम द्वारा श्रीमते रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी समारोह के अवसर पर मूल मंत्र का जाप, द्वैय मंत्र का जाप आदि किया जा रहा है। पूरे श्री बंशीधर नगर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर उत्साह का माहौल है।

# विधि विधान के साथ शस्त्र पूजन, मातृ शक्तियों ने लिया भाग

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** मंगलवार को शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन विजयादशमी के अवसर पर पाकुड़ के सैकड़ों युवाओं व मातृ शक्तियों ने के द्वारा पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर स्थित दुर्गा मंदिर पंडाल में शस्त्र पूजन भाग लिया। शस्त्र पूजन का आयोजन हिसाबी राय के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद पाकुड़ की निवर्तमान अध्यक्ष सम्पा साहा सहित दुर्गा पूजा समिति के सचिव संतोष कुमार ठाकुर भाजपा प्रदेश का समिति के सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा मरांडी,राणा शुक्ला मौजूद थे।पुरोहित सजल चक्रवर्ती,सुकांतो सहाना तथा तापस तिवारी के द्वारा देविक विधिविधान से पूजा अर्चना जजमान अनिकेत गोस्वामी से करवाया गया।सारे पंडाल माता आदि शक्ति दुर्गा माता की जय, जय,जय माता दी,जय भवानी जय,श्री राम इत्यादि के गगनभेदी जयघोष से पूजा मंदिर परिसर गूंज उठा।

शस्त्र पूजन के अवसर पर सम्पा साहा ने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत,अंधकार पर प्रकाश की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है।यह पर्व हमें अपने अहंकार तथा बुराई को समाप्त कर अच्छाई तथा सत्य की राह पर चलने की सीख देता है।आगे उन्होंने कहा कि विजयदशमी पर शस्त्र पूजन का विशेष महत्व इसलिए भी है कि ऐसी मान्यता है की मां दुर्गा द्वारा महिषासुर का वध करने के उपरांत माता दुर्गा वह अन्य देवताओं में दस दिनों तक चले इस महायुद्ध में प्रयोग किए गए विभिन्न अस्त्र-शस्त्र पूजन किया गया था। मान्यता को आज भी हम विजयदशमी को शस्त्र पूजन कर सनातन परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं,यह शक्ति आधार है।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर की समीक्षा बैठक

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को एसएसआर 2024 कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ सुधीर कुमार दास ने की। बैठक में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी बीडीओ सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि और सभी एईआरओ, बीपीआरओ बीएलओ पर्यवेक्षक और कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे। बैठक में मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य की समीक्षा की गई तथा मतदाता सूची शुद्धीकरण करने का निर्देश दिया गया।

एक नजर में

## बोलेरो और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर ब्लॉक स्थित राजकुमार राउत के घर के समीप बोलेरो व बाइक के आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों में भवनाथपुर बाजार निवासी उपेंद्र चन्द्रवंशी के पुत्र रवि कुमार व अशोक बैठा के पुत्र विकास रजक का नाम शामिल है। युवकों की मौत के बाद शराब के नशे में धुत दो युवकों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात आयुष चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार किया। आयुष चिकित्सक ने बताया कि घटना के बाद दो युवक नशे में धुत होकर आये और कहने लगे कि कौन डॉक्टर है, जो इलाज नहीं कर पाया। इस पर हमने कहा कि युवक मृत आया है, तो इसमें क्या इलाज करें। उन्होंने बताया कि एएनएम के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिसकी सूचना हमने स्थानीय थाना को दी गई। इस संबंध में अस्पताल के प्रभारी डॉ. रंजन दास ने बताया कि घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर इलाज में लापरवाही बरती जाती तो कोई कारण बनता है, लेकिन अनायास चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार करना निंदनीय है। उन्होंने दोषी युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाना में लिखित शिकायत करने की बात कही। हालांकि खबर लिखे जाने तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। घटना की सूचना पर विाायक भानु प्रताप शाही ने मृतकों के घर पहुंचकर सांत्वना दिया। मौके अनुमंडल विाायक प्रतिनिधि दयानन्द सोनी, संजय यादव, आरके राम, काले सिंह, बुचल राम, कपिल राम आदि लोग उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज ने की जलपान की व्यवस्था, श्रद्धालुओं पर की पुष्पवर्षा

**गढ़वा।** मुस्लिम समाज गढ़वा के तत्वावधान में मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने शहर के मझिआंव मोड़ पर स्टॉल लगाकर मिठाई व शीतल पेयजल का वितरण किया। साथ ही सभी श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्पवर्षा करते हुए गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गढ़वा जिला संप्रदायिक सौहार्द एवं एकता के लिए पूरे देश मे प्रसिद्ध है। यहां के सभी लोग सभी पर्व त्योहार आपस मे मिलजुल कर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा को बढ़ाना है। मुस्लिम त्यौहार में हिन्दू भाई इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित कर अकीदतमंदों को सुविधा प्रदान करते हैं। डा. यासीन अंसारी ने कहा कि हम सभी हिन्दू, मुसलमान व ईसाई भारत देश के निवासी हैं। भारत देश हमारी फुलवाड़ी है। उन्होंने कहा कि संसार के प्रत्येक धर्म में अच्छाइयां विद्यमान हैं। मौके पर सिराज खान, समाजसेवी डॉ. असजद अंसारी, गढ़वा जिला अंजुमन सदर मदनी खान, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, वक्फ बोर्ड के शौकत कुरैशी, नीलू खान, सनाउल्लाह खान, करीब अंसारी, शफीक अंसारी, अरमान सिद्दीकी, नईम सिद्दीक़ी, साबिर सिद्दीक़ी, फैजान आलम आदि लोग उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने की मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की अनुशंसा

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने भवनाथपुर ग्राम निवासी रवि कुमार चंद्रवंशी एवं विकास रजक की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर अंचल अधिकारी को सरकारी प्रावाान के अनुसार सड़क दुर्घटना में मुआवजा उपलब्ध कराने का अनुशंसा की है। अनुशंसा पत्र में जिप सदस्य ने कहा है कि दोनों भावपुर निवासी अति गरीब परिवार के अंतर्गत आते थे। मृतक के सहारे घर परिवार का भरण पोषण होता था। यह दोनों मृतक घर के मुखिया के रूप में थे। जिनका सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से घर में कोई सहायता करने वाला नहीं रहा है।

## पेज 1 का शेष

### राज्य में खेल को...

**आयोजन समिति ने की समीक्षा :** मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 27 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2023 तक आयोजित होने वाले झारखंड विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफीकी तैयारियों को लेकर आज यहां उच्च स्तरीय आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गयी। वहीं डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को तैयारियों का जायजा बुधवार को लिया। खेल के दौरान चाक-चौबंद विधि व्यवस्था रखने के निर्देश दिया। विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह मरांग गोमके की अध्यक्षता उच्च स्तरीय आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। खिलाड़ियों के आगमन, उनके ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, ट्रैफिक, वेंडिंग जोन आदि को लेकर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। श्री सिंह ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। कोई कमी न रहे, इसे लेकर समीक्षा की गयी और बचे हुए कार्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने लोगों से मैच देखने आने और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की। बैठक में गृह, कला एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव, झारखंड पुलिस महानिदेशक, रांची डीसी, एसएसपी, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त, झारखंड अग्निशमन सेवा, पुलिस अधीक्षक (यातायात) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। **मैच का शेड्यूल :** 27 अक्टूबरः जापान बनाम मलेशिया -4.00 बजे, चीन बनाम कोरिया-6.15 बजे, एवं भारत बनाम थाईलैंड शाम 6.18बजे। 28 अक्टूबर : जापान बनाम कोरिया -4 बजे, थाईलैंड बनाम चीन 6.15 बजे, भारत बनाम मलेशिया 8.30, 29 अक्टूबरः रेस्ट डे। 30 अक्टूबर 4.00 बजे - कोरिया बनाम मलेशिया, 6.15 बजे- थाईलैंड बनाम जापान, 8.30 बजे- चीन बनाम इंडिया, 31 अक्टूबर कोरिया बनाम थाईलैंड -4 बजे, मलेशिया बनाम चीन 6.15 बजे, जापान बनाम भारत 8.30 बजे, 01 नवंबर : रेस्ट डे, 02 नवंबर मलेशिया बनाम थाईलैंड-4 बजे, चीन बनाम जापान- 6.15 बजे, भारत बनाम कोरिया- 8.30 बजे, 03 नवंबर : रेस्ट डे। 04 नवंबर-पूल में पांचवां बनाम छठवां मैच -3.30 बजे, पूल में दूसरा बनाम तीसरा मैच 6.00 बजे, पूल में पहला बनाम चौथा मैच 8.30 बजे, 05 नवंबर-लूजर एसएफ वन बनाम एसएस टू-6.00 बजे। विनर एसएफ वन बनाम एसएफ टू 8.30 बजे।

### कैबिनेट ने दी...

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक रबी सीजन के लिए सब्सिडी की जानकारी दी। उन्होने बताया कि नाइट्रोजन के लिए यह 47.2 रुपये प्रति किलोग्राम, फास्फोरस 20.82 रुपये प्रति किलोग्राम, पोटाश सब्सिडी 2.38 रुपये प्रति किलोग्राम होगी और सल्फर सब्सिडी 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उन्होंने कहा कि सब्सिडी जारी रहेगी क्योंकि सरकार नहीं चाहती कि जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ें तो इसका असर देश के हमारे किसानों पर ना पड़े। डीएपी पर सब्सिडी 4500 रुपये प्रति टन जारी रहेगी। डीएपी पुरानी दर के अनुसार 1350 रुपये प्रति बोरी में मिलेगी। एनपीके 1470 रुपये प्रति बैग की कीमत पर उपलब्ध होगा। पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी रबी सीजन 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक लागू) के लिए अनुमोदित दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी ताकि किसानों को सस्ती कीमतों पर इन उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वह उर्वरक विनिमार्ताओं/आयातकों के माध्यम से किसानों को सब्सिडाइज्ड मूल्यों पर पीएण्डके उर्वरकों के 25 ग्रेड उपलब्ध करा रही है। पीएण्डके उर्वरकों पर सब्सिडी दिनांक 01-04-2010 से एनबीएस स्कीम के तहत दी जा रही है। सरकार अपने किसान हितैषी दृष्टिकोण के अनुसार, किसानों को वहनीय मूल्यों पर पीएण्डके उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत में अब पूरी तरह से धर्म से गोमाता को जोड़कर इसपर प्रतिबंध लगाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गाय को लेकर भाजपा-कांग्रेस और वामदल जैसी पार्टियों के अलग-अलग तर्क हैं। अलग-अलग तर्क हैं। वैसे सच पूछा जाये तो गाय ने 1857 की क्रांति में बहुत अहम भूमिका अदा की थी। तब ब्रिटिश सेना में तैनात हिंदू व मुसलमान सैनिक इसलिए बगावत पर उतर आये थे क्योंकि उन्हें बंदूक में इस्तेमाल किये जाने वाले कारतूस को मुंह से खोलना पड़ता था। उन्हें पता चला कि उसमें गाय व सूअर की चरबी का इस्तेमाल किया जाता है। हिंदू गाय को बेहद पवित्र मानते थे जबकि मुसलमान सूअर को उतना ही अपवित्र। इसलिए दोनों ने ही ब्रिटिश सरकार के खिलाफ बगावत कर दी। अब फिर गाय पर राजनीति हो रही है। अगर हम गोहत्या पर रोक लगाते हैं तो पाकिस्तान अपने यहां रहने वाले हिंदुओं के मंदिर जाने पर रोक लगा सकता है। वह कह सकता है कि शरीयत में मूर्ति पूजा पर प्रतिबंध है। दरअसल गोहत्या बहुत बड़ा मुद्दा बन चुका है। पहले यह मुसलमानों पर हमले की वजह से बना और अब इसके कारण दलितों को निशाना बनाया गया है। वैसे यह बताना जरूरी हो जाता है कि कांग्रेस ने भी गाय के जरिये राजनीति की।

पहले कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी था। इस पार्टी को पता था कि बैलों का भारतीय समाज में क्या महत्व है। भारत में कृषि की स्थिति उन्नत होती, क्योंकि गायों के गोबर से उत्तम खाद खेतों को मिल रही होती। जिससे स्वस्थ फसल और स्वस्थ अन्न हमारे घरों में आ रहा होता। आज की तरह रासायनिक खादों से तैयार हो रही प्राणलेवा हरी सब्जियों की समस्या ही कहीं दिखाई नही देती और ना ही हम दूषित अन्नौषधियां का सेवन करने के लिए अभिशप्त होते। सारे भारत में हरियाली होती और हम अपने यज्ञ विज्ञान के आधार पर अपने राजस्थान जैसे प्रांतों में भी हरित क्रांति करने में सफल हो जाते। साथ ही भारत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के अवमूल्यन का वर्तमान शर्मनाक दौर भी हमें देखने को नही मिलता। पश्चिमी यूपी के लिए कई वर्ष पूर्व वैज्ञानिकों ने एक चेतावनी दी थी कि यदि यहां रासायनिक खादों का प्रयोग इसी प्रकार जारी रहा तो सन 2050 तक इस क्षेत्र की ऊर्वराभूमि पूर्णतया अनुर्वर हो जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग से कृषि उपज निरंतर गिर रही है और कृषि योग्य भूमि निरंतर बंजर होती जा रही है। यदि गोवध जारी रखने की 1954 की समिति की सिफारिशों को रद्दी की टोकरी में फेंककर उससे पूर्व की (1938) समिति की रिपोर्ट पर ध्यान दिया जाता तो आज यह स्थिति नहीं आती। 11 अगस्त सन 2003 को अटल सरकार ने देश की आत्मा की पुकार को समझते हुए संसद में पूर्ण गोहत्या निषेध हेतु एक बिल पेश किया। तत्कालीन कृषि मंत्री राजनाथ सिंह ने उक्त विधेयक को पेश ही किया था कि गोहत्या जारी रखने के समर्थक दलों ने (कम्युनिस्ट सबसे आगे थे) इस बिल का जोरदार विरोध आरंभ कर दिया। शोरगुल इतना अधिक रहा था कि भाजपा के कई समर्थक दल भी उसी में शामिल हो गये थे।

# पर्यावरण संतुलन के लिए गौ संरक्षण जरूरी

**ललन शर्मा**

भारतीय संविधान की धारा 48 में प्रावधान किया गया कि राज्य विशेष कर गायों, बछड़ों तथा अन्य दुधारू और वाहक पशुओं की नस्ल के परीक्षण तथा सुधार के लिए उनके वध पर प्रतिबंध लगाने के लिए कदम उठाएगा। दुर्भाग्य रहा कि इस देश का कि संविधान का यह अनुच्छेद केवल 'शोपीस' बनकर रह गया।

क्योंकि देश का जो पहला प्रधानमंत्री बना था वह स्वयं मांसाहारी था। इसलिए वह नहीं चाहता था कि देश में गोहत्या निषेध जैसी स्थिति उत्पन्न हो। यद्यपि 1938 में अखिल भारतीय कांग्रेस ने पंडित नेहरू के नेतृत्व में ही एक नेशनल प्लानिंग कमेटी बनाई थी जिसकी 30-35 छोटी उपसमितियां थीं।

1946 में इन समितियों ने अपनी अलग-अलग रिपोर्टें दीं। जिनके अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि संपूर्ण भारत में गोवध पूरी तरह से बंद होना चाहिए। संविधान सभा और इन समितियों के इस निष्कर्ष के उपरांत भी 1954 में भारत सरकार के पशुपालन विभाग ने फिर एक समिति बनायी जिसका नाम रखा गया कि वह गोवध बंद करने के लिए उपाय सुझाए। लेकिन इस समिति ने अपने 'आका' को प्रसन्न करने के लिए गोवध निषेध पर अपने उपाय न सुझाकर 'गोवध कैसे जारी रखा जा सकता है' इस पर अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किये। समिति ने कहा कि हमारे यहां सौ में से चालीस गायों बैलों को खिलाने के लिए पौष्टिक आहार है, बाकी 60 गाय-बैलों को तो हम आहार ही नही दे पाएंगे। इसलिए सौ में से 60 कमजोर गाय-बैलों को तो हमें मारना ही पड़ेगा।

इसके पश्चात 1938 की पंडित नेहरू की अध्यक्षता वाली कमेटी और उसकी 30-35 उपसमितियों की रिपोर्ट तथा संविधान सभा के विद्वान सदस्यों के राष्ट्रवादी विचारों की उपेक्षा करते हुए इसी 1954 की समिति की आख्या को भारत में गोवध जारी रखने का कारण घोषित किया गया। **आज तक जितनी गऊएं या बैल काटे जाते हैं उन सबको वृद्ध और अनुपयोगी दिखाया जाता है, इसमें सरकारी डाक्टर और संबंधित अधिकारियों की साठगांठ होती है जो लाइसेंसधारी कातिलों को इन पशुओं को मारने की स्वीकृति प्रदान करते हैं। इस प्रकार बड़ी ही सावधानी से तथा चुपके से राष्ट्र की आत्मा की तथा संविधान के अनुच्छेद 48 की हत्या कर दी जाती है।** जब भी कोई गाय इस देश में कहीं कटती है, या रोजाना कत्लगाहों में जब-जब मारी जाती है तब-तब वह रोती हुई संविधान सभा के लोगों को तथा 1938 की समिति के सदस्यों को तो शुभाशीष देती है, पर इस देश की आत्मा की हत्या करने वालों को तथा इस हत्या को देखने वालों को धिक्कारती हुई इस संसार से चली जाती है।

**गाय आधारित विश्व की अर्थव्यवस्था**

यदि ऐसी स्थिति बन जाती तो सारे विश्व की अर्थव्यवस्था तब गाय आधारित होती। सारे विश्व में ही कोल्ड ड्रिंक्स की बड़ी बड़ी कंपनियां कहीं ना होतीं। दूध दही-लस्सी, मक्खन से पौष्टिक आहार तैयार होता और विश्व में कहीं पर भी कैंसर सहित सैकड़ों प्राणलेवा बीमारियों का कहीं अता पता ही नही होता। भारत में कृषि की स्थिति उन्नत होती, क्योंकि गायों के गोबर से उत्तम खाद खेतों को मिल रही होती। जिससे स्वस्थ फसल और स्वस्थ अन्न हमारे घरों में आ रहा होता। आज की तरह रासायनिक खादों से तैयार हो रही प्राणलेवा हरी सब्जियों की समस्या ही कहीं दिखाई नही देती और ना ही हम दूषित अन्नौषधियां का सेवन करने के लिए अभिशप्त होते। सारे भारत में हरियाली होती और हम अपने यज्ञ विज्ञान के आधार पर अपने राजस्थान जैसे प्रांतों में भी हरित क्रांति करने में सफल हो जाते। साथ ही भारत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के अवमूल्यन का वर्तमान शर्मनाक दौर भी हमें देखने को नही मिलता।

पश्चिमी यूपी के लिए कई वर्ष पूर्व वैज्ञानिकों ने एक चेतावनी दी थी कि यदि यहां रासायनिक खादों का प्रयोग इसी प्रकार जारी रहा तो सन 2050 तक इस क्षेत्र की ऊर्वराभूमि पूर्णतया अनुर्वर हो जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग से कृषि उपज निरंतर गिर रही है और कृषि योग्य भूमि निरंतर बंजर होती जा रही है। यदि गोवध जारी रखने की 1954 की समिति की सिफारिशों को रद्दी की टोकरी में फेंककर उससे पूर्व की (1938) समिति की रिपोर्ट पर ध्यान दिया जाता तो आज यह स्थिति नहीं आती।

**पाप बोध से उबर नहीं पाए**

11 अगस्त सन 2003 को अटल सरकार ने देश की आत्मा की पुकार को समझते हुए संसद में पूर्ण गोहत्या निषेध हेतु एक बिल पेश किया। तत्कालीन कृषि मंत्री राजनाथ सिंह ने उक्त विधेयक को पेश ही किया था कि गोहत्या जारी रखने के समर्थक दलों ने (कम्युनिस्ट सबसे आगे थे) इस बिल का जोरदार विरोध आरंभ कर दिया। शोरगुल इतना अधिक रहा था कि भाजपा के कई समर्थक दल भी उसी में शामिल हो गये थे और एक अच्छी पहल की भ्रूण हत्या करने के लिए सरकार को विवश होना पड़ा। इस प्रकार आशा की एक किरण जगते-जगते रह गयी। पापी अपने पापबोध से उबर नही पाए और उसी में डूबकर मर गये।



**गाय से ही पर्यावरण संतुलन संभव**

वेद ने एक अद्भुत शब्द 'सहचर्य' की खोज की। वास्तव में इस शब्द में ही प्राकृतिक और पर्यावरणीय संतुलन का रहस्य छिपा है। भारत ने आदिकाल से पर्यावरण संतुलन के लिए सहचर्य का प्रयोग किया है। इसलिए भारत ने जीवन को एक प्रतियोगिता या प्रतिस्पर्द्धा न मानकर साथ साथ चलने और साथ-साथ रहने का आनन्दोत्सव माना और इसी प्रकार जीने का प्रयास किया। पश्चिमी जगत ने अपनी मिथ्या धारणाएं संसार को दीं तथा संसार को नरकगाह या कत्लगाह में परिवर्तित कर दिया। फलस्वरूप सारे संसार में आज उपद्रव, उन्माद, और उग्रवाद का ताण्डव नृत्य हो रहा है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के खगोल भौतिकी के रीडर डा. मदनमोहन बजाज और उनके साथी डा. इब्राहीम एवं डा. विजयराज सिंह ने रूस के पुशीना नगर में सितंबर 1994 में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन में 'आइंसटीन पेन वेव्स' के सिद्धांत के आधार पर अपने बहुचर्चित शोधपत्र में सिद्ध किया कि धरती माता अपनी संतानों का निर्ममतापूर्वक संहार होते देखकर रोती है, क्रंदन करती है, चीखती है, दहाड़ती है, वही भूकंप बन जाती है। हमने साहचर्य को तिलांजलि दी तो धरती माता ने हमें दंड देना प्रारंभ कर दिया है। दण्ड की यह प्रक्रिया गति पकड़ती जा रही है। प्रत्येक वर्ष बाढ़ों, भूकंपों व ऐसी ही प्राकृतिक आपदाओं का क्रम निरंतर बढ़ रहा है। प्रकृति ने 'दण्ड' हाथ में ले लिया है और मानव अपने अस्तित्व के लिए स्थान खोजता फिर रहा है।

अच्छा हो कि अब भी गोमाता की शरण में आ जाएं, क्योंकि आपत्ति में मां ही सहायक होती है, और मां ही काम आती है। मां अवश्य शरण देगी क्योंकि वह करुणामयी होती है। संविधान के रक्षको! निहित स्वार्थों में संविधान के भक्षक मत बनो, संविधान की मूल भावनाओं को समझो और गौमाता को यथा शीघ्र राष्ट्रीय पशु घोषित करो। समय की यही पुकार है।

# अर्द्धसत्यों से मुक्त समरसता की राह

**रमेश नैयर**



गाय इन दिनों राजनीति और मीडिया की चर्चाओं में है। उत्तेजित जनसमूह बूचड़खानों को बंद कराने में जुटे हैं। झारखंड सहित कई राज्यों में लोगों को इस विषय पर पीटा गया। यूपी में गाय-भैंस आदि के मांस के कारोबारी सड़कों पर उतरे दिखाई दिये। इसी प्रदेश में घर में गो मांस पकाने के संदेह में भारतीय वायुसेना कर्मी के पिता अखलाख अहमद की अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में हत्या कर दी गई। वक्त का तकाजा है कि भारतीय समाज में गाय के प्रति आस्था के साथ ही उसके पूरे अर्थशास्त्र और सामाजिक-ऐतिहासिक यथार्थ को सम्यक रूप में समझा जाए। साथ ही उन मिथकों के मर्म को भी भेदा जाए जो विभिन्न समुदायों में कटुता फैलाते हैं।

सर्वाधिक प्रचलित मिथक यह है कि भारत में गोहत्या के जनक मुसलमान हैं। यह भी कि गोवंश के तिजारती कत्ल के लिए बूचड़खाने मुस्लिम शासनकाल में शुरू हुए। ऐतिहासिक सत्य यह है कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने ब्रिटिश स्टाफ के लिए 'बीफ' की आपूर्ति के लिए भारत में गौवंश के बड़े पैमाने पर कत्ल की शुरुआत की। उसके लिए उन्होंने भारतीय मुस्लिम कसाइयों को भर्ती किया। जैसे-जैसे ईस्ट इंडिया कंपनी का विस्तार होता गया और गौ मांसभक्षी गोरों की संख्या बढ़ती गई, गउओं के कत्ल की तादाद भी बढ़ना अनिवार्य हो गया।

'धर्मनिरपेक्षता' की आधी-अधूरी समझ वाले विद्वान भी गोमांस को लेकर अर्द्धसत्य प्रचारित करते हैं। वे जोर देकर कहते हैं कि मुस्लिम शासनकाल के दौरान भारत में गोमांस का भक्षण नहीं होता था। पूर्ण सत्य यह है कि मुगल सम्राट अकबर और शाहजहां के शासनकाल में गायों की हत्या शासकीय तौर पर प्रतिबंधित थी। भारत के मध्यकालीन इतिहास के विद्वान पाकिस्तानी इतिहासकार मुबारक अली ने तथ्यों का हवाला देते हुए लिखा कि मुगल सम्राटों ने भारत के बहुसंख्यक वर्ग की भावनाओं और कृषि में गोवंश की उपयोगिता को देखते हुए गोहत्या पर प्रतिबंध लगाए रखा था। लेकिन मुबारक अली ने यह भी लिखा कि जहांगीर के शासनकाल में स्थितियां बदल गईं। जहांगीर के शासनकाल में ही अंग्रेजों का भारत में प्रवेश होने लगा था। उनका दखल राजदरबार में होने के ऐतिहासिक तथ्य उपलब्ध हैं। जहांगीर से उन्हें तिजारत के लिए कुछ सुविधाएं भी मिल गई थीं। उनकी संख्या जैसे-जैसे बढ़ती गई, गोमांस की खपत भी बढ़ती चली गई।

गो-हत्याओं के विरोध का सिलसिला भी ब्रिटिश साम्राज्यवाद के दिनों में शुरू हुआ था। ब्रिटिश राज ऐसे विरोधों का सख्ती से दमन भी करता था।

इसी प्रकार के दमन का एक प्रसंग पंजाब के मालेरकोटला के गांव जमालपुर का है। वहां के कूका सिखों ने गायों को काटने के लिए ले जाये जाने का गुरु रामसिंह कूका के नेतृत्व में प्रखर विरोध किया। ब्रिटिश सेना ने सबको हिरासत में लेकर क्षमा याचना के लिए दबाव बनाया। परंतु वे टस से मस नहीं हुए। अंततः अदालती कार्रवाई का दिखावा करते हुए अंग्रेज कलेक्टर कोवन ने 50 कूका सत्याग्रहियों को तोप से उड़वा दिया। उसका असर यह हुआ कि मालेरकोटला के हिंदू, सिख और मुस्लिम सबने एकजुट होकर गो-हत्या के विरोध में सत्याग्रह लंबे समय तक जारी रखा।

गाय का राजनीतिक पक्ष है बहुसंख्यक वर्ग की जनसमूहों की भावनाओं के सम्मोहन का। यूपी में गोरक्षक और गोभक्त के रूप में प्रचारित आदित्यनाथ योगी को भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाकर वोटों की राजनीति में नया प्रयोग किया है। इसकी सफलता की संभावना को आजमाने के लिए गुजरात में विधानसभा चुनावों की आहटें सुनते हुए वहां की सरकार ने गोहत्या के लिए उम्रकैद तक की कठोर सजा का प्रावधान कर दिया है। गाय भारतीय, विशेषकर हिंदू मतदाताओं की भावनाओं को झंकृत करती है। फिर भी राष्ट्र केवल भावनाओं की झंकार से लंबे समय तक नहीं चलते। उसके लिए आवश्यकता होती है व्यावहारिक आर्थिक दृष्टि एवं दिशा के साथ ही सामाजिक समरसता की।

सरकारों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में भी विचार करना आवश्यक होता है। मांस का निर्यात भी एक बड़ा व्यवसाय है, जिसमें काफी संख्या में लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। गोवंश की रक्षा को जायज मानते हुए अन्य पशु-पक्षियों के मांस के क्रय-विक्रय को निर्बाध चलने देना चाहिए।

उस बड़ी जनसंख्या का भी ध्यान रखना चाहिए जो परंपरागत रूप से मांसभक्षी है। अवैध बूचड़खाने बंद करना ठीक है, परंतु जन उन्माद का नजला यदि सभी बूचड़खानों पर गिरने लगा तो वह व्यापक राष्ट्रहित में नहीं होगा।

# गांधी और गोहत्या पाबंदी आंदोलन

**सुधांशु कुमार**

हमारा समाज शुरु से ही गायमय रहा है। हालांकि हमारे जीवन में इतने उपयोगी जानवर होते हैं फिर भी हमें गाय पर ही निबंध लिखना पड़ता है। मेरा बस चलता तो मैं कुत्ते पर निबंध लिखता क्योंकि मेरा मानना है कि दुनिया में इससे ज्यादा प्यारा, समझदार और स्वामीभक्त प्राणी कोई और हो ही नहीं सकता है।

किशनजी को भी हमेशा गाय के बीच दिखाया जाता है हालांकि यादव बंधु गाय नहीं भैंसों के जरिए दूध का व्यापार करते हैं। गाय कभी भी व्यापारिक दृष्टि से बहुत लाभकारी नहीं पायी गई। बचपन से आज तक मैंने यही देखा है कि दूध के डेरी पर भी इक्का-दुक्का गाय ही हुआ करती थी जिसका दूध लोग बच्चों के लिए ले जाते थे। दूध की बाकी आपूर्ति भैंसों द्वारा ही की जाती थी। मेरी समझ में आज तक यह नहीं आाया कि बाबा रामदेव जो अपना गाय का घी बेच रहे हैं उसे उपलब्ध करवाने के लिए इतनी ज्यादा गाय या गायों की डेयरी कहां हैं?

मैंने तो जितनी गाये देखी हैं वे ज्यादातर सब्जी मंडियों में कूढ़े के ढेर में मुंह मारती हुई या गोशालाओं में अधमरी ही देखी है। वैसे भी बादल, परिवार या लालू यादव सरीखे अपवादों को छोड़ दे तो बहुत कम गाय ऐसी होगी जो कि इतना दूध देती हो जिससे एक परिवार के लिए भी दूध पूरा हो जाए। फिर भी अमूल से लेकर तमाम देसी घी निर्माता कंपनियां अपने घी के डब्बे पर गाय का ही चित्र छापती है। शायद इसकी एक वजह गाय के प्रति हमारा धार्मिक लगाव है।

वैसे गाय ने 1857 की क्रांति में बहुत अहम भूमिका अदा की थी। तब ब्रिटिश सेना में तैनात हिंदू व मुसलमान सैनिक इसलिए बगावत पर उतर आये थे क्योंकि उन्हें बंदूक में इस्तेमाल किए जाने वाले कारतूस को मुंह से खोलना पड़ता था। उन्हें पता चला कि उसमें गाय व सूअर की चरबी का इस्तेमाल किया जाता है। हिंदू गाय को बेहद पवित्र मानते थे जबकि मुसलमान सूअर को उतना ही अपवित्र। इसलिए दोनों ने ही ब्रिटिश सरकार के खिलाफ बगावत कर दी।

अब फिर गाय पर राजनीति हो रही है। गोहत्या बहुत बड़ा मुद्दा बन चुका है। पहले यह मुसलमानों पर हमले की वजह से बना और अब इसके कारण दलितों को निशाना बनाया गया है। वैसे यह बताना जरुरी हो जाता है कि कांग्रेस ने भी गाय के जरिए राजनीति की। पहले कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी था। इस पार्टी को पता था कि बैलों का भारतीय समाज में क्या महत्व है। प्रेमचंद ने तो हीरा-मोती की जोड़ी पर कितनी मार्मिक कहानी लिखी थी। आजादी के बाद कांग्रेस कुछ दशकों तक लगातार चुनाव जीतती रही। एक बार किसी किसान से पूछा गया कि उसने किसे वोट दिया था तो उसने कांग्रेस का नाम लिया। जब उससे इसकी वजह पूछी गई तो उसने जवाब दिया कि जब मेरे हाथ में बैलट पेपर आया तो मैंने देखा कि दो बैलों की जोड़ी मुझे टुकर-टुकर निहार रही थी। मुझे उन पर दया आ गई और मैंने उसके आगे ठप्पा लगा दिया।



जब 1969 में कांग्रेस का विभाजन हुआ तो उससे यह चुनाव चिन्ह छिन गया और उसने इसकी जगह गाय-बछड़े का चुनाव चिन्ह चुना क्योंकि इसकी उपयोगिता का पता था। हालांकि जब तीसरा विभाजन हुआ तो पार्टी ने गाय बछड़े की जगह, दुहाई करने वाला हाथ चुना। तब से देश को दुहने का जो अभियान शुरु हुआ है तो वह बदस्तूर जारी है।

अपना मानना है कि कांग्रेस ने सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए ही गाय के प्रति लगाव दिखाया। उसको इससे कुछ लेना देना नहीं था। महात्मा गांधी से लेकर इंदिरा गांधी कोई नहीं चाहता था कि गो-हत्या पर प्रतिबंध लगाया जाए। हाल ही में कुछ दस्तावेज हाथ लगे हैं जो बताते हैं कि अहिंसा प्रेमी बापू गोहत्या पर प्रतिबंध लगाए जाने के खिलाफ ही नहीं थे बल्कि उन्होंने तो उसे सही ठहराया था। बापू हर दिन प्रार्थना के बाद भाषण दिया करते थे।

# मांस खाना एक क्रूरता पूर्वक कार्य है: स्वामी विवेकानंद

**विवेकानंद** द्वारा वेदों में मांस भक्षण की मान्यता वैदिक ज्ञान के प्रति उनकी अज्ञानता, पाश्चात्य विद्वानों का उन पर प्रभाव के अतिरिक्त उनकी मांसाहार के प्रति लालचीपन को प्रदर्शित करती है। ना केवल विवेकानंद मांस भक्षण किया करते थे अपितु इनके गुरु स्वामी राम कृष्ण परमहंस भी मांस भक्षण किया करते थे। स्वामी राम कृष्ण परम हंस को स्वामी विवेकानंद ईश्वर का अवतार घोषित करते थे, लेकिन ये कैसी विडम्बना थी की वो तथाकथित ईश्वर अपने लिए स्वयं मांस का निर्माण करने में असमर्थ था और अपनी मांस खाने की लालसा को निरीह प्राणियों के जीवन लीला समाप्त करके पूरा किया करता था। स्वामी विवेकानंद और स्वामी राम कृष्ण परमहंस शायद ये भूल गए कि जिस काली को वे कण-कण में देखते हैं, समस्त संसार को काली में ही व्याप्त मानते हैं वह आपकी काली मां इन प्राणियों में भी तो वास करती है क्या इन निरीह प्राणियों में उस मां का निवास नहीं है?

क्या ये प्राणी उसके बच्चे नहीं है? क्या कोई मां अपने बच्चों पर इतनी निर्दयी हो सकती है कि वो उसकी उत्तम कृति मनुष्य को दूसरे प्राणियों को मारने की आज्ञा दे दे? प्राय यह देखा जाता है कि उत्तम संतान अपने से छोटे और असहाय का ध्यान रखते हैं उसी प्रकार ईश्वर भी इसी नियम का पालन करता है और मनुष्य के लिए भोजन पैदा करने से पहले वह पशुओं के लिए भोजन की व्यवस्था करता है। मनुष्य को अपने भोजन की व्यवस्था करने के लिए परिश्रम करना पड़ता है। स्वामी विवेकानंद को मांस भक्षण में होनेवाली बर्बरता और क्रूरता का पूर्ण ज्ञान था लेकिन फिर भी वो मांस भक्षण किया करते थे ये उनकी मांस खाने के लिए ललक को ही प्रदर्शित करता है जिसके लिए वो सारे सिद्धांतों एवम संस्कारों को तिलाजंलि देने को तत्पर रहा करते थे। प्राणियों को अपना बंधुगण बताते हुए स्वामी विवेकानंद कहते हें कि मुझे पता है कि ये गलत है कि अपने स्वार्थ के लिए किसी के प्राण लिए लिए जायें लेकिन में इसके लिए विवश हो जाता हूं। मैं स्वयं एक कट्टर शाकाहारी न भी होऊं किन्तु में उस आदर्श को समझता हूं। जब में मांस खाता हूं तब जानता हूं कि यह ठीक नहीं है।



परिस्थितिवश उसे खाने को बाध्य होने पर भी में यह जानता हूं कि यह क्रूरता है। आदर्श नीचा करके अपनी दुर्बलता का समर्थन मुझे नहीं करना चाहिए। आदर्श यही है। मांस न खाया जाये। किसी भी प्राणी का अनिष्ट न किया जाये, क्योंकि पशुगन भी हमारे भाई हैं।